* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 236 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, गुरुवार, 22 जनवरी 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com




छपरा में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक छात्र की चाकू मारकर हत्या

**लखीसराय (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के किऊल थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर बुधवार सुबह एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। मैट्रिक के सेंटअप छात्र की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान किऊल थाना क्षेत्र के गोढीह गांव निवासी मनोज यादव के पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एक नाबालिग आरोपी को मौके से पकड़कर किऊल थाना पुलिस के हवाले कर दिया जबकि मुख्य आरोपी का पिता रुदल यादव फरार बताया जा रहा है।

### छूटे शिक्षकों को एक सप्ताह में मिलेगा दिसंबर का वेतन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने सप्ताह भर में छूटे हुए शिक्षकों का वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया है। बुधवार को स्कूलों के शिक्षकों के वेतन भुगतान की स्थिति की समीक्षा में उन्होंने पाया कि 99 प्रतिशत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी यानी लगभग छह हजार को दिसंबर का वेतन नहीं मिला है। समीक्षा में पाया गया कि दरभंगा में 97, वैशाली में 98 और समस्तीपुर में 98 प्रतिशत शिक्षकों को वेतन मिला है। वेतन भुगतान प्राप्त नहीं करने वाले शिक्षकों के आंकड़ों में सेवानिवृत्त और त्यागपत्र देने वाले शिक्षकों के साथ ही मृत और शिक्षक और कर्मियों का भी आंकड़ा शामिल कर लिया गया है।

### डीएसपी के फ्लैट में काम करने वाली नौकरानी की संदिग्ध मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खबरा स्थित विजय इन्क्लेव अपार्टमेंट में बुधवार को डीएसपी के फ्लैट में काम करने वाली महिला की गिरकर मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब महिला पांचवीं मंजिल से लौट रही थी और लिफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण यह दुर्घटना हो गई। मृतका की पहचान दरभंगा जिले के अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी पुनीता देवी के रूप में हुई है। वह डीएसपी अभिजीत अल्केश के फ्लैट में घरेलू काम करती थीं। डीएसपी वर्तमान में पटना में तैनात हैं जबकि मुजफ्फरपुर स्थित फ्लैट में उनका परिवार रहता है।

### चर्चित मन्नु हत्याकांड में चार को उम्रकैद

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के अगरेर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के चर्चित मन्नु कुमार की करीब पौने सात साल पहले हुई हत्या के मामले में चतुर्थ जिला जज अनिल कुमार की अदालत ने बुधवार को सजा पर फैसला सुनाया। इस क्रम में सभी चार दोषियों को उम्रकैद की सजा मिली और उन पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोषियों ने युवक का चाकू से पेट फाड़कर उसका गुप्तांग काट पौधे पर लटका दिया था। सजा पानेवालों में मृतक की प्रेमिका सुमन देवी उर्फ चुमन देवी, उसका पति प्रभाकर सिंह उर्फ प्रकाश चौधरी, प्रेमिका के पिता रोहतास जिला के भगवानपुर निवासी दुखेश्वर चौधरी एवं उसका भाई फूलचंद शामिल है। वारदात 4 मार्च 2019 को हुई थी। मामले की प्राथमिकी मृतक के पिता अशोक चौधरी ने दर्ज कराई थी।

## मुख्यमंत्री ने छपरा में 69 योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन

# शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'समृद्धि यात्रा' के तहत बुधवार को सारण का दौरा किया। यहां उन्होंने जिले को 540 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि जब से वह सरकार में आए हैं, लगातार काम कर रहे हैं। इसका नतीजा है कि बिहार हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अगले पांच साल में एक करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देगी। छपरा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 451 करोड़ रुपये की 45 योजनाओं का शिलान्यास जबकि 87 करोड़ की 24 योजनाओं का शुभारंभ किया। इसके साथ ही छपरा सदर में जीविका सिलाई केंद्र और अन्य विभागीय स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी सीएम



सम्राट चौधरी और मंत्री विजय कुमार चौधरी भी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की प्राथमिकता है। लगातार स्कूल-कॉलेज और अस्पताल खोले जा रहे हैं। युवाओं की पढ़ाई से लेकर रोजगार तक की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। सीएम ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जीविका और अन्य क्षेत्र में भी नौकरी और रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार देश के अन्य विकसित राज्यों की श्रेणी में आ जाएगा लेकिन इसके लिए आप सब को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में काम मिले, इसके लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। बिहार में देश की सबसे बेहतर औद्योगिक नीति को लागू किया गया है। यहां उद्योग लगाने के लिए सरकार एक रुपये में जमीन उपलब्ध करा रही है। 15 दिनों में लोन मंजूर किया जा रहा है। इसके बाद बिहार में सेमीकंडक्टर तक की फैक्ट्रियां लग रही हैं। सीएम ने कहा कि छपरा में एयरपोर्ट का भी निर्माण कराया जाएगा, जिससे सारण और आसपास के जिलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री छपरा हवाई अड्डे से सीधे छपरा सदर कार्यालय पहुंचे और वहां का निरीक्षण किया। सिलाई केंद्र का भी निरीक्षण किया। महिला आईटीआई का निरीक्षण करने के बाद छपरा में बन रहे नवनिर्मित बस स्टैंड के मैदान में सभा को संबोधित किया।

## 15 हजार रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के नरपतगंज अंचल कार्यालय स्थित हल्का कचहरी में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई, पटना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरही पंचायत में तैनात राजस्व कर्मचारी मोहम्मद इम्तियाज आलम को 15 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी राजस्व कर्मचारी रामघाट वार्ड संख्या-14 निवासी किसान कमलेश्वरी यादव से जमीन परिमार्जन (नाम और रकबा सुधार) के नाम पर लगातार अवैध राशि की मांग कर रहा था। पीड़ित किसान ने बताया कि इससे पहले भी कर्मचारी को पैसे दिए गए थे, इसके बाद भी काम नहीं किया गया। किसान कमलेश्वरी यादव के अनुसार रिश्वत देने के बाद भी जब काम नहीं हुआ तो आरोपी कर्मचारी ने फिर से 20 हजार की अतिरिक्त मांग कर दी। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर किसान ने निगरानी विभाग का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित किसान पटना पहुंचा और विशेष निगरानी इकाई, पटना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने योजना बनाकर जाल बिछाया और आरोपी को पकड़ने की कार्रवाई की। मंगलवार की शाम जैसे ही मोहम्मद इम्तियाज आलम ने 15 हजार रिश्वत की राशि ली, मौके पर मौजूद निगरानी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से आवश्यक पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे पटना ले जाया गया। इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व विशेष निगरानी इकाई पटना के डीएसपी संजय कुमार वर्मा कर रहे थे। टीम में एसआई अजय कुमार सिंह, अविनाश कुमार झा, त्रिपुरारी प्रसाद, रंजीत कुमार और पीटीसी दिलीप कुमार शामिल थे। इस कार्रवाई के बाद नरपतगंज अंचल कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमि से जुड़े कार्यों में रिश्वतखोरी आम हो गई थी और निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से भ्रष्ट कर्मचारियों में डर का माहौल पैदा हुआ है। वहीं आम नागरिकों ने इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत और सख्त संदेश बताया है।

## अपने विवेक से करें जमानत संबंधी मामलों का निपटारा : मुख्य न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने बुधवार को बिहार के सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को अपने विवेक से जमानत संबंधी मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने यह महत्वपूर्ण बातें कही। चीफ जस्टिस साहू के साथ ही जस्टिस प्रभात कुमार सिंह, जस्टिस नवनीत कुमार पांडेय, जस्टिस सत्यव्रत वर्मा, जस्टिस राजेश कुमार वर्मा, जस्टिस चन्द्रशेखर झा और जस्टिस आरपी मिश्रा ने भी सभी को दिशा निर्देश दिया। जमानत से जुड़े मामलों में मुख्य न्यायाधीश का यह निर्देश अहम है। जस्टिस संगम कुमार साहू ने स्पष्ट रुप से सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों से कहा कि तीन से सात साल की सजा के मामले में भी लोगों को निचली अदालत से अग्रिम जमानत या नियमित जमानत नहीं दी जाती है। इसके कारण हाईकोर्ट में जमानत संबंधी याचिकाओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकांश समय उन मामलों के निपटारे में ही निकल जाता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हाईकोर्ट एक संवैधानिक कोर्ट है और उसके समक्ष अनेक महत्वपूर्ण मामले सुनवाई के लिए लंबित हैं लेकिन अग्रिम जमानत और नियमित जमानत की याचिकाओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि के कारण अन्य महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई नहीं हो पाती है। जस्टिस साहू ने कहा कि इसलिए अब निचली अदालतों को अपने स्तर से सकारात्मक रुख अपनाते हुए जमानत संबंधी याचिकाओं का निपटारा करना चाहिए ताकि हाईकोर्ट का बोझ कम हो सके और लोगों को भी सही ढंग से राहत मिल सके।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले के राजपुर थाना अंतर्गत रोहिणी भान के पास चौसा-मोहनिया स्टेट हाइवे पर बुधवार को दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण तीन युवकों की मौत से चीख पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर कुछ पल के लिए अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोहिणी भान के समीप एक बस को ओवरटेक करने के दौरान दोनों बाइक आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक करीब 10 से 15 फीट तक हवा में उछल गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही दो युवकों ने दम तोड़ दिया जबकि अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने तीसरे जख्मी युवक को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दो अन्य जख्मी को प्राथमिक उपचार के बाद बनारस रेफर कर दिया गया है। इस टक्कर के बाद दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। एक मृतक की पहचान बनारपुर निवासी सूर्यदेव कुमार के रूप में हुई है। सूर्यदेव कुमार पटना में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। परिजनों के अनुसार उनकी शादी फरवरी महीने में तय थी। शादी की तैयारियां चल रही थीं। राजपुर थाना प्रभारी निवास कुमार ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में कुल तीन युवकों की मौत हुई है जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों की पहचान रितेश सिंह (पिता वंशी सिंह) और रूपेश सिंह (पिता नंदकिशोर सिंह), दोनों बनारपुर निवासी बताये जाते है। दोनों अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोहनिया की ओर जा रहे थे।

## गंडक नदी में महिला-पुरुष ने लगाई छलांग, मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई। कौनहारा श्मशान घाट के पास दियरा में गंडक नदी में एक महिला और एक पुरुष ने एक साथ छलांग लगा दी। घटना में पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला को इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। दोनों शवों की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस सोशल मीडिया और स्थानीय लोगों की मदद से पहचान करने में जुटी है। हालांकि पुलिस का अनुमान है कि दोनों पति-पत्नी हो सकते हैं।

## शेखपुरा और वैशाली में नए खनिज विकास पदाधिकारी तैनात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** खान एवं भूतत्व विभाग ने पांच पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत वैशाली और शेखपुरा में नए जिला खनिज विकास पदाधिकारी की तैनाती हुई है। वहीं मुजफ्फरपुर और भागलपुर जिले का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विभागीय अधिसूचना के मुताबिक शेखपुरा जिला खनन कार्यालय के सहायक निदेशक राजेश कुमार कुशवाहा विभाग के अन्वेषण निदेशालय में सहायक निदेशक बने हैं। मुजफ्फरपुर अंचल कार्यालय की खनिज विकास पदाधिकारी बीना कुमारी को वैशाली जबकि मुख्यालय में तैनात सचिन प्रकाश को शेखपुरा का खनिज विकास पदाधिकारी बनाया गया है। मुजफ्फरपुर अंचल कार्यालय के उप निदेशक मो. अखलाक हुसैन को मुजफ्फरपुर और बांका के खनिज विकास पदाधिकारी बलवंत कुमार को भागलपुर के खनिज विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## सुल्तानगंज में बनेगा बिहार का पहला शिव कॉरिडोर

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सुल्तानगंज में बिहार का पहला शिव कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया है। कॉरिडोर निर्माण के लिए गंगा के किनारे रेलवे की जमीन के बदले दूसरी जगह की भूमि दी जाएगी। एक्सचेंज नीति के तहत जिला प्रशासन ने रेलवे को तीन जगह की जमीन देने का निर्णय लिया है। इसको लेकर समाहर्ता ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव को निःशुल्क भू-स्थानांतरण के लिए पत्र भेजा है। विभाग की मंजूरी के बाद लैंड एक्सचेंज (बदलने) का काम किया जाएगा। इसके बाद सुल्तानगंज में भी उज्जैन एवं वाराणसी की तरह कॉरिडोर का निर्माण संभव है। जानकारी के मुताबिक अजगैवीनाथ मंदिर के पास कॉरिडोर के साथ-साथ धर्मशाला आदि के निर्माण के लिए चिह्नित जमीन रेलवे की है। इसलिए जिला प्रशासन ने रेलवे की 17 एकड़ 47.625 डिसमिल जमीन के बदले जगदीशपुर हॉल्ट के पास बिहार सरकार की 18.98 एकड़, बरारी के समीप 0.6 डिसमिल और सुल्तानगंज में एनएच के आईबी के पास वाली 0.7 एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है।

## जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया तो भी आती रहेगी पेंशन

### पंचायत-प्रखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अगर आप बिहार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी हैं तो नीतीश सरकार ने आपको बड़ी राहत दी है। बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा आदि लाभार्थियों का अगर जीवन प्रमाणीकरण नहीं हो पाया है तो उनकी पेंशन बंद नहीं की जाएगी। बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी त्रुटि के कारण किसी भी व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा पेंशन बंद नहीं होगी। जो भी लाभुक कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना जीवन प्रमाणीकरण नहीं करा पाएंगे उनके घर जाकर जांच कर जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर इसके लिए शिविर भी लगाए जाएंगे। पिछले साल जून महीने की तुलना में पेंशन राशि में बढ़ोतरी के बाद बिहार में छह लाख पेंशनधारक बढ़ गए हैं। बुधवार को पटना स्थित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी शासित सभी निदेशालय के निदेशक भी मौजूद रहे। दरअसल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को हर साल यह साबित करना होता है कि वे जीवित हैं। नियमों के अनुसार अगर कोई लाभार्थी जीवन प्रमाणीकरण कराने में विफल रहता है तो उसकी पेंशन रोक दी जाती है। मौजूदा लाभार्थियों को 31 जनवरी तक जीवन प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है।






# बिहार की सभी बंद चीनी मिलें होंगी चालू : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि राज्य की सभी बंद पड़ी चीनी मिलों को चरणबद्ध तरीके से चालू किया जाएगा। साथ ही बिहार में बड़े पैमाने पर उद्योगों का जाल बिछाया जा रहा है ताकि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि अब बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली के साथ-साथ उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार मिले। इसके लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है और बिहार में देश की सबसे बेहतर औद्योगिक नीति लागू की



गई है। बिहार में उद्योग लगाने के लिए सरकार मात्र एक रुपए में जमीन उपलब्ध करा रही है और 15 दिनों के भीतर लोन स्वीकृत किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि अब बिहार में सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक फैक्ट्रियां भी लग रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यात्राओं के लिए जाने जाते हैं। न्याय यात्रा, प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा के माध्यम से उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित कर बिहार के विकास की मजबूत नींव रखी है। इन यात्राओं के दौरान जनता की जरूरतों को समझते हुए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसे बुनियादी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में घर-घर बिजली पहुंचाने का सपना साकार हुआ है। एक समय था जब बिहार के शहरों में भी मुश्किल से पांच घंटे बिजली मिलती थी लेकिन आज गांवों में भी 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में राज्य के करीब एक करोड़ 90 लाख परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है जिससे लगभग एक करोड़ 70 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य हो गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सड़कों का अभूतपूर्व विकास हुआ है। गांव-गांव ही नहीं बल्कि गली-गली तक सड़कों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार ने युवा कौशल विकास विभाग का गठन किया है। बिहार के युवाओं को कौशल युक्त बनाया जा रहा है ताकि वे नए उद्योगों में बेहतर अवसर पा सकें। पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख सरकारी नौकरी और रोजगार दिए गए हैं जबकि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य तय किया गया है।

# कृषि निर्यात में बिहार की ऐतिहासिक छलांग, 2 मीट्रिक टन मिथिला मखाना दुबई रवाना

## बिहार के किसानों एवं कृषि विभाग की बड़ी उपलब्धि : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार ने कृषि निर्यात के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार जीआई-टैग मिथिला मखाना का समुद्री मार्ग से पूर्णिया जिला से दुबई के लिए सफलतापूर्वक निर्यात किया। 2 मीट्रिक टन की यह ऐतिहासिक खेप 21 जनवरी 2026 को भेजी गई। यह निर्यात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, बिहार सरकार तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), पटना के सहयोग से हुआ। मिथिला मखाना जिसे भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त है। बिहार के मिथिला क्षेत्र का पारंपरिक एवं पोषक कृषि उत्पाद है। समुद्री मार्ग से इसका सफल निर्यात यह दर्शाता है कि बिहार अब अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग, ट्रेसबिलिटी और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो चुका है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव की अध्यक्षता में एक वर्चुअल फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि जीआई-टैग उत्पादों का निर्यात किसानों की आय बढ़ाने और राज्य की वैश्विक पहचान मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कृषि मंत्री ने मखाना के दुबई निर्यात को सफल बनाने में सहयोग के लिए एपीडा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मखाना को वैश्विक पहचान मिली है जिससे भारतीय कृषि उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सशक्त रूप से स्थापित हो रहे हैं। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मखाना जैसे विशिष्ट उत्पादों के माध्यम से विकसित बिहार और विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि निर्यात से मखाना मूल्य श्रृंखला से जुड़े किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और कृषि उद्यमियों को नए बाजार अवसर प्राप्त होंगे तथा भविष्य में बिहार से अन्य जीआई-टैग और मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों के निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि यह निर्यात बिहार के किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं मील का पत्थर सिद्ध होने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच स्थापित होने से मखाना उत्पादक किसानों को उनके उत्पाद का उचित और लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा जिससे उनकी आय में निरंतर एवं स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस समारोह में नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग, डॉ. बीरेंद्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग अभिषेक देव, अध्यक्ष, एपीडा शैलेन्द्र कुमार, विशेष सचिव-सह-निदेशक (कृषि विपणन), अभिषेक कुमार, निदेशक, उद्यान एवं प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य उद्यान मिशन/बिहार फल एवं सब्जी विकास निगम अंशुल कुमार, जिलाधिकारी, पूर्णिया डॉ. सुधांशु, सचिव, एपीडा, डॉ. तरुण बजाज, निदेशक, बीईडीएफ, एपीडा तथा श्रीमन प्रकाश विजय, उप महाप्रबंधक, एपीडा शामिल थे।

# नराकास (उपक्रम) पटना के तत्वावधान में पावरग्रिड द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के राजभाषा अनुभाग द्वारा नराकास (उपक्रम) पटना के तत्वावधान में भव्य कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (परिसंपत्ति प्रबंधन) विष्णु प्रकाश श्रीवास्ताव एवं रजत प्रसाद, वरि. महाप्रबंधक (मा.सं.) तथा सुनिल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (मा.सं.), भारत संचार निगम लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तथा कर्मचारियों को हिंदी प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना था। कविता पाठ प्रतियोगिता में नराकास (उपक्रम) पटना के विभिन्न सदस्य कार्यालय के प्रतिभागियों ने अपने कविता पाठ से सभी का मन मोह लिया एवं उन्होंने अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण एवं विचारोत्तेजक कविताओं एवं गीतों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविताओं में राष्ट्रभाव, सामाजिक सरोकार, हास्य-व्यंग्य एवं मानवीय संवेदनाओं की प्रभावशाली अभिव्यक्ति देखने को मिली जिसे उपस्थित श्रोताओं ने भरपूर सराहा। कविता पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में आनंद बिहारी, सत्राची फाउंडेशन एवं विजय कुमार पाण्डेय, वरि. राजभाषा अधिकारी, यूनियन बैंक शामिल थे एवं उन्होंने कविता पाठ प्रतियोगिता के आयोजन पर पावरग्रिड को बधाई दी एवं सभी प्रतिभागियों के प्रतिभा का लोहा माना। रंजीत कुमार, कार्यपालक सचिव (राजभाषा), पावरग्रिड ने स्वागत संबोधन किया एवं कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आलोक सुमन दुबे, सदस्य सचिव, नराकास (उपक्रम), पटना एवं सभी सदस्य कार्यालय के राजभाषा अधिकारी एवं प्रभारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित प्रतिभागियों, मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के साहित्यिक गतिविधियों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया गया।

# मुख्यमंत्री को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाणन का प्रमाण-पत्र किया गया भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स के प्रतिनिधियों ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किए गए विभागीय सुधार एवं नवाचार हेतु अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन का प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। ज्ञातव्य है कि बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह प्रमाणन इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स द्वारा 12 जनवरी 2026 को सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर को प्रदान किया गया है जो वर्ष 2029 तक वैध रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों में कार्यस्थल के नवीनीकरण, सुव्यवस्थितीकरण, विभागीय कार्य प्रणाली में आमूल-चूल सुधार, पारदर्शिता तथा नवाचार को प्राथमिकता देते हुए आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त करने की दिशा में सतत प्रयास किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मोहम्मद सोहैल, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव संजय कुमार, इंडियन रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स के डी0जी0एम0 तरूण स्वरूप एवं आफताब आलम सहित सामान्य प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जनता के प्रति जवाबदेही से ही लोकतंत्र विश्वसनीय : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार उत्तर प्रदेश विधान सभा, लखनऊ में आयोजित 86 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्लेनरी सत्र में अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह विषय शासन की आत्मा से जुड़ा हुआ है। जनता के प्रति जवाबदेही से ही लोकतंत्र की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुदृढ़ होती है। लोकतंत्र में सत्ता का स्रोत जनता होती है और विधायिका जनता की इच्छा की प्रतिनिधि संस्था के रूप में उसके प्रति उत्तरदायी रहना अपना मूल दायित्व मानती है। इस जवाबदेही के तीन आधार हैं- पारदर्शिता, निगरानी और नागरिक सहभागिता। विधायिका की जवाबदेही का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आधार पारदर्शिता है। सदन की कार्यवाही, विधायी बहसें, प्रश्नोत्तर, समितियों का प्रतिवेदन और विधेयकों पर विचार- ये सभी प्रक्रियाएं जितनी अधिक खुली और सुलभ होंगी, जनता का विश्वास उतना ही सुदृढ़ होगा। आज प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्यवाही का सीधा प्रसारण, डिजिटल अभिलेख और सार्वजनिक पोर्टलों पर सूचनाओं की उपलब्धता ने विधायिका और नागरिकों के बीच की दूरी को कम किया है।

**जवाबदेही का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है-** निगरानी और नियंत्रण। विधायिका का दायित्व है कि वह कार्यपालिका की नीतियों, व्यय और प्रशासनिक निर्णयों की प्रभावी समीक्षा करे। हमारी प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली में लोक महत्व के विषय उठाने और सरकार को स्थिति स्पष्ट करने के लिए बाध्य करने के कई उपकरण निर्धारित हैं। प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव और समितियों की भूमिका इसी उद्देश्य की पूर्ति करती हैं जब ये उपकरण सक्रिय और सार्थक ढंग से प्रयुक्त होते हैं, तब शासन अधिक उत्तरदायी और संवेदनशील बनता है। समितियों के सुझाव न केवल प्रशासनिक सुधार को बढ़ावा देती है, बल्कि जनता के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित करती है।जवाबदेही विधायकों के व्यक्तिगत आचरण और नैतिक उत्तरदायित्व से भी जुड़ी है। सदस्यों का यह कर्तव्य है कि वे सदन में तथ्यपरक, मर्यादित और जनहित-केन्द्रित विमर्श करें। तीसरा बिंदु यानी नागरिक सहभागिता भी जवाबदेही को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है। जन-संवाद और मीडिया के माध्यम से जनमत की अभिव्यक्ति- ये सभी विधायिका को जनता की अपेक्षाओं से जोड़ते हैं जब नागरिक सक्रिय होते हैं और विधायिका संवाद के लिए तत्पर रहती है, तब लोकतंत्र जीवंत और सशक्त बनता है। इसके अलावा डिजिटल तकनीकी और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस ने अधिकार और जवाबदेही दोनों को सहज बनाया है। इनसे सीखना भी होगा और इनके माध्यम से अपने दायित्व का निर्वहन भी करना होगा। मैं यह कहना चाहूंगा कि जनता के प्रति जवाबदेही कोई औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता का मूल तत्व है। विधायिका जितनी अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील होगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। बिहार विधान सभा इस मूल भावना के साथ निरंतर कार्यरत है और भविष्य में भी जनता के विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के दस वर्ष पूर्ण होने पटना में 'बिल्ड द स्किल' विषय पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तत्वावधान में आज पटना में 'बिल्ड द स्किल' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलखन खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनते जा रहे हैं और आने वाले समय में बिहार की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में स्टार्टअप्स की अहम भूमिका होगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध स्टार्टअप मेंटर एवं एंजेल इन्वेस्टर हरि बाल सहुश्रुम ने कहा कि वर्ष 2026 तक भारत में स्टार्टअप्स की संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप्स के माध्यम से देश में अब तक 21 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सिडबी, बिहार की महाप्रबंधक अनुपा प्रसाद उपस्थित रहीं। उन्होंने सिडबी द्वारा स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय योजनाओं और सहयोगात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और जनसामान्य को ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रखंड के गोबिंदपुर स्थित प्रेम यूथ फाउंडेशन में एक डिजिटल शिक्षा सह साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फतुहा एसडीपीओ 1अवधेश प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक शशांकी प्रिया, वरिष्ठ पत्रकार बिष्णु नारायण चौबे एवं फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। साइबर विशेषज्ञ एसडीपीओ अवधेश प्रसाद ने साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला जिनमें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी ठगी, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन और सोशल इंजीनियरिंग शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से तत्काल सूचना देकर राहत प्राप्त की जा सकती है। एसआई शशांकी प्रिया ने फेक लिंक और डिजिटल भुगतान से जुड़ी ठगी के तरीकों की गहन जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया कि कैसे यूपीआई फ्रॉड, फेक कॉल, एसएमएस स्कैम और फिशिंग ईमेल के जरिए नागरिकों को ठगा जाता है। वरिष्ठ पत्रकार बीएन चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# रांची-नई दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड पर स्थित मोहम्मदगंज स्टेशन पर गाड़ी सं. 12877/12878 रांची-नई दिल्ली-रांची गरीबरथ एक्सप्रेस का 23 जनवरी 2026 से प्रायौगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया। 23 जनवरी 2026 से गाड़ी सं. 12877 रांची-नई दिल्ली गरीबरथ एक्सप्रेस 22.49 बजे मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचेगी और 22.51 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 12878 नई दिल्ली-रांची गरीबरथ एक्सप्रेस 03.36 बजे मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचेगी और 03.38 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# स्वच्छता एवं सफाई पर आधारित निबंध, क्विज तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान हाजीपुर के द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सहित विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली (बिहार) में किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित लगभग 130 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर आधारित वीडियो दिखाया गया। इसके उपरांत स्वच्छता एवं सफाई विषय पर आधारित निबंध, क्विज तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता जागरूकता से संबंधित नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उपहार गिववेज प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जितेंद्र कुमार ने स्वच्छता कार्यक्रम के लिए पी.एम. जे.एन.वी. विद्यालय के चयन हेतु आई.एच.एम. हाजीपुर एवं पर्यटन मंत्रालय का धन्यवाद किया तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के बीच एक सकारात्मक संदेश जाता है और वे स्वच्छ रहने के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण बनाने के गुण भी सीखते हैं। नीलिमा वर्मा (उप-प्राचार्य, पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, वैशाली) ने स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा इसकी उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। अनुपम कुमार (वरिष्ठ व्याख्याता, आई.एच.एम. हाजीपुर) ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छता एक्शन प्लान पर आधारित भारत में होने वाले नवीन कौशल एवं तरीकों जैसे–कचरा प्रबंधन, सीवेज वॉटर ट्रीटमेंट, रीसाइक्लिंग आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी देना एवं उन्हें जागरूक करना है। सुमित चटर्जी (विभागाध्यक्ष) ने कहा कि स्वच्छता आतिथ्य सत्कार की रीढ़ है और इस योजना के माध्यम से छात्र राष्ट्रीय विरासत का सम्मान करने वाले जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार हो रहे हैं। नीरज कुमार (व्याख्याता) ने विद्यार्थियों के कौशल प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें स्वच्छता की नई तकनीकों एवं कौशल से जागरूक करने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक स्वच्छ एवं स्वागतयोग्य भारत की छवि प्रस्तुत होगी। मुर्तजा कमाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है जिसे 21 जनवरी 2026 को पी.एम. श्री जे.एन.वी. हाजीपुर में आयोजित करने के बाद 30 जनवरी एवं 6 फरवरी को पटना एवं सोनपुर के विद्यालयों में भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता आधारित योजनाओं एवं उनके महत्व को ऑडियो-विजुअल माध्यम से साझा किया जाएगा तथा पर्यटकों के साथ अच्छे व्यवहार एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जे.एन.वी. वैशाली के फैकल्टी अमरेंद्र कुमार एवं डॉ. चंद्र माधव सहित आई.एच.एम. हाजीपुर के छात्र सर्वजीत, सचिन, विवेक, शहरयार, मनीष आदि का भरपूर सहयोग रहा तथा मंच संचालन सौम्या सौरव ने किया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है। नवीन जी की पहचान एक युवा, ऊर्जावान और कर्मठ नेता की रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि नितिन नवीन अपने संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए इस महती भूमिका का निर्वहन कुशलतापूर्वक करेंगे। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।

# एसडीएम की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज (पटना)।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चंदन कुमार ने की। इस बैठक में पालीगंज एसडीपीओ-1 राजीव चंद्र सिंह, पालीगंज अंचल अधिकारी महेश कुमार, बिक्रम अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष सुमन कुमार सहित अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सरस्वती पूजा भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पूजा के दौरान डीजे बजाने और अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सरकारी व निजी विद्यालयों में पूजा के नाम पर किसी भी प्रकार की अशोभनीय गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए। एसडीपीओ ने सभी स्कूल संचालकों और प्रधानाध्यापकों से अपील की कि वे अपने-अपने संस्थानों में पूजा के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई छात्र शरारत करता है तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। अधिकारियों ने बच्चों से भी अपील की कि वे सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण, अनुशासित और भक्तिमय वातावरण में मनाएं। ताकि पर्व की गरिमा बनी रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज (पटना)।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चंदन कुमार ने एक समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक अनुमंडल कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं स्कूल संचालक शामिल हुए। बैठक में एसडीएम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, झंडोत्तोलन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए गौरव का दिन है, इसलिए समारोह में अनुशासन और देशभक्ति की भावना झलकनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी को समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। इस अवसर पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, डीसीएलआर जनक कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक आभा कुमारी, पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार,सहित स्कूल संचालक उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

# जनता दरबार में जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों की समस्याएं सुनीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ी गोला।** अकोढ़ी गोला प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और जनता दरबार को लेकर अकोढी गोला प्रखण्ड परिसर पहुंची जिलाकारी उदिता सिंह। जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद से पहले प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार ने प्रखंड के अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ फूलमाला एवं बुके देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जनप्रतिनिधियों के द्वारा मुख्य समस्या खाद की मंहगाई, जमीन विवाद, काव नदी में बाढ़ आदि रखी गई। जनता दरबार में ज्यादा समस्या भूमि विवाद को लेकर आई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय परिसर में लगे विभिन्न विभागीय एवं सामाजिक स्टालों का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर बुनकरों द्वारा लगाए गए स्टाल एवं छात्रों के रचनात्मक प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की गई। साथ ही लोहिया स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उन्होंने स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देने पर बल देते हुए आमजन से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी किसान बंधुओं से अपील की कि द्वितीय चरण के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, कृषि सब्सिडी, फसल सहायता एवं डिजिटल सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा किसानों को सीधे योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा आदर्श महिला साक्षरता केंद्र, उर्दू मध्य विद्यालय, अकोढ़ी में एक प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने 5 नवसाक्षर महिलाओं को साक्षरता प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। यह पहल महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि रोहतास जिला में सुशासन एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हत्या मामले में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** अगरेर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में सात वर्ष पूर्व हुए 14 वर्षीय मनु कुमार की नृशंस हत्या मामले में जिला जज चतुर्थ की अदालत ने चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में सुमन देवी उर्फ चूमन देवी, दूधेश्वर चौधरी, फूलचंद चौधरी और प्रकाश चौधरी शामिल हैं। सभी अभियुक्त भगवानपुर गांव, थाना अगरेर के निवासी हैं। अदालत ने सभी अभियुक्तों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामले की प्राथमिकी मृतक के पिता अशोक चौधरी के लिखित आवेदन के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसका विचारण उक्त न्यायालय में चल रहा था। अपर लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना पांच मार्च 2019 की है। उस दिन शाम करीब सात बजकर बीस मिनट पर मनु कुमार घर से खाना खाकर बिना बताए कहीं चला गया था। रात ग्यारह बजे तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन पूरी रात खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह करीब नौ बजे गांव के ही कृष्णा चौधरी खेत में पटवन के लिए गए, जहां उन्होंने खेत में मनु की रक्तरंजित लाश पड़ी देखी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सरसों के खेत में शव देखा। मनु के शरीर पर चाकू से गोदने के कई निशान थे। उसका कटा हुआ लिंग भी सरसों के खेत में पड़ा मिला। जांच के दौरान हत्या के पीछे अवैध संबंध का मामला सामने आया। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में कुल नौ गवाहों की गवाही दर्ज कराई गई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने चारों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंची विधायक स्नेहलता कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा सोमवार को जदयू नेता धीरज मिश्रा के आवास पर पहुंचीं और उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि जदयू नेता धीरज मिश्रा के पिता, स्वर्गीय सुरेंद्र मिश्रा का हाल ही में निधन हो गया था। वे स्थानीय राधा शांता महाविद्यालय में टेक्नीशियन विभागाध्यक्ष पद से 2014 मे सेवानिवृत हुए थे। विधायक स्नेहलता ने स्वर्गीय सुरेंद्र मिश्रा को श्रद्धांजलि दी और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग एवं मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जदयू के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सुरेंद्र मिश्रा के व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए।

## सड़क दुर्घटना में दो वृद्धों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के डिहरी व इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो वृद्ध की मौत हो गई। दोनों के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि 75 वर्षीय मृतक महेंद्र प्रसाद सिंह सासाराम के जगजीवन सेवा आश्रम के निवासी हैं। वे 20 जनवरी की सुबह घर से निकले थे। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और सोशल मीडिया से लेकर रोहतास पुलिस के साइबर ग्रुप में भी इनकी सूचना डाली गई थी। अभी परिजन उनकी खोजबीन कर ही रहे थे कि डिहरी नगर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के समीप सड़क पार करने के दौरान एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इनकी परिजनों को सूचना दी और शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। दूसरी घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक करीब 60 वर्षीय महावीर चौधरी बस्तीपुर गांव का निवासी है। कुछ समय से वह पैरालाइसिस के शिकार थे। गांव के ही कौशल सिंह के यहां उनका देखभाल होता था। बुधवार की सुबह दवा लेने की बात कह घर से निकले थे, किंतु वह इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पटनवा पहुंच गए। वहां सड़क पार करने के दौरान एक बाइक ने वृद्ध को टक्कर मारते हुए खुद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर ही वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार तीन छात्र भी घायल हो गए जिनका इलाज पुलिस देखरेख में निजी क्लीनिक में चल रहा है। तीनों छात्र फिलहाल अज्ञात बताए जाते हैं जिसमें एक की स्थिति चिंताजनक है। पहले तो मृतक के बारे में अज्ञात जानकारी मिली थी। किंतु सोशल मीडिया पर तस्वीर डालने के बाद मृतक की पहचान हो पाई है। बताया जाता है कि मृतक के तीन पुत्र हैं। मृतक के पुत्र गुड्डू चौधरी, मुन्ना चौधरी व भुट्टा चौधरी का रो रोकर बुरा हाल है। पत्नी का कहना है कि दवा लेने निकले थे, पटनवा कैसे पहुंच गए, समझ में नहीं आ रहा है। इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के लिखित बयान मिलने के बाद ही अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

### सासाराम में दो अत्याधुनिक पिंक टॉयलेट का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** नगर निगम क्षेत्र में महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी एवं काजल कुमारी महापौर, सासाराम द्वारा संयुक्त रूप से नगर निगम क्षेत्र में स्थापित दो पिंक टॉयलेट का बुधवार को उद्घाटन किया गया। ये पिंक टॉयलेट पोस्ट ऑफिस चौक एवं धर्मशाला रोड रेलवे स्टेशन, सासाराम जैसे प्रमुख एवं व्यस्त सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित किए गए हैं जिससे महिलाओं को दैनिक आवागमन के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय सुविधा उपलब्ध हो सके। इन दोनों महिला शौचालयों में महिलाओं की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई है। साथ ही माताओं की सुविधा हेतु फीडिंग पॉइंट की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक पिंक टॉयलेट में गार्ड रूम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। शौचालयों में महिलाओं की सुविधा के अनुरूप पाश्चात्य (वेस्टर्न) एवं भारतीय शैली दोनों प्रकार की सीटें लगाई गई हैं। स्वच्छता एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पिंक टॉयलेट में महिला केयरटेकर एवं महिला सफाईकर्मी की तैनाती की गई है। इस अवसर पर विकास कुमार, नगर आयुक्त, विजय कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त, ललित भूषण रंजन, अपर जिला दंडाधिकारी, जफर हसन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित नगर निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं महापौर ने कहा कि पिंक टॉयलेट की यह पहल महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर सम्मानजनक, सुरक्षित एवं स्वच्छ सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## डीएम ने 10 आम नागरिकों से दैनिक साक्षात्कार में समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी द्वारा दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल 10 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक मनोज कुमार यादव, ग्राम-देवीपुर, पोस्ट-दारानगर के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डिहरी को निदेशित किया गया। आवेदक- नन्देश्वर सिंह पिता-रामाधार सिंह, ग्राम-चकिया, थाना-डिहरी मुफस्सिल के द्वारा राइफल की अनुज्ञप्ति का नवीकरण करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदन अनिल कुमार, ग्राम-अलिगंज, पोस्ट- ईमिरिता, थाना-सूर्यपुरा के द्वारा अनुकंपा पर नौकरी के लिए आश्रित प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया।

## आशा कार्यकर्ता चयन में अनियमितता का मामला उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता की बहाली में अनियमितता का मामला उजागर हुआ है। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने बुधवार को जांच प्रतिवेदन में बताया कि राजपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पड़रिया में आशा कार्यकर्ता की बहाली में अनियमितता की जांच की गई। परिवादी संझारो कुमारी ने आरोप लगाया था कि बगैर आम सभा के तृतीय श्रेणी में दशम पास संगीता देवी का चयन कर लिया गया है जबकि वह प्रथम श्रेणी में स्नातक (कला) उत्तीर्ण है। जांच में पाया गया कि 03.03.2022 को आम सभा नहीं हुई, बल्कि 05.03.2022 को कार्यवाही पंजी संधारित की गई है। कार्यवाही पंजी प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत होती है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, राजपुर ने आम सभा की विडियोग्राफी अथवा फोटोग्राफ उपलब्ध नहीं कराया। जांच में अनियमितता की पुष्टि हुई है। इसलिए पुनः साक्ष्यों के साथ आम सभा की बैठक कराते हुए आशा कार्यकर्ता की चयन करने की अनुशंसा की जाती है। इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जांच में अनियमितता की पुष्टि हुई है, इसलिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम सभा की बैठक कराते हुए आशा कार्यकर्ता की चयन करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाएगी।

## पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों को मिले निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा-2026 के मद्देनजर विधि-व्यवस्था से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव दिए जिसमें पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, चंदा वसूली पर रोक लगाने, डीजे संचालकों पर नियंत्रण रखने, शराबबंदी पर नियंत्रण करने आदि की मांग की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखें, पूजा समितियों के साथ बैठक करें और आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पूजा समितियों को अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य होगा और वे अपने सदस्यों को आई कार्ड जारी करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि काशी घाट पर साफ-सफाई, बिजली रिपेरिंग, अग्नि से सुरक्षा, गोताखोर, सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह पर फ्लैग मार्च किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव दिए।

## जेडीयू के पूर्व विधायक की पुण्यतिथि मनी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड कार्यालय भभुआ में बुधवार को पार्टी के पूर्व विधायक स्वर्गीय डॉ प्रमोद कुमार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल के नेतृत्व में मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिवंगत विधायक की पत्नी विभा देवी एवं उनके पुत्र विकास पटेल सहित जेडीयू के सैकड़ों सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर सबसे पहले दिवंगत विधायक की पत्नी विभा देवी उनके पुत्र विकाश पटेल एवं जेडीयू कार्यकर्ता द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने डॉक्टर प्रमोद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके अधूरे सपने को बिहार के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरा किया जाएगा। डॉक्टर साहब अपने कार्यकाल में विकास का जो काम कराया है, उसका लाभ आज भी कई इलाकों के लोग ले रहे हैं। वह बिना किसी भेदभाव के सामाजिक आमजनों से जुड़े रहे। उनकी समस्या का समाधान कराते थे। शोषितों, दलितों नौजवानों और किसानों के हितों की बात करते थे।
मौके पर जेडीयू मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, डॉ सुशील जायसवाल, प्रदीप रंजन, सुरेंद्र त्यागी, आनंद पटेल, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सीमा पांडेय, बिंदु देवी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## अन्तरविभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल क्रीड़ा संघ द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने एवं रेल कर्मचारियों में खेल भावना एवं स्वास्थ्य जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का औपचारिक उद्घाटन आज बाकले क्रिकेट ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न विभागों के रेल अधिकारीगण, प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच मैकेनिकल विभाग तथा सिग्नल एवं टेलीकॉम (एसएंडटी) विभाग के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मैकेनिकल विभाग ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया तथा निर्धारित 20 ओवरों में 159 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

## मूर्तिकारों ने प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगाई जी-जान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिक्रमगंज (रोहतास)। सरस्वती पूजा के मद्देनजर मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में कलाकारों ने अपनी जी जान लगा दी है और उन्हें जीवंत रूप देने की अंतिम कोशिश किया जा रहा है।अनुमंडल क्षेत्र में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी अंतिम रूप में है।ऐसे में एक ओर जहां विभिन्न पूजा पंडालों व विद्यालयों को सजाने की तैयारी चल रही है, तो वहीं मूर्तिकार भी मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।क्योंकि अब पूजा में केवल दो दिन शेष रह गए हैं।ऐसे में मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।23 जनवरी को मनाया जाएगा सरस्वती पूजा का त्योहार।मां सरस्वती की प्रतिमा बना रहे मूर्तिकार राकेश दुबे ने बताया कि वे पिछले दस सालों से देवी-देवताओं की मूर्ति बनाते आ रहे हैं। हमारे यहां शहर के विभिन्न पूजा पंडालों के साथ - साथ कई विद्यालयों सहित अपने-अपने घरों में प्रतिमा विराजित करने वाले लोगों के भी मूर्ति का आर्डर आया है। पहले की अपेक्षा इस बार मूर्ति का ज्यादा डिमांड बाजारों में हो रहा है।

## कबड्डी प्रतियोगिता में डालमियानगर की टीम विजयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



डिहरी ऑन-सोन। डालमियानगर में रोहतास क्लब डालमियानगर में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डिहरी नगर, डालमियानगर, देवरिया एवं तिलौथू की टीम ने भाग लिया। कबड्डी के इस प्रतियोगिता में डालमियानगर की टीम ने बाबा नगरी टीम को परास्त करते हुए विजेता बनी। कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन सामूहिक हनुमान चालीसा के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता में डिहरी के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डिहरी नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुमार उर्फ गोपी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। साथ ही साथ विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पदाधिकारी भोला चौहान, दीपक दास तथा विभाग मंत्री विकास कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मनोज अज्ञानी ने कहा कि कबड्डी युगों से भारत में खेला जाने वाला वह खेल है जिसे योद्धा लोग स्वस्थ जीवनचर्या के लिए खेला करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शहर की प्रतिभाओं को निखारा जा सकता है और भारतीय प्रतिभाओं का परचम वैश्विक स्तर पर फहराया जा सकता है। वही पंकज उर्फ गोपी कुमार ने कहा कि बजरंगदल के द्वारा पूरे भारत में समय-समय पर ऐसे खेल का आयोजन किया जाता है जिस युवाओं में उत्साह, अनुशासन पर दृढ़ संकल्प का संचार होता है। सनातन संस्कृति के दृष्टि से यह उत्कृष्ट खेलों में माना जाता है। दीपक दास प्रान्त सुरक्षा प्रमुख ने बताया शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हमारे जीवन में खेल जरूरी है। भारतीय खेल को बढ़ावा देकर हम अपनी संस्कृति से जुड़ाव महसूस करते हैं एवं गांव-गांव से प्रतिभाशाली बजरंगी को खेल में रुचि के लिए आगे बढ़ाना है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं.– डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2026/1**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु **रेलवे के वेबसाइट पर** निविदाएं आमंत्रित करते हैं:– **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** दानापुर डिवीजन के तहत PNBE-GAYA सेक्शन में बेला स्टेशनों पर मौजूदा सिग्नलिंग गियर (PI) को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (EI सिस्टम) से बदलने से संबंधित S&T कार्य।, **(2) अनुमानित लागत:** रूपये 77806394.26, **(3) बयाना राशि:** रुपये 539000.00, **(4) निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 09.02.2026 को 15:00 बजे तक।, **(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : दिनांक 09.02.2026 को 15:30 बजे ।, **(6) वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in**, **(7) कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर, **नोट :–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/1669/डीएनआर/एसएण्डटी/टी/25–26/32



**कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद**

**अति अल्पकालीन आम सूचना**

बिहार सरकार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–07.02.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

**1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित है:–**

| सैरात सं0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 82,80,000.00 | 8,30,000.00 |
| 2. | रामाबांध बस स्टैण्ड एवं दानी बिगहा बस स्टैण्ड को छोड़कर और NH से गुजरनेवाले वाहनो को छोड़कर शहर में प्रवेश करनेवाले मालवाहक टेम्पो एवं अन्य वाहनों से दैनिक चुंगी कर की वसूली एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली। | 35,20,000.00 | 3,55,000.00 |

**2. वसूली नगर परिशद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–**

**सैरात सं0–1 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | टेम्पो/टोटो | 15.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस/407/709 | 60.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 80.00 रू0 दैनिक |

**सैरात सं0–2 के लिए निर्धारित दर :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | मालवाहक टेम्पो | 20.00 रू0 दैनिक |
| 2. | ट्रैक्टर/चार चक्का टेम्पो | 40.00 रू0 दैनिक |
| 3. | छोटी बस/ट्रक/407/709 | 60.00 रू0 दैनिक |
| 4. | बडी बस | 80.00 रू0 दैनिक |
| 5. | दस चक्का ट्रक | 100.00 रू0 दैनिक |
| 6. | चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क | 20.00 रू0 |
| 7. | दो पहिया से पार्किंग शुल्क | 5.00 रू0 |

1. डाक/बंदोबस्ती को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
2. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक–07.02.2026 को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पूनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन अगली तिथि दिनांक–13.02.2026 एवं दिनांक–20.02.2026 को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।
3. विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या **https://www.aurangabad.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् औरंगाबाद** | **मुख्य पार्षद, नगर परिषद् औरंगाबाद**

PR- 022255 (B & C) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

## एक नजर

### अनिल कुमार सिंह ने किया कौआकोल थानाध्यक्ष का प्रभार ग्रहण

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल थाना में नए थानाध्यक्ष के पद पर बुधवार को पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने प्रभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने उन्हें प्रभार सौंपा। इसके पूर्व अनिल कुमार सिंह साईबर थाना नवादा में पदस्थापित थे,जबकि वे हिसुआ में भी थानाध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं उमाशंकर सिंह का तबादला नगर थाना में थानाध्यक्ष पद पर हो गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने थाना में पूर्व से कार्यरत पुलिस पदाधिकारी व अन्य पुलिस कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के संबंध में जानकारी लिया। इसके बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि इलाके में विधि व्यवस्था एवं शांति बहाल रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में जनता की विश्वास पर वह खड़े उतरने का काम करेंगे।

### समारोह आयोजित कर निवर्तमान थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह को दी गई विदाई

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल थाना के निवर्तमान थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह का तबादला नगर थाना में थानाध्यक्ष पद पर हो जाने के बाद बुधवार को कौआकोल थाना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं इस दरम्यान लोगों ने उनके अल्पकार्यकाल के दौरान किये गए क्रियाकलापों की भी चर्चा किया। लोगों ने कहा कि निवर्तमान थानाध्यक्ष का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा है। मौके पर एसआई सुजाता कुमारी,एएसआई धनन्जय मिश्रा,रिंकू कुमार,समाजसेवी राणा हरिहर सिंह,रामलखन शर्मा,राकेश कुमार,नवलेश कुमार,सन्नी कुमार,प्रदीप पासवान,मनोज पासवान,बिनोद सिंह आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के केवाली मोड़ के पास बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल रोह मुख्य पथ पर ट्रैक्टर एवं बाइक की टक्कर में आ जाने से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि उसके साथ दो अन्य लोग भी मामूली रूप से घायल हो गए। मृत किशोर की पहचान मंझिला पंचायत के भलुआही गांव निवासी मोहम्मद साजिद अंसारी के पुत्र इरशाद अंसारी के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नारदीगंज थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बीडीओ सोनिया ढनढननिया, सीओ रईस आलम, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एसआई सुधीर कुमार, एएसआई संजय मिश्र, एएसआई दुर्गानंद समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे। सीओ ने कहा सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाने व अश्लील गाने नहीं बजाना है। पूजा को लेकर लाइसेंस अनिवार्य है। जिसमे कमेटी के सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर देने सहित कई आवश्यक निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि सरस्वती पूजा को शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनाएं। मादक पदार्थों के सेवन करने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी।इस थाना क्षेत्र में पुराने नौ लाइसेंस धारी हैं। इस वर्ष कुछ नए लाइसेंस बनाने के लिए पहुंचे हैं। बैठक में सरपंच प्रवेश रविदास, संजय सिंह, बालचंद् कुमार सदा, मुकेश कुमार,मनोज मांझी के अलावा पूजा समिति के लोग समेत अन्य मौजूद रहे।

### रोमांचक मुकाबले में युवा होंडा की टीम जीती

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में सिरदला के लौंध हाई स्कूल में आयोजित ए डिवीजन लीग के चौथे मैच में आज नवादा क्रिकेट क्लब का मुकाबला युवा होंडा क्रिकेट क्लब की टीम से हुआ जिसमें नवादा क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 ओवर में 203 रन बनाकर और आउट हो गई ।नवादा क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज बादल कुमार ने 40 गुड्डू ने 34 जबकि शाश्वत सिंह ने 32 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया ।गेंदबाजी करते हुए युवा होंडा के गेंदबाज अंश तिवारी ने तीन जबकि सुदर्शन एवं अभिनव ने दो-दो खिलाड़ियों का आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी युवा होंडा क्रिकेट क्लब की टीम ने 32.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाकर मैच को जीत लिया। बल्लेबाजी करते हैं युवा होंडा के बल्लेबाज सुमित कुमार ने शानदार 52अहान कश्यप ने 39 शक्ति सुदर्शन ने 37 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए नवादा क्रिकेट क्लब के गेंदबाज गुड्डू एवं अर्सलान शाहिद ने दो-दो खिलाड़ियों का आउट किया जबकि इनायत सृजन एवं बादल ने एक-एक बल्लेबाजों को आउट किया। इस तरह से रोमांचक मुकाबले में युवा होंडा क्रिकेट क्लब की टीम ने नवादा क्रिकेट क्लब की टीम को तीन विकेट से हरा दिया। आज के मैच में हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले सुदर्शन कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। मैं के संचालन नहीं जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव सुरेश यादव चयन करता विकास कुमार अमित कुमार नयन राजेश कुमार अजय कुमार सक्रिय रहे।

### पुलिस अवर निरीक्षक की प्रारंभिक लिखित परीक्षा संपन्न

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार सरकार के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा आज दिनांक 21 जनवरी 2026 को नवादा जिले के कुल 21 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अनुचित गतिविधि की संभावना नहीं रही। प्रथम पाली में कुल 10,008 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 7,241 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि द्वितीय पाली में कुल 10,004 परीक्षार्थियों में से 7,316 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया। प्रवेश, जांच, बैठने की व्यवस्था, प्रश्न-पत्र वितरण एवं उत्तर पुस्तिका संकलन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं व्यवस्थित रही। जिला प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंधों के फलस्वरूप परीक्षा जिले के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संपूर्ण परीक्षा अवधि में जिले की विधि-व्यवस्था सामान्य बनी रही तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को न्यायिक पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा ने की, जबकि सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से बैठक का संचालन हुआ। बैठक में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान सुलहनीय आपराधिक वादों में निर्गत नोटिसों की न्यायालय-वार समीक्षा की गई। सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने अपने-अपने न्यायालयों से जारी नोटिसों की जानकारी साझा की तथा चिन्हित वादों के निष्पादन को लेकर विस्तृत चर्चा की। सुलहनीय आपराधिक वाद, माप-तौल, श्रम एवं वन वाद, वैवाहिक वाद तथा मोटर वाहन दावा वादों की न्यायालय-वार सूची के आधार पर सुलहनामा हेतु तैयार मामलों में नोटिसों का तामिला सुनिश्चित करते हुए निष्पादन का निर्देश दिया गया।

# दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सांसद खेल महोत्सव का आयोजित स्थानीय सोगरा हाई स्कूल मैदान में किया गया। जिसका उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं डीएम कुंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव का उद्देश्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं में खेल भावना का विकास करना है। इस खेल उत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें सोगरा हाई स्कूल मैदान बिहारशरीफ में क्रिकेट बालिका वर्गः दो टीमें, बालक वर्गः चार टीमें, फुटबॉल (पुरुष वर्ग) कुल छह टीमें

कबड्डी बालक वर्गः छह टीमें, बालिका वर्गः छह टीमें भाग ले रहे हैं। हेल्थ क्लब बिहारशरीफ में बैडमिंटन बालक वर्गः आठ खिलाड़ी, बालिका वर्गः आठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी खेल प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता टीमों/खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़े।

यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के सहयोग से सांसद कौशलेंद्र कुमार की अनुशंसा एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री का सपना है कि भारत एक युवा राष्ट्र के रूप में सशक्त बने। इस दिशा में गांवों एवं कस्बों के युवाओं में खेल के प्रति रुचि एवं खेल भावना जागृत करना अत्यंत आवश्यक है। सांसद खेल उत्सव इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि खेल को सुगम बनाने के लिए खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नालंदा जिले में खेल स्टेडियम का निर्माण कराया गया है, जिसमें राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि नालंदा जिले के खिलाड़ियों को किसी भी विधा में यथा फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, रग्बी आदि खेलों में जिला के प्रतिभावान महिला/ पुरुष खिलाड़ियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन के बदौलत जिला से ऊपर उठकर राज्य,राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना अंतर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका चयन हो सके,साथ ही बेहतर प्रदर्शन के बदौलत नालंदा जिले का नाम रौशन कर सकें। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित भारी तादाद में महिला/ पुरुष खिलाड़ी आदि उपस्थित थे।

# समतुल्य सीएमआर आपूर्ति की डीडीसी ने की शुरूआत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** उप-विकास आयुक्त शुभम कुमार द्वारा 20 से खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत पैक्सों / व्यापार मंडलों द्वारा अधिप्राप्त धान का जिला टास्क फोर्स द्वारा चयनित मिलों से मिलिंग के पश्चात् राज्य खाद्य निगम के सीएमआर संग्रहण केन्द्रों पर समतुल्य सीएमआर आपूर्ति कार्य का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएमआर आपूर्ति के पहले दिन अधिप्राप्त धान के विरूद्ध मिलिंग के पश्चात चार राईस मिलरों क्रमशः खुशबूप्रिया फाईन ग्रेन प्रो०, तिरूपति फूड्स प्रोसेसिंग प्रा०लि०, गंगा श्रीराम हाईटेक एग्रो प्रा०लि० एवं दहिता एग्रो फूड्स द्वारा लगभग पांच लॉट सीएमआर राज्य खाद्य निगम के संग्रहण केन्द्र गोदाम न०-03 बाजार समिति परिसर, बिहारशरीफ पर जमा कराया गया है। जिला टास्क फोर्स द्वारा स्वीकृत 60 प्रतिशत कैश क्रेडिट ऋण के विरूद्ध 49 पैक्सों / व्यापार मंडलों द्वारा आवंटित लक्ष्य का लगभग 50 प्रतिशत या उससे अधिक धान का क्रय किया जा चुका है। सीएमआर संग्रहण केन्द्र पर उद्घाटन के अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालंदा, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, नालंद, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नालंदा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 फरवरी से चलेगा दवा वितरण अभियान : सिविल सर्जन

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** नालंदा जिले को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत जिले के 11 प्रखंडों में 10- 14 फरवरी तक पांच दिवसीय सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरियारोधी दवाएं उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद 15 से 17 फरवरी तक विशेष बूथों पर भी दवा वितरण किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए। सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह एवं एसीएमओ डॉ. राममोहन सहाय ने संयुक्त रूप से बताया कि लगातार पांच वर्षों तक हर साल एक डोज दवा लेने से फाइलेरिया से प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए आम जनता से सहयोग की अपील की। सिविल सर्जन ने कहा कि फाइलेरिया दिव्यांगता बढ़ाने वाली सबसे गंभीर बीमारियों में से एक है। इस रोग से ग्रसित व्यक्ति को जीवनभर सूजन, दर्द और शारीरिक अक्षमता का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय पर रोकथाम ही इस बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। इस संबंध में सभी स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं और प्रशिक्षण के दौरान इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# मकर मेला में दुधारू पशु प्रदर्शनी के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मकर मेला राजगीर में जिला प्रशासन एवं जिला पशुपालन विभाग नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में दुधारू पशु प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पशुपालकों द्वारा देशी गाय, भैंस एवं संकर नस्ल के उत्कृष्ट दुधारू पशुओं का प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला गव्य विकास अधिकारी के अलग-अलग दलों का गठन किया गया। गठित जज पैनल में जितेंद्र कुमार (जिला गव्य विकास पदाधिकारी, नालंदा), डॉ. सपना कुमारी (पशु शल्य चिकित्सक, बिहारशरीफ), डॉ. संजीव कुमार (अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, हिलसा), डॉ. नागमणि एवं डॉ. शशि शंकर शामिल थे। जजों द्वारा प्रत्येक पशु के पास जाकर उसकी नस्ल, दुग्ध उत्पादन क्षमता, रख-रखाव की स्थिति एवं संबंधित पशुपालक की जानकारी का गहन अध्ययन कर अंक प्रदान किए गए। मेला समिति के सदस्यों के साथ मिलकर जिला पशुपालन पदाधिकारी, नालंदा एवं जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा विजेता पशुपालकों को नकद पुरस्कार राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। संकर गाय, देशी गाय और भैंस के लिए अलग अलग वर्ग बनाये गये थे। प्रत्येक वर्ग में पुरस्कार राशि इस प्रकार रही— प्रथम पुरस्कारः 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कारः 8 हजार, तृतीय पुरस्कारः 6 हजार रुपये इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार के रूप में 2 हजार रुपये की राशि भी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कई पशुपालकों को उनके उत्कृष्ट पशुपालन कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के समय पशुपालकों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखी गई। विभाग की ओर से यह संदेश दिया गया कि उन्नत पशुपालन तकनीक, बेहतर नस्ल सुधार एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाकर पशुपालक अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव पर सजा देशभक्ति का रंगीन मंच, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया, नवादा के बहुद्देश्यीय सभागार में गणतंत्र दिवस एवं वसंतोत्सव के पावन अवसर पर दो सत्रों में आयोजित भव्य सांस्कृतिक समारोह ने सम्पूर्ण विद्यालय परिसर को देशभक्ति एवं वसंतोत्सव की आध्यात्मिक ऊर्जा के उज्वल आलोक से आलोकित कर दिया।

विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को अपूर्व सफलता दिलाई। सभागार के सुसज्जित मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने मंगलदीप प्रज्वलित करके किया। उद्घाटन के दौरान विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास एवं उप-प्राचार्य सुजय कुमार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से मंच को सुशोभित किया। निदेशक डॉ. कुमार ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा "सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, यह हमारी आत्मा में देशप्रेम एवं आध्यात्मिक भावना के बीज बोते हैं और विद्यार्थियों को सृजनशीलता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का अमूल्य पाठ पढ़ाते हैं।" प्राचार्य गोपाल चरण दास* ने कहा "कला और संस्कृति जीवन को सुवासित करने वाले पुष्प हैं; इनकी सुगंध से विद्यालय का वातावरण सदा महकते रहना चाहिए।" प्रथम सत्र (प्रथम शिफ्ट) की प्रस्तुतियों में कला और भावना का अद्भुत संगम दिखाई दिया। 'स्वागत गीत' में साक्षी, परी, अनमोल, राजनंदनी, रिद्धिमा और तूली के मधुर स्वरों ने वातावरण को सुरम्य बना दिया। आराध्या, इशा, खुशी, नव्या और सुप्रिया 'राम नाम के साबुन से' समूह-गीत अपने लयात्मक सौंदर्य और भाव-प्रवण अभिव्यक्ति के लिए विशेष प्रशंसा का पात्र बना। सान्वी, रिया, चाहत, अनन्या, सिंड्रेला, सृष्टि, आश्रया, आकांक्षा, मुस्कान, प्रिया, पूर्णिमा, अंशु और परी एवं समूह की नृत्य-प्रस्तुति 'मर्द मराठा' में लोकलय की चपलता और देशी रंग की प्रखर छटा थी। अंश अभिज्ञान, अमर एवं समूह का देशभक्ति नृत्य 'बहे खून मेरा' सबको मंत्रमुग्ध कर गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मॉडर्न इंगलिश स्कूल के संगीत शिक्षकों पुरुषोत्तम सर, पवन सर, अनिल सर के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं अंजना दीक्षित, अनुमेहा कुमारी, वंदना कुमारी, विपुल कुमार सिंह, मुकेश कुमार, चंद्रदीप प्रसाद आदि की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

# 25 तक करें मूर्ति विसर्जन : थानाध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरहट (नवादा)।** नरहट थाना परिसर में सरस्वती पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में 23 जनवरी को होने वाली सरस्वती पूजा के लिए लाइसेंस जारी करने और राज्य सरकार के दिशा निर्देश की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंस में वर्णित सभी शर्तों और सरकारी गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले आयोजन समितियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच उन्होंने सभी पूजा समितियां को यह भी निर्देश दिया कि एक ही दिन 25 जनवरी को मूर्ति विसर्जन का कार्य शाम 5 बजे तक करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गौतम कुमार, एएसआई अनुज कुमार, शेखपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार, मांगो सिंह, शमीम उद्दीन, ओमप्रकाश मेहता, जैलेन्द्र कुमार, विकाश कुमार सहित विभिन्न सरस्वती पूजा आयोजन समितियों के सदस्य मौजूद थे।

# दो साइबर ठग गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए नवादा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये अभियुक्त बजाज फाइनेंस एवं मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी किया करते थे। साइबर थाना की टीम ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों के पास से चार एंड्रॉयड मोबाइल, चार कीपैड मोबाइल तथा 24 पेज का डेटाशीट बरामद किया है। बरामद डेटाशीट में ठगी से जुड़े कई अहम विवरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपितों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साइबर थाना द्वारा यह कार्रवाई की गई।

# शराब व वाहन जब्त, 39 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नवादा पुलिस द्वारा 20 जनवरी 2026 को व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा की ओर से जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार इस एकदिवसीय अभियान में कुल 39 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जबकि बड़ी मात्रा में शराब, वाहन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

अभियान के दौरान अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिनियम के तहत 6, साइबर अपराध में 2, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य विभिन्न मामलों में 21 गिरफ्तारियां की गईं। शराब के विरुद्ध कार्रवाई में 1056 लीटर महुआ शराब और 46.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त 65 वारंटों और चार कुर्की आदेशों का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत जिलेभर में 155 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियम उल्लंघन पर 32,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य बरामदगी में 1 मोटरसाइकिल, 1 जुगाड़ मशीन, 1 कार, 8 मोबाइल फोन, 24 फर्जी दस्तावेज, 1 पैन कार्ड, 1000 लीटर महुआ घोल तथा दो भट्ठियां शामिल हैं।

महत्वपूर्ण मामलों में साइबर थाना द्वारा मोबाइल और सिम डेटा के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, वहीं गोविंदपुर, सिरदला, रजौली, काशीचक एवं रूपौ थाना क्षेत्रों में गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

# नए श्रम कानून के विरोध में 13 फरवरी को एमआर करेंगे हड़ताल

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नए श्रम कानून के विरोध में 13 फरवरी को सभी मेडिकल रिप्रजेंटेटिव (एमआर) एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इसकी सफलता को लेकर रामचंद्रपुर में मंगलवार को बिहार झारखंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन के प्रतिनिधियों व नेताओं ने बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से आंदोलन करने की रणनीति तय की। फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संस्थापक ज्ञान शंकर मजूमदार ने कहा कि एमआर का हर स्तर पर शोषण किया जा रहा है। इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं रहने से काम करने में कई तरह की परेशानियां होती हैं। बाजार के बदलते ऑनलाइन ट्रेंड का भी असर दवा कारोबार पर पड़ने लगा है। इन सब समस्याओं के विरोध में उन्होंने सभी एमआर से इस हड़ताल मे शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। बैठक में यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय, जिला सचिव गुंजन कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

# प्रगति कार्यक्रम के तहत प्रेरकों का प्रशिक्षण शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के पहल पर प्रगति कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रगति कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में रोह एवं कौआकोल ब्लॉक के 29 प्रेरकों ने हिस्सा लिया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रेरकों को प्रगति कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देना तथा जमीनी स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्हें सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रगति कार्यक्रम के दूसरे अवसर के तहत दसवीं कक्षा के उन शिक्षार्थियों के लिए है, जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए या बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे शिक्षार्थियों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाता है और उन्हें दसवीं की परीक्षा देने एवं उत्तीर्ण होने के लिए व्यवस्थित रूप से तैयार किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रयास कार्यक्रम की कार्यप्रणाली, तकनीकी पहलुओं तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने की रणनीतियों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम निर्माण मंडल के कार्यालय मंत्री सुचिता तिर्की, प्रगति कार्यक्रम के मैनेजर शशि भूषण कुमार, विवेक सागर,चंदन कुमार, कल्पना, एजुकेट गर्ल्स संस्था की प्रतिनिधि रिया सिंह आदि मौजूद थे।

# मिड-डे-मील में अनियमितता पर फूटा अभिभावकों का गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत परमेश्वर बीघा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे-मील व्यवस्था में कथित लापरवाही को लेकर मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। भरपूर और निर्धारित मानक के अनुरूप भोजन नहीं मिलने से नाराज छात्र-छात्राएं और अभिभावक विद्यालय परिसर के बाहर एकत्र हो गए और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कुछ देर के लिए स्कूल परिसर पूरी तरह अफरा-तफरी का केंद्र बन गया। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों को नियमित रूप से पूरा भोजन नहीं दिया जा रहा, जिससे वे भूखे घर लौटने को मजबूर हैं। जब बच्चों ने घर पहुंचकर इसकी शिकायत की, तो अभिभावकों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन एवं एमडीएम प्रभारी शिक्षक जितेंद्र कुमार पर मिड-डे-मील की राशि में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार मामले को दबा दिया गया। वहीं, एमडीएम प्रभारी शिक्षक ने सफाई देते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार भोजन दिया जाता है, हालांकि संसाधनों और व्यवस्था की कमी के कारण कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। उनकी इस दलील से अभिभावक संतुष्ट नजर नहीं आए। मामला तूल पकड़ने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि मिड-डे-मील बच्चों का संवैधानिक अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तत्काल जांच टीम गठित करने और दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर कठोर विभागीय कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# हाथीपांव लाइलाज, दवा सेवन ही एकमात्र उपाय, भयमुक्त होकर दवा खाएं: सीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान की तैयारियों का गेट्स फाउंडेशन द्वारा जायजा लिया गया। इस क्रम में गेट्स फाउंडेशन के डॉ माणिक ने सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक के साथ दवा भंडारण, स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण, माइक्रोप्लानिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इसके बाद सिविल सर्जन और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात कर अभियान की अद्यतन तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में भारत सरकार के इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय और सहयोग पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ कुणाल, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ राजीव अंबष्ट, यूनिसेफ एसएमसी अजय चेरोबिम, पीरामल स्वास्थ्य के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक सिंह, प्रोग्राम लीडर विजय कुमार और डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजेश गिरि उपस्थित रहे। डॉ माणिक ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान बेलागंज के नाइट ब्लड सर्वे साइट के अलावा बोधगया और डोभी में स्वास्थ्य अधिकारियों से मुलाकात कर अभियान की प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आइवरमेक्टिन, डीईसी और अल्बेंडाजोल तीनों दवाओं का सेवन आवश्यक है। आमजन में दवा सेवन के प्रति सकारात्मक समझ विकसित करने के लिए मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया है। इधर, बुधवार को सर्वजन दवा सेवन अभियान आइडीए के तहत स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन सिविल सर्जन ने कहा कि फाइलेरिया जिसे आम भाषा में हाथीपांव कहा जाता है, लाइलाज बीमारी है और इससे अपंगता हो सकती है। इसका एकमात्र उपाय नियमित और सही तरीके से दवा सेवन है। उन्होंने लोगों से भयमुक्त होकर दवा खाने की अपील की और सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड स्तर पर शीघ्र प्रशिक्षण आयोजित कर दवा सेवन की तकनीकी जानकारी देने को कहा। डीपीएम नीलेश कुमार ने आईईसी सामग्री के उठाव को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डॉ एमई हक ने बताया कि जिला स्तर पर मानपुर और परैया प्रखंड को छोड़कर सभी प्रखंडों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य पदाधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। अब आशा कार्यकर्ताओं का प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण कराया जाएगा। इसके साथ ही आईसीडीएस, पंचायती राज, शिक्षा विभाग और आपूर्ति विभाग के कर्मियों से चर्चा कर अधिक से अधिक लोगों तक दवा सेवन का संदेश पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।



# प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को दिया गया प्रज्ञा शक्ति प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति के आदेशानुसार तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी के निर्देशन में प्रज्ञा शक्ति कार्यक्रम के तहत वजीरगंज प्रखंड के सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के नामित शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड के मध्य विद्यालय वजीरगंज में बुधवार से प्रारंभ हुआ जिसका समापन गुरुवार को किया जाएगा। बीआरसी के लेखापाल मुकेश कुमार ने बताया कि प्रज्ञा शक्ति प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें विशेष शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए वजीरगंज प्रखंड के कुल 165 प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से दो-दो शिक्षकों का चयन कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के पहले दिन बुधवार को चार बैच में कुल 185 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं गुरुवार को भी चार बैच में 185 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर प्रज्ञा शक्ति कार्यक्रम के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित करने तथा उन्हें मोबाइल एप के माध्यम से अपलोड करने की जानकारी दी गई। जिला स्तर से निर्देश जारी किया गया है कि बच्चों को चिन्हित करने का कार्य 26 जनवरी से पूर्व पूरा कर लिया जाए, ताकि 26 जनवरी के बाद प्रज्ञा शक्ति कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर समावेशी संसाधन शिक्षक सुरेन्द्र प्रसाद, डीडीओ शंभू शरण सिंह, मास्टर ट्रेनर ज्योत्सना शाही, कल्याणी कुमारी, दीपक कुमार सिन्हा, विकास कुमार, ईश्वरचंद कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।




## 84 लीटर महुआ शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव।** ढिबरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर दुलारे गांव के दो अलग-अलग घरों से कुल 84 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। इस दौरान दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार रामप्यारे भुइयां, पिता स्वर्गीय सोमर भुइयां के घर से लगभग 47 लीटर तथा शंकर भुइयां, पिता रामानंदन भुइयां के घर से लगभग 37 लीटर महुआ चुलाई देशी शराब बरामद की गई। ढिबरा थाना प्रभारी रितेश उपाध्याय ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ ढिबरा थाना कांड संख्या 02/26 और 03/26, दिनांक 20 जनवरी 2026 को धारा 30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद दोनों शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# मंत्री ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** सूबे के लघु सिंचाई मंत्री संतोष कुमार सुमन बुधवार को डोभी प्रखंड के हबीपुर गांव पहुंचे जहां उन्होंने अपने कोटे से स्वीकृत पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क निर्माण से गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने में सहूलियत होगी जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने गांव में विद्यालय की स्थापना की मांग प्रमुखता से रखी। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को दूर-दराज के गांवों में पढ़ने जाना पड़ता है जिससे समय और संसाधनों की परेशानी होती है। मंत्री संतोष कुमार सुमन ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में जल्द आवश्यक पहल की जाएगी।

# छात्रा अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से घर में अकेली सो रही छात्रा के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शेरघाटी थाना की पुलिस ने बताया कि बीते दिनों एक छात्रा के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी। बताया गया कि छात्रा रात के समय घर में अकेली सो रही थी, इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अनुसंधान शुरू किया। तकनीकी और स्थानीय सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरदासपुर गांव से गोविंद कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे भी जांच जारी है और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## दो दशक पुराने मामले में तीन अभियुक्तों को एक साल की परिवीक्षा का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज पंचम ने करीब दो दशक पुराने एक आपराधिक मामले में सजा के बिंदु पर फैसला सुनाया। कुटुंबा थाना कांड संख्या 43/06, जीआर संख्या 1528/2006, एसटीआर संख्या 03/13, 414/24 से जुड़े मामले में तीन अभियुक्त हरी राम, योगेन्द्र राम और सीता राम, सभी निवासी पिपरा बराही, थाना कुटुंबा को एक साल की परिवीक्षा पर छोड़ा गया है। अपर लोक अभियोजक देवीनंदन सिंह ने बताया कि 9 जनवरी 2026 को अदालत ने तीनों अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 325 के तहत दोषी करार दिया था, जिसके बाद बंधपत्र विखंडित कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अभियुक्तों का यह पहला अपराध होने और अभियुक्त योगेन्द्र राम के विकलांग होने का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा देने की मांग की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्तों को परिवीक्षा का लाभ देते हुए एक वर्ष तक सदाचरण और शांति बनाए रखने का आदेश दिया। इसके साथ ही प्रत्येक अभियुक्त को 25 हजार रुपये का बंधपत्र भरने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि एक वर्ष की अवधि में अभियुक्त पुनः किसी अपराध में संलिप्त पाए जाते हैं तो उन्हें एक वर्ष की जेल की सजा भुगतनी होगी। अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में वाद सूचक बैजनाथ राम, निवासी पिपरा बराही, थाना कुटुंबा ने 10 अगस्त 2006 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्तों ने लाठी और डंडे से मारपीट कर उनके पुत्र बलिन्द्र राम को घायल कर दिया था। घटना के पीछे पंचायत समिति चुनाव को लेकर चुनावी रंजिश को कारण बताया गया था, क्योंकि बलिन्द्र राम ने पंचायत समिति का चुनाव लड़ा था, जिससे विवाद उत्पन्न हुआ था।

## भारत गैस की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बुधवार को कोंच स्थित भारत गैस ग्रामीण वितरण केंद्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टेरेटरी मैनेजर सह विक्रय पदाधिकारी तथा गयाजी भारत गैस के वितरक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था, उपभोक्ता सुविधाओं और सुरक्षा मानकों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने भारत गैस की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। बताया गया कि संबंधित गैस सिलेंडर के मालिक मुन्ना कुमार हैं। कार्यक्रम को लेकर वितरण केंद्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिला।




# नशेड़ी व शराब कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा और शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गोपालपुर गांव से पुलिस ने एक नशेड़ी गणेश यादव को गिरफ्तार किया। बताया गया कि आरोपी नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचा रहा था जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। वहीं दूसरी ओर शराब बेचने के मामले में सोनेखाप गांव निवासी कारू चौधरी उर्फ अनिल चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया और उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में नशा और अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

# चोरी गई बाइक का मिला बीमा लाभ, जिला उपभोक्ता अदालत से राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता अदालत से बाइक चोरी से जुड़े मामले में पीड़ित को राहत मिली है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला उपभोक्ता अदालत में शिकायत वाद संख्या 11/23 की सुनवाई के दौरान वाद सूचक योगेन्द्र राम, निवासी मनीका मदनपुर को चौला मंडलम बीमा कंपनी, बेरिंग कैनाल रोड पटना की ओर से 45 हजार 781 रुपये का चेक भेजा गया। उक्त चेक जिला उपभोक्ता अदालत के अध्यक्ष संजय कुमार और सदस्य बद्री नारायण सिंह द्वारा पीड़ित योगेन्द्र राम को सुपुर्द किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि योगेन्द्र राम औरंगाबाद समाहरणालय के गोपनीय शाखा में पत्र वितरण का कार्य करता था। 15 जून 2022 को दोपहर के समय उसकी बाइक समाहरणालय परिसर से चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाना में कांड संख्या 360/22 दर्ज कराई गई थी। बाइक चोरी होने के बाद पीड़ित की ओर से वकालतन नोटिस बीमा कंपनी को भेजा गया था, लेकिन बीमा कंपनी की ओर से असंतोषजनक जवाब दिया गया। वाहन के अभाव में हुए मानसिक और आर्थिक नुकसान का हवाला देते हुए पीड़ित ने अंततः जिला उपभोक्ता अदालत की शरण ली। सुनवाई के बाद अदालत के निर्देश पर बीमा कंपनी ने चोरी गई बाइक के एवज में बीमा राशि का भुगतान किया, जिससे पीड़ित को न्याय मिला।



## वाहन दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी कुर्था मुख्य मार्ग के सुपटा मोड़ के समीप वाहन दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के रिकाबगंज मुहल्ला निवासी स्व अनिल पौढ़ के 25 वर्षीय पुत्र रोहित पौढ़ के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान रिकाबगंज मुहल्ला निवासी मुन्ना शर्मा के पुत्र अंश कुमार के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार रोहित व अंश टिकारी की ओर जा रहे थे इसी दौरान सुपटा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हो गये।

# मीठापुर-चंदैनी पथ पर लटक रहा 11 हजार वोल्ट का तार, हादसे की आशंका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के काबर पंचायत अंतर्गत ग्राम मीठापुर-चंदैनी पथ पर 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार मात्र लगभग सात फीट की ऊंचाई पर गुजरने से कभी भी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण किसान सुरेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, पवन कुमार, उमा ठाकुर एवं पप्पू यादव ने शिकायत की थी। शिकायत के आलोक में राजद के काबर पंचायत अध्यक्ष लालू यादव बुधवार सुबह करीब आठ बजे उक्त स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद लालू यादव ने बताया कि सड़क से इतनी कम ऊंचाई पर हाईटेंशन तार का गुजरना जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने इस संबंध में कनीय अभियंता विवेक कुमार से संपर्क कर मामले को उठाया तथा अविलंब तार की ऊंचाई बढ़ाने या अन्य सुरक्षित समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने भी शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कनीय अभियंता विवेक कुमार ने बताया कि जांच कर निदान किया जाएगा।

**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद**

बिहार सरकार

ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाइट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स हरकृष्ण सिंह चोपड़ा एण्ड कम्पनी, आवेदकः हर्षित जिंदल, पिता–श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल, पता–5A सुरमा विला चनचनी कॉलोनी, धैया धनबाद (झारखंड) 826004 द्वारा सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–12C बालु घाट, मौजा–(डिहरा) नवनेर, पोस्ट+थाना–ओबरा, ब्लॉक–ओबरा, जिला–औरंगाबाद में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः **msbspcb-bih@gov.in** पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है:–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 27.02.2026 | अपराहन 12:30 बजे | ओबरा, जिला–औरंगाबाद | (डिहरा) नवनेर | सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–12C | प्रखंड कार्यालय, ओबरा, जिला– औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेगें।

PR- 022436 (B & C) 2025-26

सदस्य सचिव

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

**बिहार सरकार**

**बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि॰**
(बिहार सरकार का उपक्रम)
परियोजना निदेशक का कार्यालय, औरंगाबाद।

BUIDCO Building Better Tomorrow

Mobile No- 8292763916,E-mail-duda.aurangabad.bihar@gmail.com

पत्रांकः– 50...बुडको, औरंगाबाद।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)**

**निविदा संख्या:–14/2025–2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम एवं पता | परियोजना निदेशक, बुडको, (औरंगाबाद) गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गयाजी। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | दिनांक– 26/01/2026 |
| 3 | निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि | दिनांक 26/01/2026 से 01/02/2026 के 17.00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | प्री बीड मीटिंग का समय स्थान/तिथि | दिनांक– 28.09.2025 समय 13.00 बजे स्थान– कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक. बुडको, (गयाजी) |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक–01.02.2026 के 17.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय | दिनांक– 01.02.2026 के 17.00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 7 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय | तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात। (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 8 | अग्रधन, सभी शपथ–पत्र, Existing Committment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान | दिनांक–03.01.2026 के 17.00 बजे तक 1. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) बेस्ट बोरिंग केनाल रोड, राजापुर पुल, पटना–800001, बिहार, पटना का कार्यालय। 2. परियोजना निदेषक, औरंगाबाद, बुडको का कार्यालय। गया जी समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने,गया |

9 कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत वार्ड सं0 04 में विक्की सिंह, (कोषाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा औरंगाबाद) के घर से बैजनाथ सिंह के घर होते हुए एन0एच0–02 तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | 58,99,362.00 | 1,18,000.00 | 17,700.00 | As Per Eproc | 5 माह |
| 2 | नगर पंचायत, नवीनगर अन्तर्गत वार्ड न0 04 रमेश सिंह के घर से मोहन अग्रवाल के घर तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 53,83,039.00 | 1,08,000.00 | 17,700.00 | As Per Eproc | 5 माह |

नोटः– 1. **Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in**

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 022289 ( B & C ) 2025-26

परियोजना निदेशक,
बुडको, औरंगाबाद।

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

संपादकीय

# आदिवासी कैदियों पर विचार हो

भले ही यह आरोप राजनीतिक मंशा से लगाया गया हो, लेकिन जो तथ्य हैं, वो गंभीर हैं और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने रविवार को कहा कि राज्य की जेलों में विचाराधीन कैदियों में करीब 21 प्रतिशत कैदी आदिवासी समुदाय के हैं। यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। सिंघार ने कहा कि सरकार और न्यायपालिका से ऐसे कैदियों के लिए त्वरित सुनवाई और सरल जमानत प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। अपने बयान में सिंघार ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश में 1.53 करोड़ से अधिक आदिवासी रहते हैं, जो राज्य की आबादी का 21.08 प्रतिशत है और यह भारत में सबसे अधिक है। प्रदेश की जेलों में अत्यधिक भीड़भाड़ के बारे में चिंता जताते हुए सिंघार ने कहा कि राज्य की 132 जेलों में 45,543 कैदी बंद हैं। यह संख्या बिहार और उत्तर प्रदेश के बाद देश में सबसे अधिक है। सिंघार स्वयं आदिवासी समुदाय से आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कुल 22,946 कैदियों में करीब 50 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं, जिनके खिलाफ अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं या जिनकी सुनवाई चल रही है। इनमें से 21 प्रतिशत आदिवासी समुदाय से हैं, जो देश में सबसे ज्यादा है। साथ जेलों में बंद कैदियों की संख्या उनकी तय क्षमता 30 हजार बहुत ज्यादा यानी 152 प्रतिशत है। इसी से अंदाजा लगाया जाता सकता है कि कैदी जेलों में किन परिस्थितियों में रहते होंगे। लेकिन इसका एक और सामाजिक पक्ष यह भी है कि सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोग लंबी न्यायिक प्रक्रिया के कारण अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जहां उन्हें गरीबी और जमानत न जुटा पाने के कारण लंबे समय तक जेल में रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हाल में उच्चतम न्यायालय ने विचाराधीन कैदियों के लंबे समय तक जेल में बंद रहने पर कड़ी टिप्पणियां की हैं। सिंघार की इस बात से शायद ही कोई असहमत हो कि बिना दोष सिद्ध हुए किसी व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में रखना संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। तल्ख हकीकत यह है कि विचाराधीन कैदी और खासकर गरीब वर्ग के लोग जेलों में इसलिए सड़ रहे हैं,क्योंकि जमानत राशि जुटाने की उनकी हैसियत ही नहीं है। सिंघार के मुताबिक आंकड़ों में देखें तो कुल दोषी 22 हजार कैदियों में 50 प्रतिशत संख्या केवल आदिवासी और दलितों की है। जाहिर है कि सिंघार की मांग जेलों में सुधार की है, जिससे शायद ही कोई असहमत हो। दूसरे, कमजोर वर्ग की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बिना सजा मिले भी, उनका जेलों में बंद रहना अमानवीयता का परिचायक है। बेशक जेल मनुष्य द्वारा बनाई न्याय व्यवस्था का वो घटक है, जहां अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद सजा की अवधि अपराधी को बितानी होती है। इस दौरान वह समाज से दूर रहता है। माना जाता है कि इस तरह दंड देने से उसके भीतर सुधार होगा और उसका ह्रदय परिवर्तन होकर वह सन्मार्ग के रास्ते पर चलेगा। हालांकि हमेशा ऐसा हो, जरूरी नहीं है। क्योंकि कई मामलों में यह भी देखने में आया है कि जेल जाकर अपराधी और ज्यादा शातिर और पेशेवर हो जाते हैं। ऐसे में विचाराधीन कैदियों को भी सजायाफ्तां कैदियों के साथ रखना और भी खतरनाक हो सकता है। गरीब और कमजोर वर्ग के कैदियों की त्रासदी यह है कि उनके पास पैसा नहीं होने से वो हर जगह उत्पीड़न का शिकार होते हैं। उमंग सिंघार के बयान के इस मानवीय पक्ष को ध्यान में रखकर सरकार को उचित और त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

# कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन से क्या मजबूत होगा लोकतंत्र?

**लोकतंत्र कोई एक बार प्राप्त कर ली गई उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसे निरंतर पोषण, संवाद और संस्थागत मजबूती की आवश्यकता होती है। समय के साथ बदलती सामाजिक, राजनीतिक और तकनीकी परिस्थितियाँ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी करती रहती हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंचों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, जो विभिन्न देशों को लोकतांत्रिक मूल्यों, परंपराओं और व्यवहारों को साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन (कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस) इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसने यह सिद्ध किया कि साझा लोकतांत्रिक विरासत और सामूहिक विमर्श के माध्यम से लोकतंत्र की जड़ों को और गहराई प्रदान की जा सकती है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) कॉमनवेल्थ देशों के सांसदों और संसदों के पीठासीन अधिकारियों को एक साझा मंच पर लाती है। ये वे देश हैं, जिनमें से अधिकांश में संसदीय लोकतंत्र की एक समान ऐतिहासिक परंपरा रही है। यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है, जहाँ निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श करते हैं, एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हैं और शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और समावेशी बनाने के नए उपायों की खोज करते हैं। आज के दौर में, जब विश्व भर में लोकतंत्र ध्रुवीकरण, गलत सूचना, जनता के घटते विश्वास और तकनीकी हस्तक्षेप जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब इस प्रकार का संवाद न केवल प्रासंगिक बल्कि अत्यंत आवश्यक हो जाता है।




भारत द्वारा इस सम्मेलन की मेजबानी किया जाना अपने आप में विशेष प्रतीकात्मक और व्यावहारिक महत्व रखता है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विविधताओं से भरे समाज में लोकतांत्रिक शासन कीु की संभावनाओं और जटिलताओं दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। कॉमनवेल्थ के विभिन्न देशों से आए संसदीय नेताओं को एक साथ लाकर भारत ने यह संदेश दिया कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुलतावाद और संस्थागत संवाद के प्रति प्रतिबद्ध है। सम्मेलन के दौरान इस तथ्य पर विशेष बल दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती मजबूत विधायिकाओं पर निर्भर करती है, जो जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व कर सकें, कार्यपालिका पर प्रभावी निगरानी रख सकें और संवैधानिक सिद्धांतों की रक्षा कर सकें। सम्मेलन के प्रमुख विषयों में से एक संसदीय संस्थाओं को सशक्त बनाने का प्रश्न था। विधायिकाएँ किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ होती हैं, किंतु अनेक देशों में वे प्रभावहीनता, कार्यपालिका के बढ़ते वर्चस्व और जनता के घटते विश्वास जैसी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि संसदों को पर्याप्त संसाधन, प्रक्रियात्मक स्वायत्तता और संस्थागत क्षमता प्रदान की जानी चाहिए। मजबूत संसदीय समितियाँ, सूचित और सार्थक बहसें तथा प्रभावी निगरानी तंत्र इस बात को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि शासन सत्ता-केंद्रित न होकर जन-केंद्रित बना रहे।

लोकतंत्र पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर भी सम्मेलन में गहन चर्चा हुई। डिजिटल तकनीकों ने राजनीतिक संवाद, विधायी कार्य और नागरिक सहभागिता के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। एक ओर तकनीक पारदर्शिता, दक्षता और भागीदारी के नए अवसर प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर यह गलत सूचना, साइबर हेरफेर और विवेकपूर्ण सार्वजनिक विमर्श के क्षरण जैसी गंभीर चुनौतियाँ भी उत्पन्न करती है। सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी कि कानून निर्माताओं की यह जिम्मेदारी है कि वे ऐसी संतुलित नीतियाँ तैयार करें, जो तकनीक का उपयोग सार्वजनिक हित में करें और साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों, निजता और सामाजिक सौहार्द्र की रक्षा भी सुनिश्चित करें।

बदलते सामाजिक परिवेश में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका पर भी विशेष ध्यान दिया गया। आज के सांसद और विधायक निरंतर सार्वजनिक निगरानी और तेज़ी से बदलते सूचना चक्र के बीच काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया ने नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच की दूरी को कम किया है, लेकिन साथ ही इसने लोकलुभावन प्रवृत्तियों और आक्रामकता को भी बढ़ावा दिया है। सम्मेलन में यह रेखांकित किया गया कि जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक दबावों के बावजूद नैतिक आचरण, मर्यादित बहस और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती केवल चुनावी जीत में नहीं, बल्कि संवाद की गुणवत्ता और असहमति के प्रति सम्मान में निहित होती है।

समावेशन और प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी सम्मेलन के विमर्श का एक महत्वपूर्ण आधार रहा। कोई भी लोकतंत्र तभी सशक्त हो सकता है, जब वह अपने समाज की विविधता को सही मायनों में प्रतिबिंबित करे। विधायी संस्थाओं में महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर मौजूद समुदायों की बढ़ती भागीदारी पर गंभीर चर्चा हुई। कॉमनवेल्थ ढाँचा, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है, देशों को यह अवसर प्रदान करता है कि वे समावेशी प्रतिनिधित्व के सफल मॉडलों से सीखें और उन्हें अपनी सामाजिक- राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप अपनाएँ।

सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय संसदीय कूटनीति के महत्व को भी रेखांकित किया गया। आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, आर्थिक असमानता और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे अनेक मुद्दे राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। विभिन्न देशों की संसदों के बीच संवाद कार्यपालिका स्तर की कूटनीति को पूरक बनाते हुए विश्वास, समझ और सहमति को बढ़ावा दे सकता है। इससे राष्ट्रीय नीतियों को वैश्विक लोकतांत्रिक मानकों के अनुरूप ढालने में सहायता मिलती है, साथ ही संप्रभुता और सांस्कृतिक विविधता का सम्मान भी बना रहता है।

महत्वपूर्ण यह रहा कि सम्मेलन का विमर्श केवल आदर्शवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आज लोकतंत्र के सामने मौजूद वास्तविक खतरों को भी खुले रूप में स्वीकार किया गया। सत्तावादी प्रवृत्तियाँ, संस्थाओं का कमजोर होना और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में जनता का घटता विश्वास जैसी चुनौतियों पर गंभीर चिंतन हुआ। इस बात पर व्यापक सहमति बनी कि लोकतंत्र केवल परंपरा के बल पर जीवित नहीं रह सकता, बल्कि उसे निरंतर नवीकरण, आत्म-संशोधन और जनभागीदारी की आवश्यकता होती है। ऐसे सम्मेलन इस सत्य की याद दिलाते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को समय के साथ विकसित होना ही होगा, तभी वे प्रासंगिक और विश्वसनीय बनी रह सकती हैं। कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन ने यह स्पष्ट किया कि सामूहिक चिंतन और सहयोग के माध्यम से लोकतंत्र को ठोस और सार्थक रूप से सुदृढ़ किया जा सकता है। सांसदों के बीच संवाद को प्रोत्साहित कर, संस्थागत श्रेष्ठ प्रथाओं को मजबूत कर और समकालीन चुनौतियों का सामना करते हुए यह सम्मेलन वैश्विक लोकतांत्रिक शासन की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान देता है। अनिश्चितताओं और परिवर्तन के इस युग में ऐसे मंच यह विश्वास दोहराते हैं कि लोकतंत्र, अपनी सभी सीमाओं के बावजूद, मानव समाज की सबसे समावेशी और उत्तरदायी शासन प्रणाली है, और इसकी वास्तविक शक्ति साझा सीख, पारस्परिक सम्मान तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता में निहित है।

अध्यात्म

## अपने वास्तविक कार्यों पर गंभीर बने



बंगाल में नदिया के राजा कृष्णचंद्र के दरबार के नवरत्नों में से थे गोपाल भांड। वह अपनी सूझ-बूझ और चतुराई से राजा सहित आम जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। एक बार राजा कृष्णचंद्र की सभा में बाहर से आए एक पंडित आए।

वह उस समय के भारत में प्रचलित अधिकाशं भाषाएं, यहां तक कि संस्कृत, अरबी, फारसी आदि प्राचीन भाषाओं में बेहतर तरीके से बोलते हुए अपना परिचय देने लगे। पंडित जी द्वारा कई भाषाओं में बोलने पर राजा कृष्णचंद्र ने अपने दरबारियों की ओर शक भरी दृष्टि से देखा। लेकिन दरबारी यह अनुमान न लगा सके कि दरबार में पधारे पंडित जी की मातृभाषा क्या है?

राजा कृष्णचंद्र ने गोपाल भांड से पूछा, 'क्या तुम कई भाषाओं के ज्ञाता अतिथि पंडित की मातृभाषा बता सकते हो?' गोपाल भांड ने बड़ी विनम्रता के साथ कहा,' मैं तो भाषाओं का जानकार हूं नहीं, यदि मुझे अपने हिसाब से पता करने की आजादी दी जाए तो मैं यह काम कर सकता हूं।'

राजा कृष्णचंद्र ने स्वीकृति दे दी। दरबार की सभा समाप्त होने के बाद सभी दरबारी सीढ़ियों से उतर रहे थे। गोपाल भांड ने तभी अतिथि पंडित को जोर का धक्का दिया। वे अपनी मातृभाषा में गाली देते हुए नीचे आ पहुंचे।

सभी जान गए कि उनकी मातृभाषा क्या है। गोपाल भांड ने विनम्रता से कहा, 'देखिए, तोते को आप राम-राम और राधे-श्याम सिखाया करते हैं। वह भी हमेशा राम-नाम या राधे-श्याम सुनाया करता है।

लेकिन, जब बिल्ली आकर उसे दबोचना चाहती है, तो उसके मुख से टें-टें के सिवाय और कुछ नहीं निकलता। आराम के समय सब भाषाएं चल जाती हैं, किंतु आफत में मातृभाषा ही काम देती है।' अतिथि पंडित जी बड़े लज्जित हुए।

# अब मुंबई को संवारने की चुनौती नए पालनहार पर

**महाराष्ट्र नगर निगम के चुनाव में एनडीए की फिर से धमक दिखी है। महाराष्ट्र स्थानीय निकाय के चुनाव में 29 महानगरपालिकाओं में 25 पर जीत हासिल करके अपना दबदबा बनाया है। यूबीटी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी इस बात को समझ रहे थे कि उनके लिए असली प्रतिष्ठा की लड़ाई मुंबई महानगरपालिका के चुनाव है। इसलिए उन्होंने अपनी पूरी ताकत मुंबई में लगाई। राजनीतिक समीकरणों में उद्धव और राज ठाकरे एक साथ आए और गठबंधन के दल कांग्रेस और एनसीपी पवार दूर चले गए। मुंबई का सियासी अखाड़ा ठाकरे बंधुओं के लिए ठाकरे ब्रांड को बचाने का एक कठिन संघर्ष था। उधर पवार शब्द के सियासी अस्तित्व के लिए अजित पवार मनपा चुनाव के लिए चाचा शरद पवार से मिल गए।**

**वेद विलास उनियाल**

स्थानीय निकाय के परिणामों ने जहां यूबीटी को राज्य में निराशा दी वहीं यह हौसला भी कायम रखा कि मुंबई में उनका अपना अस्तित्व कायम है। लेकिन दूसरी तरफ पवार ब्रांड पर निराशा के भारी संकेत है। महायुति में भगवा मुंबई नासिक नागपुर पुणे हर जगह लहराया है। बीजेपी के लिए इस बात की खास अहमियत है कि अब केरल के तिरुवनंतपुरम के साथ साथ मुंबई में भी उसका पहली बार मेयर होगा। जहां तक कांग्रेस की बात है वह लातूर कोल्हापुर जैसे शहरों में ही सिमट कर रह गई। बीजेपी के लिए महाराष्ट्र के इन नतीजों की बडी अहमियत है। केवल इस नाते नहीं कि विधानसभा में महायुति को 234 सीटें हासिल हुई थी। इसी कड़ी में महाराष्ट्र में भी भगवा लहराया है। वह महाराष्ट्र हरियाणा बिहार विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बाद महाराष्ट्र निकाय में भी भारी सफलता का परचम फहरा रही है। महाराष्ट्र में बीजेपी ने शहरी इलाकों में अच्छे वोट पाए। उसका फैलाव अब पूर महाराष्ट्र में है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पूरे चुनाव का नेतृत्व कर रहे थे। हालांकि पार्टी यह दोहराती रही कि पीएम मोदी की नीतियों और योजनाओं पर वोट मांग रही है। महाराष्ट्र बीजेपी में देवेंद्र फडणवीस सबसे ताकतवर नेता बन गए हैं। बीजेपी मुंबई में ट्रिपल सरकार होने का उद्घोष कर रही है तो इसका श्रेय देवेंद्र फडणवीस को मिल रहा है। बीजेपी के लिए ये उत्साह जगाने वाले परिणाम हैं। खासकर पश्चिम बंगाल के चुनाव में बीजेपी कुछ और हौसले के साथ मैदान में उतर सकती है। इसकी प्रतिध्वनि उत्तर प्रदेश में भी सुनी समझी गई। जहां सपा नेता अखिलेश यादव ने इस बात को स्वीकारा है कि बीजेपी चुनाव जीतना जानती है।

स्थानीय निकाय के चुनाव में महाविकास आघाड़ी का पूरा ताना बाना बिखरा। उद्धव ठाकरे की यूबीटी और राज ठाकरे के मनसे के गठबंधन एक बार महाराष्ट्र के मतदाताओं को झकझोरने की कवायद था। खासकर उद्धव राज किसी भी तरह मुंबई को अपने हाथ से नहीं जाने देना चाहते थे। तीस साल से मुंबई महानगर पालिका पर ठाकरे परिवार का प्रभाव रहा है। मुंबई महानगरपालिका की अहमियत को इस बात से जाना जाता है कि मुंबई महानगर पालिका के चुनाव की अहमियत इस बात से साबित होती है कि 2025-26 में बीएमसी का बजट 74 427 करोड़ रुपए था। मुंबई देश आर्थिक राजधानी कहलाती है। अगले लोकसभा चुनाव के लिहाज से मुंबई महानगरपालिका के चुनाव की अहमियत समझी जा सकती। । यूबीटी ने महाराष्ट्र विकास आघाडी के साथी दलों के बिना 65 सीटें हासिल की है उससे यह स्पष्ट है कि चुनाव हारने पर भी उसकी अपना अस्तित्व बना हुआ है। उसके प्रभाव में ही मनसे भी छह सीटें जीती है। यह आंकड़े यूबीटी को थोड़ा हताश तो करते हैं लेकिन उसमें आगे के संघर्ष के लिए पूरी आंच भी दिखती।

महाराष्ट्र में एनसीपी नेता शरद पवार के पुणे पिंपरी चिंचवाड के गढ ढह गए। चुनाव से ठीक



पहले कलाबाजी करते हुए अजित पवार अपने चाचा शरद पवार से मिल गए थे। यह समझौता स्थानीय निकाय चुनाव में पवार ब्रांड को बचाने के लिए था। लेकिन बदलती हुई राजनीति की थाह इससे ली जा सकती है कि महाराष्ट्र में ही नहीं देश भर में प्रचारित सियासी चाणक्य शरद पवार पूरे महाराष्ट्र में अपनी सीटों की संख्या 40 भी नहीं पहुंचा सके। उनसे बेहतर प्रदर्शन तो एनसीपी अजित पवार की एनसीपी का रहा है। राज ठाकरे पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन तोड़ा। लेकिन इसके पीछे दूसरे भी अहम कारण थे। कांग्रेस ने महसूस किया है कि अकेले दम पर वह बहुत कुछ हासिल नहीं कर पाई। लातूर मे 43 सीट हासिल करके उसने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसी तरह कोल्हापुर में भी उसे जीत हासिल हुई है। लेकिन, पूरे राज्य में महाविकास आघाडी के सबसे बड़े दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस के खाते में राज्य भर में दो महानगरपालिका और 326 सीटें हैं। यही नहीं जिस तरह एआईएमआईएम ने अपनी धमक दिखाई है वह राज्य के बाहर भी कांग्रेस और सपा के लिए चिंता का विषय हो सकता है। देखना होगा कि महाविकास आघाडी के गठबंधन फिर साथ आते हैं या नहीं। महायुति गठबंधन का प्रमुख सहयोगी होने के नाते शिवसेना शिंदे को हालांकि राज्य में 399 सीटें मिली है। ठाणें में 50 में 33 सीटें उसने हासिल की है। लेकिन बीजेपी को मुंबई में अपने इस सहयोगी से जो अपेक्षा उसमें कहीं कुछ कमी रह गई। शिवसेना शिंदे जिस तरह मुंबई में अपेक्षा का प्रदर्शन नहीं कर पाई उसने ही उद्धव ठाकरे की सीटें बढाई है। महायुति की सफलता के पीछे कई बड़े कारण है। विधानसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित महायुति ने इन चुनावों में पूरी ताकत झोंकी। हालांकि बीजेपी के केंद्र में शीर्ष स्तर के नेताओं ने इसमें प्रचार नहीं किया। राज्य इकाई के नेताओं पर ही सारा दारोमदार था। महायुति का चुनाव प्रचार अभियान संतुलित था लेकिन महाविकास आघाडी में बिखराव दिखा। बीजेपी मतदाताओं को यह संदेश देने में सफल रही कि चुनाव का मुख्य एजेंडा विकास है। महायुति विकास करने में सक्षम है। और महायुति ने सुशासन को अपने एजेंडे में रखा। महायुति ने पूरे राज्य में सघन प्रचार किया। महाविकास आघाड़ी के घटक अपने अपने क्षेत्रों में सिमटी रहे। उद्धव ठाकरे चुनाव प्रचार में नहीं निकले। यूबीटी मनसे मुंबई में ही सिमट गई। बीजेपी और शिवसेना शिंदे के बीच तालमेल बेहतर बना रहा। उत्तर भारतीय मतदाताओं का रुझान भी महायुति के लिए दिखा। अन्ना मलाई को लेकर राज ठाकरे की टिप्पणी का उत्तर भारतीयों सहित गैर महाराष्ट्रीय लोगों पर अच्छा असर नहीं गया। राज ठाकरे की टिप्पणियों ने उन्हें कई तरह से सशंकित किया। महायुति ने अपने प्रचार में इस बात को सामने रखा कि पूरा गठबंधन पीएम मोदी की नीतियों पर चल रहा है। मनपा की सत्ता मिलने पर इसका हर तरफ से फायदा होगा। महायुति ने इस प्रचार में कमी नहीं आने दी कि उद्धव ठाकरे अपने निजी हितों के लिए सनातन के विरोध में चले गए हैं। पालघर घुसपैठ आदि तमाम ऐसे प्रसंगों का जिक्र किया गया जिसका जवाब देने में यूबीटी को कहीं न कहीं दिक्कत हुई। कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने का फायदा नहीं मिला। बीजेपी ने सधे हुए तरीके से यह प्रचार किया कि शिवसेना मनपा कांग्रेस जहां भी सत्ता में है वहां के बजट का ठीक से उपयोग नहीं कर पाते हैं।हालांकि विपक्ष ने चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए। चुनाव में धनबल के उपयोग के अलावा स्याही के मिटने का सवाल भी जोर शोर से उठाया। हालांकि, लगता है कि इन बातों को विपक्ष आगे तूल देगा। चुनाव से ठीक पहले ठाकरे बंधुओं का मिलन या पवार चाचा भतीजा का मिलने को लोगों ने स्वाभाविक नहीं माना। बीजेपी के सामने अब खासकर मुंबई को संवारने की बड़ी चुनौती है। मुंबई को अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित करने का दारोमदार है। बीजेपी किसी को भी मेयर बनाए लेकिन कसौटी पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही होंगे। मुंबई की खराब सड़कें प्रदूषण ट्रैफिक जाम को दुरुस्त करना प्राथमिकता होगी। विकास का ऐजेंडे से जीत हासिल करने की बात कहने वाली बीजेपी को हर बार बरसात में अस्त व्यस्त होते मुंबई को भी पटरी पर लाना होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष** — अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। व्यावसायिक परेशानियों का निवारण होगा। क्रोध और तात्कालिक प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिये।

**वृषभ** — स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। नये अतिथियों के आने से असहजता की स्थिति निर्मित होगी।

**मिथुन** — सम्पत्ति निवेश के लिये समय बहुत शुभ है। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपको बड़े-बुजुर्गों का सहयोग और आशीर्वाद मिलेगा। नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।

**कर्क** — आय के नये स्रोत विकसित होंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का यश बढ़ेगा। आपका मूड सुबह से बहुत ही अच्छा रहेगा। दार्शनिक चिन्तन में मन लगेगा।

**सिंह** — प्रणय सम्बन्धों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न न होने दें। घर में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकता है। किसी गम्भीर मुद्दे पर चर्चा होगी।

**कन्या** — जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर संयम रखें। परिजनों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** — जीवनसाथी के प्रति व्यवहार मृदु रहेगा। आपके परामर्श से लोगों के कठिन काम भी आसानी से हो जायेंगे। आप अपने लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है। सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें।

**धनु** — घर में खुशहाली का वातावरण रहेगा। साहस और धैर्य के साथ आपको काम करना चाहिये। जीवनसाथी के साथ अपनी समस्याओं को शेयर करना उत्तम होगा।

**मकर** — नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये। अपना व्यवहार सन्तुलित रखें। मन में उदासी का भाव पनप सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण व्यवहारिक चूक कर सकते हैं।

**कुंभ** — नयी जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आपके ऊपर काम की काफी जिम्मेदारी रहेगी।

**मीन** — अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं। अड़ियल रवैया अपनाने से बचें। जीवनशैली में बदलाव लाने का प्रयास कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ससुर ने बड़े बेटे के इलाज के लिए जमीन बेच पैसे रखे छोटी बहू पैसे लेकर फरार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सराय पंचायत कहारी टोला में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल ढाई माह से अस्पताल में इलाजरत बड़े बेटे के लिए, जमीन बेच कर पैसे इकट्ठे कर इलाज के लिए घर में रखे पैसे को लेकर छोटी बहू फरार हो गई। इस संबंध में लापता महिला के पति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के कहारी टोला निवासी झुन्नु कुमार के बड़े भाई दीपू कुमार करीब 75 दिनों पूर्व छत से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए पटना के इन्दिरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां काफी पैसा खर्च होने के कारण घायल के पिता ने अपनी जमीन बेच डाली और जमीन बेचकर लगभग चार लाख रुपए छोटे बेटे के पत्नी पूजा देवी के पास रख दिए थे। पूजा देवी जमीन के बेचे हुए पैसे एवं गहने लेकर फरार हो गई। पूजा के पति झुन्नु ने बताया कि पत्नी अक्सर दो नंबरों पर बात करती थी, आरोप है कि उन्हीं नंबरों से हमारी पत्नी बहकाने में आ गई। जिसके बाद वो पैसे व गहने लेकर फरार हो गई है। फिलहाल शिकायत के बाद पुलिस जांच कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### झंडोत्तोलन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे डिप्टी सीएम

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के दिन प्रखंड के जमसौत पंचायत के सिकंदरपुर महादलित टोले में झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रस्तावित है। झंडोत्तोलन टोले के वृद्ध बुधन मांझी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में बिहार के डिप्टी सीएम भी मौजूद रहेंगे। बीडीओ आलोक कुमार ने बताया कि एसडीओ अनिरुद्ध पाण्डेय समेत वरीय अधिकारियों ने सिकंदरपुर महादलित टोला का र स्थल निरीक्षण किया गया है और एसडीओ ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है।

### सोनागोपालपुर पंचायत के पूर्व मुखिया की पुण्यतिथि मनायी गयी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोना गोपालपुर पंचायत के पूर्व मुखिया स्व: कपिल देव सिंह यादव का छठा पुण्यतिथि उनके सभी पुत्र पवन कुमार यादव पूर्व प्रमुख,मिंटू यादव,संपतचक नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ऋषभ राय(बंटू ) अपने स - परिवार और मित्र बंधु के साथ सादगी तरीके से अपने आवास पर मनाया और उन्हें



भावपूर्ण तरीके से श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया . संपतचक नगर परिषद अध्यक्ष अमित कुमार ने भी श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया और उन्होंने कहा कि स्व. कपिल देव सिंह यादव लगातार सोनागोपालपुर पंचायत के मुखिया रहे और पंचायत के विकास में अहम भूमिका निभाई . उन्होंने कहा वो सीधा जनता से संवाद करते थे उन्होंने अपने क्षेत्र और जनता का हमेशा भले के लिए सोचा ,आज उन्हीं के विकास के सोच को हम आगे बढ़ा रहे.

### सुधा अब बाजार में लाएगा सरसों का तेल: संजय कुमार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा है कि बहुत जल्द सुधा ब्रांड के तहत सरसों का तेल भी बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा. उन्होंने यह जानकारी 'दही खाओ इनाम पाओ' प्रतियोगिता के दौरान पत्रकारों से बातचीत में दी. संजय कुमार ने बताया कि दुग्ध उत्पादों के साथ-साथ अब



उपभोक्ताओं की जरूरत को देखते हुए सुधा अपने उत्पादों का विस्तार कर रहा है. इसी क्रम में शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण सरसों का तेल लाने की तैयारी अंतिम चरण में है. उन्होंने कहा कि सुधा हमेशा से भरोसेमंद और मानक गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराता रहा है और सरसों का तेल भी इसी गुणवत्ता के साथ बाजार में उतारा जाएगा.

### शराब मामले के फरार कारोबारी गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को गोरैया स्थान बाजार के पास से पुलिस ने छापेमारी करते हुए शराब मामले में फरार चल रहे एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 734/25 शराब मामले गौरैया स्थान नागा टोला दनइयाँ कुमार के खिलाफ दर्ज है। उस वक्त 134 पेटी अंग्रेजी शराब को बरामद की गई थी। जिसमें मुख्य आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे सूचना पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया गया है।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय परसामा में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परसामा पंचायत पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन कमेटी की बैठक में बाढ़ के भाजपा विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह शामिल हुए। विद्यालय की प्राचार्य ममता कुमारी पंचायत के मुखिया शंभू सिंह पंचायत के चर्चित समाजसेवी मदन मुरारी उर्फ गोपाल सिंह मंडल अध्यक्ष संजय साव



सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी बैठक में शामिल हुआ। इस दौरान विधायक का सम्मान किया गया लेकिन प्रबंधन कमेटी के गठन का चर्चा नहीं हुआ। प्रधानाध्यापिका से पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विधायक जी को सब कुछ पता है गठन हो जाएगा। वहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पंचायत के एक से एक बुद्धिजीवी और शिक्षाविद को प्रबंध कमेटी में जगह नहीं मिली है।

### अनुमंडल अस्पताल में दवा का एक ही काउंटर रहने से मरीजों को होती है परेशानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल को नया भवन तो मिल गया है, लेकिन व्यवस्था परिपूर्ण नहीं होने से अक्सर मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। आपको बता दें कि बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में एक ही दवा का काउंटर हैं, जिसमें स्त्री और पुरुष दोनों को लंबी लाइन लगाकर दवा लेने के लिए घंटों खड़ा रहना पड़ता है, जिससे परेशानी होती है। मरीजों के परिजनों ने बताया कि जब नंबर आता है तभी उनको दवा मिल पाती है। एक मरीज के परिजन ने बुधवार को लगभग 1 बजे बताया कि कम से कम दवा के दो काउंटर होने चाहिए। महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग काउंटर होना चाहिए। एक काउंटर होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

# खरीफ मक्का उत्पादन बढ़ाने पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## 30 जिलों से 150 प्रतिभागी शामिल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईसीएआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मक्का अनुसंधान (आईआईएमआर) आरएमआरएसपीसी बेगूसराय एवं बीएएमईटीआई पटना के संयुक्त तत्वावधान में 21 जनवरी 2026 को बीएएमईटीआई, पटना में खरीफ मक्का उत्पादन संवर्धन विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यशाला में बिहार के 30 जिलों से उप परियोजना निदेशक एटीएमए, एफपीओ प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील किसानों सहित कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यशाला के तीन प्रमुख सत्रों में विशेषज्ञों ने खरीफ मक्का की चुनौतियों, अवसरों एवं संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की. प्रथम सत्र में आईआईएमआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. चिक्कप्पा जी. कजार्गी ने बिहार में खरीफ मक्का की वर्तमान चुनौतियों





और संभावनाओं पर प्रकाश डाला. द्वितीय सत्र में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस. एल. जाट ने खरीफ मक्का की उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी. गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्धता एवं हाइब्रिड बीज उत्पादन पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. चंदर मोहन ने विस्तृत प्रस्तुति दी. आरपीसीएयू, पूसा के बीज निदेशक डॉ. डी. के. राय एवं कॉर्टेवा एग्री साइंस के एग्रोनोमिस्ट डॉ. अमित कुमार ने खरपतवार प्रबंधन, हाइब्रिड बीज उत्पादन एवं खरीफ मक्का के पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज पर विशेषज्ञ सुझाव दिए. कार्यक्रम का संचालन एवं सत्रों का समन्वय वैज्ञानिक डॉ. आलोक कुमार साहू ने किया, जिन्होंने कार्यशाला के निष्कर्षों को समेटते हुए नीति निर्माण के लिए रोडमैप एवं रणनीतियों के रूप में सिफारिशें प्रस्तुत कीं. बीएएमईटीआई के उप निदेशक (विस्तार एवं प्रबंधन) शशि भूषण विद्यार्थी ने धन्यवाद ज्ञापन किया. बीएएमईटीआई के निदेशक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी. कार्यशाला में बाढ़ एवं सूखा प्रभावित क्षेत्रों में जलवायु अनुकूल तकनीकों, समय पर बुआई, अनुशंसित पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज, गुणवत्तापूर्ण हाइब्रिड बीज के उपयोग, यंत्रीकरण, रिज-फरो अथवा फ्लैट बेड पर मक्का बुआई, समुचित जल निकासी, शाकनाशी एवं वीडर द्वारा प्रभावी खरपतवार नियंत्रण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा जैव उर्वरक, जैव कीटनाशक एवं नैनो उर्वरक के प्रयोग पर विशेष जोर दिया गया. डिजिटल एक्सटेंशन के तहत शॉर्ट वीडियो, मोबाइल ऐप्स एवं आईसीटी आधारित सलाह को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी सहमति बनी. राज्य सरकार के फार्म एवं एफपीओ की भूमि पर प्रशिक्षण के साथ हाइब्रिड मक्का बीज उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा की गई, जिससे राज्य में बीज की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके. बीआरबीएन एवं एनएससी द्वारा किसान सहभागी हाइब्रिड बीज उत्पादन को सहयोग देने पर भी सहमति व्यक्त की गई. कार्यशाला के दौरान 'पूर्वी भारत में खरीफ एवं रबी मक्का की उन्नत खेती पद्धतियां' विषयक नवीन फोल्डर का विमोचन सभी प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के प्रश्नों का विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया तथा सामूहिक फोटो सत्र आयोजित किया गया. कार्यशाला से प्राप्त सिफारिशें बिहार में मक्का अनुसंधान, विस्तार सेवाओं एवं कृषि नीति निर्माण में उपयोगी सिद्ध होंगी.

# गुलिस्तान मोहल्ला में मौत को दावत दे रहे झूलते बिजली के तार

**वार्ड 20 में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 20 के गुलिस्तान मोहल्ला में झूलते बिजली के तार लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं. गली में बिजली के तार बेहद नीचे लटक रहे हैं, जिससे छोटे-छोटे बच्चे भी आसानी से उसकी चपेट में आ सकते हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता. गली के भीतर रोजाना बच्चों की आवाजाही बनी रहती है. बच्चे साइकिल चलाते हैं और खेलते नजर आते हैं, लेकिन झूलते तारों की ऊंचाई इतनी कम है कि करंट की चपेट में आने का खतरा हर समय बना रहता है. तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि बिजली के तार बांस के सहारे अस्थायी रूप से लटकाए गए हैं, जो कभी भी टूट सकते हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में एक मकान का निर्माण कार्य भी चल रहा है. निर्माण के दौरान लोहे की सरिया और अन्य सामग्री के कारण बिजली के तारों से टकराने का खतरा और बढ़ गया है. इसके बावजूद बिजली विभाग और नगर परिषद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद झूलते तारों को दुरुस्त नहीं कराया गया. यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला है, जहां जान-माल की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है.

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर गैर-सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को भेजा नोटिस

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस भेजा गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण कर नगर निकायों का मूल्यांकन किया जाएगा. जिसको लेकर सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को जांच के लिए नोटिस भेजा गया है. परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर परिषद क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों का साफ-सफाई, हरित क्षेत्र ,शौचालय की साफ-सफाई व वर्गीकरण , गीला सूखा कचरा के रख-रखाव हेतु अलग-अलग डस्टबीन व महिला शौचालय में सेनेटरी नेपकीन डिस्पेंसर व सैनिटरी नैपकिन इंसीनरेट डस्टबीन की व्यवस्था की जांच किया जायेगा.

# 102 वर्ष की उम्र में वरिष्ठ वामपंथी नेता कालीचरण दास का निधन, शोक की लहर

**लाल सलाम के नारों के बीच निकली शव यात्रा, भाकपा माले नेताओं ने दी श्रद्धांजलि**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी प्रखंड के सुईथा गांव के वरिष्ठ वामपंथी नेता और भाकपा माले के समर्पित कार्यकर्ता कामरेड कालीचरण दास का 102 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. उनके निधन से पूरे गांव और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई. कामरेड कालीचरण दास के पार्थिव शरीर की शव यात्रा में भाकपा माले के कई वरिष्ठ नेता और



कार्यकर्ता शामिल हुए. इस दौरान 'कामरेड कालीचरण दास अमर रहें' और 'लाल सलाम' के नारों से पूरा गांव गूंज उठा. शव यात्रा में भाकपा माले की वरिष्ठ नेता कामरेड शरीफा मांझी, संपतचक प्रखंड सचिव कामरेड सत्यानंद पासवान, कामरेड साधु शरण प्रसाद, देवी लाल पासवान, ललिन पासवान सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. भाकपा माले प्रखंड सचिव गुरुदेव दास के नेतृत्व में पार्टी का झंडा पार्थिव शरीर पर अर्पित किया गया और पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर गुरुदेव दास ने कहा कि कामरेड कालीचरण दास 1980 के दशक से पूरी जिंदगी पार्टी और जनसंघर्षों को समर्पित रहे. उन्होंने सुईथा और आसपास के इलाकों में सामंती ताकतों के खिलाफ संघर्ष किया और गरीबों, दलितों तथा शोषितों की मुखर आवाज बने रहे. श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि कामरेड कालीचरण दास के अधूरे सपनों को पूरा करते हुए सामंती और सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ संघर्ष जारी रखा जाएगा और गरीबों व वंचितों के हक की लड़ाई आगे बढ़ाई जाएगी.

# फुलवारीशरीफ में शाही संगी मस्जिद मार्ग ध्वस्त, नमाजियों व राहगीरों को भारी परेशानी

**फुलवारीशरीफ/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 में शाही संगी मस्जिद से होकर गुजरने वाला मार्ग पिछले दो दिनों से पूरी तरह बाधित है. संगी मस्जिद में नमाज पढ़ने आने वाले लोगों सहित इस रास्ते से गुजरने वाले आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.रोजाना सैंकड़ों लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं लेकिन उनकी दुश्वारियों को लेकर कोई



समाधान तत्काल नहीं किया जा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क की ढलाई के नाम पर पुरानी ढलाई को तोड़ दिया गया है, लेकिन तोड़े गए हिस्से का मलबा अब तक नहीं हटाया गया है. पूरा मार्ग टूटे हुए कंक्रीट और मलबे से भरा पड़ा है, जिससे साइकिल, मोटरसाइकिल, रिक्शा, ठेला तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें है जिन्हें पांचो वक्त की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जाना होता है. स्थानीय निवासी शिक्षक अंजर इमाम, मस्जिद के इमाम गौहर साहब, हाजी अरशद इमाम, सय्यद अहमद शरीफ ने बताया कि मलबा सड़क के किनारे भी नहीं किया गया है, ताकि एक तरफ से आवागमन चालू रखा जा सके. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है और जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. नमाज के समय बुजुर्गों और इधर से गुजरने वाले बच्चों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है. लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि मलबा जल्द से जल्द हटाकर मार्ग को अस्थायी रूप से चालू कराया जाए, ताकि आवागमन में सहूलियत मिल सके.

## 25 देशी शराब भट्ठियों को मांझी पुलिस ने किया ध्वस्त

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के गोपाल नगर दियारा क्षेत्र में मंगलवार को मांझी थाना पुलिस ने यूपी पुलिस के सहयोग से अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान सरयू नदी की रेत पर अवैध रूप से संचालित 25 देसी शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही मौके से करीब 12 हजार लीटर अर्द्धनिर्मित देसी शराब को जब्त कर विनष्ट किया गया। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह मांझी थानाध्यक्ष देवाशीष हंस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने नदी किनारे फैले दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को भी नष्ट किया। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर पूर्ण रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

# कर्ज के बोझ तले दबे प्रजापति समाज के मूर्तिकार, दयनीय हालत में गुजर रहा जीवन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को सजीव रूप देने वाले प्रजापति समाज के मूर्तिकार आज खुद बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। देवी-देवताओं की सुंदर मूर्तियां गढ़ने वाले ये कारीगर आर्थिक तंगी, कर्ज के बोझ और सामाजिक उपेक्षा के चलते दयनीय स्थिति में पहुंच चुके हैं। मूर्तिकार सतीश का कहना है कि हर साल दुर्गा पूजा, काली पूजा, छठ, सरस्वती पूजा और अन्य त्योहारों से पहले उन्हें मूर्ति निर्माण के लिए कर्ज लेकर कच्चा माल खरीदना पड़ता है। मिट्टी, भूसा, बांस, रंग, कपड़ा और अन्य सामान के लिए साहूकारों या स्थानीय दुकानदारों से उधार लेना उनकी मजबूरी बन चुकी है। त्योहार खत्म होने के बाद जैसे-तैसे मूर्तियां बिकती हैं, तो पहले वही कर्ज चुकाने में सारा पैसा निकल जाता है। हाथ में बचता है तो सिर्फ गुजारे लायक रकम। मूर्तिकार परिवारों का कहना है कि साल के कुछ ही महीनों में काम मिलता है, बाकी समय मौसमी बेरोजगारी झेलनी पड़ती है। इस दौरान घर चलाना, बच्चों की पढ़ाई और इलाज जैसे खर्च पूरे करना बेहद मुश्किल हो जाता है। कई परिवारों को दो वक्त की रोटी तक के लिए संघर्ष करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक स्थिति बच्चों की शिक्षा को लेकर है। कम आय और लगातार कर्ज के कारण प्रजापति समाज के अधिकांश मूर्तिकार अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं। कई बच्चे पढ़ाई बीच में ही छोड़कर मजदूरी या पारिवारिक काम में लगने को मजबूर हैं, जिससे यह समाज विकास की मुख्यधारा से और पीछे छूटता जा रहा है। मूर्तिकार अर्जुन पंडित ने सरकार से मांग की है कि उन्हें कम ब्याज पर ऋण, कच्चे माल पर सब्सिडी, स्थायी काम के अवसर और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाए। साथ ही मूर्ति कला को संरक्षित करने और बाजार उपलब्ध कराने के लिए विशेष योजना बनाई जाए, ताकि यह परंपरागत कला जीवित रह सके और कारीगर सम्मानजनक जीवन जी सकें। स्थानीय सामाजिक संगठनों का कहना है कि अगर समय रहते सरकार और प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले वर्षों में प्रजापति समाज की यह सदियों पुरानी कला धीरे-धीरे खत्म हो सकती है।

# आग लगाने से दस दुकानें जलकर राख

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को देर शाम थाने के पेठिया बाजार मां संतोषी मंदिर के पास अचानक एक दुकान में भीषण आग लग गई. आग ने देखते ही देखते 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं. आग से लाखों का नुकसान होने की आशंका है.प्रत्यक्षदर्शियों के पेठिया बाजार काली मंदिर के समीप मां संतोषी मंदिर के पास एक दुकान में साढ़े सात बजे अचानक आग लग गई और लपटें उठने लगीं. लपटें उठती देख आसपास के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया. लेकिन आग और भी विकराल हो गया. जिसके बाद लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी. सूचना मिलने पर आधा दर्जन दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया.हालांकि, आग ने 10 दुकानों और उनमें रखे सभी सामानों को पूरी तरह जलाकर राख कर दिया. आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है. आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी. आगलगी में दुकानदार उमेश के नमक, बिस्किट, मनोज केसरी, पिंटू किराना दुकान, ओम प्रकाश, द्वारिका चौधरी ,नंद साव, कारी साव,स्व राजू साव समेत कई दुकान जल कर राख हो गई है. प्रत्यदर्शी ने बताया कि एक दुकान दुकान बंद करने के बाद दुकान के मिर्ची जलाकर चलने जाने के बाद दुकान में आग लग गई थी. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया, "हमने तुरंत कार्रवाई की, दमकल को बुलाया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया. अग्नि शमन पदाधिकारी ने बताया कि आग लगाने का कारण नहीं पता चला पाया है.

# अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने बेलछी प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री गरिमा लोहिया के द्वारा बुधवार के दिन बेलछी प्रखंड के प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बराह पंचायत के ग्राम बराह में जनवितरण प्रणाली विक्रेता नूतन कुमारी के दुकान का औचक निरीक्षण/जांच किया गया तथा बराह पंचायत के हीं ग्राम भूआपुर के जन वितरण प्रणाली विक्रेता मीना देवी की दुकान का भी निरीक्षण/जांच किया गया। मीना देवी विक्रेता के द्वारा दुकान संचालन में पंजी संधारण एवं भंडार संधारण में अनियमितता पाई गई है, जिसके लिए विक्रेता से स्पष्टीकरण पूछते हुए अग्रेत्तर करवाई कि जाएगी। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा महंथ रामनारायण पूरी उच्च माध्यमिक



विद्यालय सकसोहरा (बेलछी) एवं उच्च विद्यालय परिसर में हीं संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, टाइप -क्ष का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया तथा छात्रावास में आवासित छात्राओं से आवासन में किसी प्रकार की असुविधा के बारे में भी पूछ ताछ किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के प्रभारी वार्डन सुनीता कुमारी को छात्रावास का संचालन अच्छे तरीके से करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय साथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार , अंचल अधिकारी, बेलछी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बेलछी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बेलछी भी उपस्थित थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने अंचल कार्यालय में वर्षों से लंबित काम को तेजी से बढ़ने का भी सख्त निर्देश दिया इस दौरान कर्मचारियों में हरकत देखी गई एसडीओ ने प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अपने कार्यालय में जनता से मिलने की व्यवस्था पर जोर देते हुए उनके लिए पेयजल और स्वचालित की भी समुचित व्यवस्था करने की बात कही।

# मौसम में फिर आएगा बदलाव, बारिश के आसार के साथ बढ़ेगी ठंड

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति के बाद बिहार के मौसम में एक बार फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने का अनुमान है. हालांकि मंगलवार को दिन भर अच्छी खासी धूप खिली रही, जिससे लोगों की दिनचर्या सामान्य बनी रही. पटना मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है और दिन के समय धूप के कारण ठंड का असर कुछ कम महसूस किया जा रहा है. सुबह और दोपहर के समय धूप निकलने से बाजारों और सड़कों पर चहल-पहल बनी रही. लोगों ने धूप का लाभ उठाते हुए दैनिक कार्य सामान्य रूप से किए.दिन में धूप के कारण जनजीवन सामान्य बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव से ठंड फिर बढ़ सकती है, जिसको लेकर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है. मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. बारिश के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है. इससे सुबह और रात के समय ठंड का असर फिर तेज हो सकता है. राजधानी पटना में आंशिक बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश के आसार हैं. गया और मुजफ्फरपुर में बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाएं चल सकती हैं. भागलपुर और दरभंगा सहित उत्तर बिहार के जिलों में नमी बढ़ने से कोहरा और धुंध की स्थिति बन सकती है. वहीं दक्षिण बिहार के इलाकों में बारिश के बाद ठिठुरन बढ़ने का अनुमान है. मंगलवार को राज्य में मौसम का हाल अपेक्षाकृत सामान्य रहा. बीते 24 घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस राजगीर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस बांका में रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो शेखपुरा में 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. उत्तर बिहार में नमी के कारण सुबह के समय कोहरा देखने को मिला. मोतिहारी में न्यूनतम दृश्यता 400 मीटर रिकॉर्ड की गई. हालांकि दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंट गया और धूप निकलने से लोगों को राहत मिली.

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयमूर्तिनगर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर मंगलवार की रात्रि में रेलवे ट्रैक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया. शव बरामद होने की सूचना स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन को दी. सूचना पाकर पहुंची जितना पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. इस संबंध में जीतना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जयमूर्तिनगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम सरेही पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गयी. छानबीन के दौरान आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गयी, मगर किसी को कुछ भी पता नहीं था. मामले के छानबीन के बाद शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. इन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ट्रेन से गिरने से इसकी मौत हुई है. हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा. बुधवार की दोपहर तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी।



### नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास ओवरब्रिज के ऊपर पुलिस एक ई-रिक्शा के बने तहखाने से नेपाली शराब बरामद की है। इस दौरान मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरैया थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बाईपास ओवरब्रिज के रास्ते अवैध रूप से नेपाली शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया, इसी दौरान एक संदिग्ध ई-रिक्शा को रोका गया। तलाशी के क्रम में ई-रिक्शा में बने तहखाने से नेपाली शराब की खेप बरामद हुई। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान धर्मेंद्र कुमार (उम्र 21 वर्ष), पिता भुधन राम, निवासी लक्ष्मीपुर, थाना रक्सौल, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में की गई है। पुलिस ने ई-रिक्शा को जब्त कर लिया है और शराब की मात्रा का आकलन किया जा रहा है। इस बारे में हरैया थाना के थानाध्यक्ष किशन पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी के तहत अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह के मामलों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

### बंगाल के विस चुनाव की जिम्मेदारी मिली अखिलेश सिंह को

**भाजपा एकमात्र पार्टी है जो सत्ता को साधन नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम मानती है : यमुना सीकरिया**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया द्वारा बिहार किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह को भाजपा नेतृत्व के द्वारा बंगाल चुनाव में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे के नेतृत्व की टीम में विधान सभा चुनाव के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस उपलक्ष्य में सीकरिया ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने कहा यह मोतिहारी के लिए गर्व का पल है ' अखिलेश जी को संगठन का अच्छा अनुभव है, और हम बंगाल में विजय प्राप्त करेंगे। भाजपा एकमात्र पार्टी है, जो सत्ता को साधन नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम मानती है। यहाँ हर कार्यकर्ता राजनीति में सत्ता की चाह से नहीं बल्कि जन सेवा के लिए कार्य करता है। अखिलेश सिंह ने कहा बंगाल चुनाव चुनौती है, और हम चुनौती को अवसर में बदलने के लिए सक्षम है । उन्होंने कहा पूरे देश की नजर बंगाल चुनाव पर है । इस बार बंगाल की जनता सबक सिखाएगी, और बंगाल के अंदर कमल खिलेगा और भाजपा की सरकार बनेगी ।



### फार्मर आईडी में लापरवाही पर पांच बीडीओ का वेतन रुका

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) निर्माण में गंभीर लापरवाही के मामले में जिले के पांच प्रखंडों के बीडीओ कार्रवाई के दायरे में आ गए हैं। उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने बैरिया, बगहा-2, पिपरासी, नौतन और मझौलिया प्रखंड के बीडीओ से स्पष्टीकरण तलब किया और उनके एक दिन का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया। यह कार्रवाई फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा के दौरान सामने आई अनियमितताओं के बाद हुई। समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जिसमें प्रगति रिपोर्ट के आंकड़े बेहद कमजोर पाए गए। डीडीसी ने कहा कि यह लापरवाही राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग घटाने का कारण है। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि सुधार न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये डा. रामनाथ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानव सेवा को लक्ष्य बनाकर अपने चिकित्सकीय जीवन से लाखों लोगों को राहत देने वाले बेतिया के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक स्व. डॉ. रामनाथ प्रसाद की 33 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 21 जनवरी को उमा होमियो क्लिनिक सह डॉ. आर.एन. प्रसाद होमियो रिसर्च सेंटर में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उनके बड़े पुत्र डॉ. संजय कुमार ने पिता के जीवन, ईमानदारी और होम्योपैथी के प्रति निष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों से प्रेरित होकर वे इस क्षेत्र में आए। कार्यक्रम में कई चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### पत्रकार के पिता के श्राद्ध कर्म में उमड़ी भीड़

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़हिया टोला निवासी वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार सिंह एवं पत्रकार ओम प्रकाश सिंह के पिता, समाजसेवी राम पूजन सिंह के श्राद्ध कर्म में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में प्रमुख रूप से गणमान्य लोगों में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, मांझी के विधायक रणधीर कुमार सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महतो, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, राजद नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, जदयू नेता कामेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष त्रिभुवन तिवारी, डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, पूर्व सरपंच बिनोद प्रसाद, जदयू नेता रितुराज सिंह, भाजपा नेता बीरबल प्रसाद कुशवाहा, शुभ नारायण सिंह आदि अन्य पत्रकार व क्षेत्रीय लोग शामिल रहे। इस दौरान सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि राम पूजन बाबू समाज सेवा के लिए समर्पित थे। उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

### प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय राजकीय कन्या मध्य विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी रविंद्र कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में प्रखंड के 29 संकुलों से चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विषयवार शिक्षण सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफिजुर रहमान ने टीएलएम के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिकारियों ने बताया कि चयनित श्रेष्ठ टीएलएम को जिला स्तरीय मेले में भेजा जाएगा। निर्णायक मंडली द्वारा मूल्यांकन के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और विजेता शिक्षकों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### आजाद समाज पार्टी ने दिया धरना

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय अनुमंडल परिसर में आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) ने झोला छाप चिकित्सक की गिरफ्तारी समेत आठ सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव डॉ. मो. नुरुल्लाह, मुख्तार मियां, राम बाबू, बिक्की राम, ओमप्रकाश गोंड, उमरावती देवी और सुमित्रा देवी शामिल रहे। नेताओं ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर नारेबाजी करते हुए गंभीर आरोप लगाए। मांग पत्र में शिकारपुर थाना कांड संख्या 09/26 के तहत इमरजेंसी हॉस्पिटल संचालक की गिरफ्तारी, बिना रजिस्ट्रेशन निजी अस्पतालों पर रोक, बिचौलियों पर कार्रवाई और अनुमंडल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, वेंटिलेटर व सर्जन की व्यवस्था की मांग की गई। मांग पत्र एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा को सौंपा गया, जिन्होंने जांच का आश्वासन दिया।



# डीएम ने चीनी मिलों को दिया बकाया भुगतान शीघ्र करने का निर्देश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेराई सत्र 2025-26 के दौरान चीनी मिलों के परिचालन, ईख आपूर्ति एवं किसानों को किए जा रहे मूल्य भुगतान की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न चीनी मिलों द्वारा किसानों को किए गए भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि हरिनगर चीनी मिल ने 99.80 प्रतिशत, बगहा चीनी मिल ने 96.87 प्रतिशत, लौरिया चीनी मिल ने 76.68 प्रतिशत, नरकटियागंज चीनी मिल ने 75.95 प्रतिशत तथा मझौलिया चीनी मिल ने मात्र 68.61 प्रतिशत भुगतान किया है। मझौलिया चीनी मिल का भुगतान प्रतिशत कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मिल प्रबंधन को शीघ्र शेष बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने सभी चीनी मिलों को विभागीय नीति के अनुरूप पारदर्शी ढंग से चालान निर्गत करने, समानुपातिक रूप से गन्ने की आपूर्ति लेने तथा किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोपरि है।बैठक में मिल परिसरों में किसानों के लिए साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, प्रकाश एवं ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने घटतौली पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के गन्ने का उचित तौल और समय पर भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डीटीओ ऋतु रानी, एसडीएम विकास कुमार, ओएसडी सुजीत कुमार, वरीयपुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अतनु दता, सहायक ईखायुक्त रेमन्त झा, ईख पदाधिकारी श्रीराम सिंह, सहायक निदेशक ईख विकास अरविन्द कुमार, अभय कुमार, ईख प्रसार पदाधिकारी मनटून कुमार, मापतौल निरीक्षक हरिकिशोर द्विवेदी, बी.एन. त्रिपाठी, के.एस. ढाका, के.पी. सिंह, विनोद राठी, शैलेन्द्र कुमार, आदि मौजूद थे।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं सरस्वती पूजा त्योहार : डीएम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा के त्यौहार को शांति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी संयुक्तदेश में पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पूजा के अवसर पर संपूर्ण जिला में विधि व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था को मुकम्मल रखें। सरस्वती पूजा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों तथा शैक्षिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं द्वारा किया जाता है। पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बसंत महोत्सव का भी आयोजन किया जाता है जिसमें छात्र-छात्राओं/ अभिभावकों सहित स्थानीय लोगों की भीड़ भी एकत्रित होती है। इस वर्ष सरस्वती पूजा का त्योहार दिनांक 23.01.2026 को मनाया जाएगा तथा प्रतिमा विसर्जन दिनांक 24.01.2026 एवं उसके बाद की तिथियां में किए जाने की सूचना प्राप्त है। इस अवसर पर कि उत्कृष्ट भीड़ - प्रबंधन, सुगम यातायात तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था का संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारियों को इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए काफी सतर्कता बरतने की जरूरत है। कभी-कभी अफवाहों के कारण गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिले में संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है, वहां के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर समय से उपस्थित रहकर विधि व्यवस्था संधारित करेंगे एवं आसपास की गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे। कहीं से कोई गड़बड़ी की आशंका दिखे तो तुरंत अपने वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देंगे।इसमें किसी तरह की कोताही या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है कि थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण तथा सद्भाव के साथ इस पर्व को संपन्न कराने संबंधी सभी जरूरी निर्देश पूजा समितियां को दी जाए, जिसमें मूर्ति स्थापना के लिए लाइसेंस लेना, लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करना, सभी पूजा पंडाल के लिए बिजली कनेक्शन एवं फायर सेफ्टी मेजर का उपयोग, विवादित स्थल पर मूर्ति स्थापना नहीं हो यह सुनिश्चित करना, निर्धारित तिथि और निर्धारित मार्ग से ही विसर्जन हो इसे सुनिश्चित करना, विवादित मार्गो से विसर्जन जुलूस नहीं निकले इसे सुनिश्चित करना, विसर्जन जुलूस में उत्तेजक नारे नहीं लगे इसे सुनिश्चित कराई जाए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा कहा गया है कि डीजे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। अस्त्र- शस्त्र के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई गई है। जिला स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है जो सभी स्थितियों पर नजर रखेगी। बाइक पेट्रोलिंग से भी लगातार गस्ती कराया जाएगा। महिला सुरक्षा बल की प्रतिनिनियुक्ति भी की जाएगी। इसके अलावा सादे लिवास में भी पुलिस के जवान तैनात रहेंगे जो हर तरह की स्थिति पर नजर रखेंगे।सरस्वती पूजा के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिले भर में चिन्हित कुल 691 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है जिसमें सदर मोतिहारी अनुमंडल में 219 जगह, सिकरहना अनुमंडल में 143, पकड़ीदयाल अनुमंडल में 45, चकिया अनुमंडल में 121, रक्सौल अनुमंडल में 19,अरेराज अनुमंडल में 30 स्थान पर प्रतिनियुक्ति की गई है।

## आधुनिक तकनीक से गन्ना खेती को नई रफ्तार, शक्तिमान हार्वेस्टर का सफल प्रशिक्षण



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरिपकड़ी शुगर इंडस्ट्रीज के फार्म में बुधवार को गन्ना खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में अहम पहल की गई।गुजरात के राजकोट से आई शक्तिमान कम्पनी की अत्याधुनिक गन्ना हार्वेस्टर मशीन का सफल प्रशिक्षण एवं ट्रायल किया गया। कार्यक्रम में गन्ना महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मुख्य गन्ना प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह, जूनियर केन मैनेजर सुनील सिंह तथा फार्म मैनेजर राजेश सिंह मौजूद रहे।प्रशिक्षण के दौरान मशीन से गन्ना कटाई एवं छिलाई का जीवंत प्रदर्शन किया गया। गन्ना महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह मशीन किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। इससे गन्ना कटाई में समय की बचत के साथ मजदूरों पर निर्भरता भी कम होगी। मशीन प्रति घंटे 120 से 150 क्विंटल गन्ना काटने में सक्षम है।शक्तिमान कम्पनी के प्रतिनिधि तरुण चौधरी ने बताया कि यह मशीन बड़े पैमाने पर खेती के लिए उपयोगी है। मशीन को देखने ग्रामीणों व किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। मौके पर कई किसान व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने इसे गन्ना खेती के लिए प्रगति का बड़ा कदम बताया।

### सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासन सख्त, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष अमर कुमार ने पूजा पंडालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य बताते हुए डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी। बिना लाइसेंस पूजा या जुलूस की अनुमति नहीं होगी। बीडीओ डॉ. राजीव रंजन ने भाईचारे के साथ आयोजन की अपील की, वहीं सीओ राजीव रंजन ने विसर्जन के दौरान सुरक्षा व निर्धारित मार्गों के पालन पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## मांझी-दरौली मार्ग पर ताजपुर में दाहा नदी का पुल जर्जर, भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ा खतरा

**जदयू जिला सचिव सुनील कुमार सिंह करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत**

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी-दरौली मुख्य मार्ग पर ताजपुर बाजार के पास दाहा नदी पर बना पुल बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। वर्ष 2011 में निर्मित यह पुल अब बुरी तरह जर्जर हो चुका है, बावजूद इसके यहां से अवैध रूप से सैकड़ों भारी वाहन गुजर रहे हैं। पुल की बीमों में दरारें आ चुकी हैं, रेलिंग और फुटपाथ भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाई थी, लेकिन इसे बालू माफियाओं ने रात के समय जेसीबी से तोड़ दिया। इसके बाद से फिर से अवैध रूप से बालू और गिट्टी लदे भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। पुल पर अवैध पार्किंग और शाम के समय मांस-मछली की दुकानों के कारण यहां भीड़ लग जाती है। इससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ताजपुरझएकमा वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने के बावजूद भारी वाहन जर्जर पुल से ही गुजर रहे हैं।

**जदयू नेता करेंगे सीएम से शिकायत:** जदयू के जिला सचिव सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुल की स्थिति अत्यंत गंभीर है। प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग को बालू माफियाओं ने तोड़कर हटा दिया है। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण आ रहे हैं, और वे उनसे मिलकर पुल निर्माण निगम एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे।

### वंचित राशन लाभुकों का 15 फरवरी से पहले करें ई केवाईसी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार मे बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अभिजीत कुमार गोविंदा की अध्यक्षता में प्रखंडवार सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं की एक बैठक की गई। बैठक के दौरान एसडीएम श्री गोविंदा ने सभी डीलरों को निर्देशित किया कि 15 फरवरी तक हर हाल में वंचित लाभुकों का ई-केवाईसी करें। इसमें कोताही बरतने वाले डीलरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि अनुमंडल के सभी प्रखंडों में करीब 80 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। इसमें सबसे अधिक लौरिया प्रखंड का 80.28 प्रतिशत ई-केवाईसी किया गया है। इसके बाद गौनाहा का 79.86 प्रतिशत, नरकटियागंज 78.95 प्रतिशत, मैनाटांड 78.69 तथा सिकटा सबसे पीछे 77.58 प्रतिशत ई-केवाईसी है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन




**चकिया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर मंगलवार को परसोनी खेम टोल प्लाजा पर दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। वहीं तीसरे दिन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर पिपरा थानाध्यक्ष अंजय कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र कुमार अपनी पूरी चिकित्सकीय टीम के साथ उपस्थित रहे। मेडिकल टीम ने आधुनिक उपकरणों से दृष्टि परीक्षण और आंखों की विस्तृत जांच की। जांच के बाद जरूरतमंदों को उचित परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही दृष्टि दोष से ग्रस्त लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए, ताकि वे अपने दैनिक जीवन और वाहन संचालन के दौरान बेहतर और सुरक्षित दृष्टि बनाए रख सकें। परियोजना प्रमुख वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि स्पष्ट दृष्टि सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई सड़क दुर्घटनाएं आंखों की कमजोरी या समय पर जांच न होने के कारण होती हैं, जिन्हें नियमित नेत्र परीक्षण और सही चश्मे के उपयोग से रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में वाहन चालक, राहगीर और स्थानीय नागरिक लाभ उठा रहे हैं। मौके पर कोटवा मुजफ्फरपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के सेफ्टी मैनेजर विवेक सिंह टोल प्लाजा मैनेजर सरोज कुमार सहित टोल कर्मी व वाहन के चालक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सरकार की योजनाएं लोगों तक पहुंचाएं विधायक



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपप्रमुख चंदा देवी ने की। बैठक में विकास कार्यों व योजनाओं पर चर्चा की गयी। मुखिया व पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायत के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव दिए। इन प्रस्तावों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने की बात कही गई। इस दौरान नरकटिया विधायक विशाल कुमार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सदस्यों से विकास कार्यों में पारदर्शिता बरतने की अपील की। लोगों तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में पदाधिकारी नहीं आने को लेकर सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया। नरकटिया विधायक विशाल कुमार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी का मुद्दा गंभीरता से उठाया।प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा में भूगर्भजल के गिरते स्तर और पानी की बबार्दी पर चिंता जताई गई। बीडीओ श्याम कुमार ने बताया कि सभी पंचायत समिति सदस्यों व मुखियाओं ने पंचायत के विकास को लेकर अपनी-अपनी योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें दर्ज कराया। उनकी समस्याओं को चिन्हित की गई है। संबंधित विभागों से संपर्क कर जल्द समाधान निकाला जा सके।

## दरोगा भर्ती की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल नगर परिषद के वार्ड संख्या-9 में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां बिहार पुलिस दरोगा भर्ती की तैयारी कर रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अजय कुमार, पिता परमेश्वर प्रसाद गुप्ता के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार अजय अपने छोटे भाई के साथ घर में रहता था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब छोटा भाई कमरे का दरवाजा खटखटाने लगा। दरवाजा नहीं खुलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा, जहां अजय पंखे से लटका हुआ मिला। इसके बाद शोर मचाया गया, सूचना पर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई। बताया गया है कि मृतक के पिता एसएसबी के जवान हैं और वर्तमान में असम के गुवाहाटी में तैनात हैं।

## पूर्वी चंपारण को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण के लिए गौरव का विषय है कि पूर्वी चंपारण जिले को लगातार दूसरी बार चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद, अब बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भी उत्कृष्ट चुनाव प्रबंधन के लिए पूर्वी चंपारण का चयन किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान चुनावों के संचालन में बेहतर प्रबंधन, आईटी पहल, सुरक्षा प्रबंधन और चुनाव प्रबंधन में नवाचारों के लिए दिया जा रहा है। पूर्वी चंपारण का यह लगातार दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार बिहार के लिए विशेष रूप से गौरव का विषय है। पिछले वर्ष 2025 में लोकसभा चुनाव के दौरान बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए देश के सभी जिलों में से पूर्वी चंपारण को चुना गया था। इस वर्ष भी बिहार विधानसभा चुनाव में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए पुनः यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। भारतीय चुनावों की भव्यता, चुनाव सुधार, तकनीकी प्रगति और चुनाव प्रबंधन में नवीन प्रयोगों को प्रदर्शित करने वाला यह पुरस्कार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस राष्ट्रीय, राज्य, जिला, निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केन्द्र स्तर पर मनाया जाता है, जो इसे देश के सबसे बड़े समारोहों में से एक बनाता है। इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन के सभी कर्मियों की मेहनत, समर्पण और जिले के नागरिकों के सहयोग मुख्य आधार है। यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।



## महुआवा पश्चिमी हाईस्कूल में स्थानांतरित शिक्षकों को समारोहपूर्वक दी गई विदाई



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महुआवा पश्चिमी के प्रांगण में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में कार्यरत कई शिक्षकों के दूसरे विद्यालय में हुए स्थानांतरण के पश्चात तथा दसवीं एवं बारहवीं के बच्चों की विदाई के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ सरोज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर स्थानांतरित शिक्षिका रश्मि कुमारी, नीतू कुमारी, खुशबू कुमारी, सरिता कुमारी एवं शिक्षक दीपक कुमार आदि को बुके, माला, अंगवस्त्र व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीईओ सरोज कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला, मिराज आलम, मो. कलाम, इरफान रसीद, अताउर रहमान अंसारी एवं मुखिया निसार अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही मंच का संचालन शिक्षिका अदिति कुमारी ने किया। विद्यालय के एचएम संजय कुमार निराला ने अपने विदाई भाषण में कहा कि आप सभी शिक्षकों द्वारा विद्यालय में दी गई सेवा अनुकरणीय है। इस अवसर पर बीईओ सरोज कुमार सिंह ने सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोगों ने बच्चों के जीवन को अपने खून पसीने से सींचा और संवारा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार निराला के कार्यो को सराहते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर इन्होंने शिक्षकों और बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। बीईओ ने नए सभी प्रधानाध्यापकों को ऐसे कार्यक्रम से सीख लेने की भी सलाह दी। समापन भाषण में महुआवा पश्चिमी के मुखिया निसार अहमद ने विद्यालय के बच्चें से आग्रह किया कि वे अपनी पढ़ाई के जरिए अपने माता - पिता व पंचायत के मान सम्मान बढ़ाने के लिए जीतोड़ मेहनत करें। इस मौके पर उपस्थित कई शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन, दयाशंकर पंडित, उपेंद्र सहनी, साहेब बैठा, सरयुग महतो, मेराज अंसारी, अलका कुमारी, पूर्व एचएम मो. कलीमउल्ला, शिक्षक विकास कुमार पाण्डे, शिक्षा प्रेमी अनिल कुमार पांडे, विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे, ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# भूजल आज केवल संसाधन नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी : राजीव रंजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भूजल संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत उपयोग को लेकर केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 20 जनवरी 2026 को विकास भवन, जहानाबाद में आयोजित हुई, जिसमें भूजल डेटा के प्रसार, एक्विफर मैपिंग तथा भूजल प्रबंधन योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय भूजल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भूजल आज केवल संसाधन नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है। इसके संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए नेशनल एक्विफर मैपिंग एंड मैनेजमेंट प्रोग्राम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति, उप विकास आयुक्त, जहानाबाद रहीं। उन्होंने जिले की राष्ट्रीय जलभृत प्रबंधन परियोजना रिपोर्ट एवं जिला संसाधन योजना पर प्रस्तुति देते हुए बताया कि भूजल प्रबंधन में सामुदायिक सहभागिता और विभागीय समन्वय समय की मांग है। उन्होंने सतत भूजल दोहन और सहयोगात्मक जल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डीआरडीओ के निदेशक, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीओ, मनरेगा, मिशन हरियाली, जल-जीवन-हरियाली अभियान सहित विभिन्न विभागों के लगभग 50 अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान भूजल डेटा साझा किया गया तथा सीजीडब्ल्यूए के तहत नियमन एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यशाला का समापन जल संरक्षण की शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने जल को अमूल्य धरोहर मानते हुए इसके संरक्षण का संकल्प लिया। 'जल ही जीवन है और उसका संरक्षण ही भविष्य है।' यह कार्यशाला इसी संदेश के साथ जिले के लिए एक नई दिशा तय करती नजर आई।

## खलिहान में रखे पुआल में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना क्षेत्र के चिल्हकी गांव में बुधवार की दोपहर खलिहान में रखे लगभग तेरह बिघा फसल के पुआल जल कर राख हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। खलिहान से उठते धूएं और आग की लपटों को देखकर राहगीरों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी और उपलब्ध संसाधनों के सहारे आग को बुझाने का प्रयास किया। परन्तु पुआल के सूखे डंठलों में आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस दमकल लेकर घटनास्थल पर पहुंची। कई घंटे मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया पर तब तक पुआल जल कर राख हो चुके थे। गनीमत रही कि दमकल के कारण आग खलिहान में रखे पुआल के ढेर में नहीं फैल पाई अन्यथा किसानों को काफी नुकसान हो जाता। इस घटना में उक्त गांव निवासी अभय पांडेय का चार बिघा, नागदेव प्रजापति का तीन बिघा, राजेश्वर पांडेय का चार बिघा, छोटू पांडेय का दस कट्ठा तथा श्री प्रजापति का डेढ़ बिघा के फसल का पुआल जल गया है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# बच्चे देश के भविष्य, इनसे खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जिला शिक्षा पदाधिकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में गुणात्मक सुधार और प्रशासनिक अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी ने रतनी-फरीदपुर प्रखंड के विद्यालयों का सघन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में निर्धारित मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक शिथिलता उजागर हुई, जिस पर पदाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है। आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, शकुराबाद में शैक्षणिक वातावरण के अभाव, अध्यापन कार्य में अरुचि और मध्याह्न भोजन की निम्न गुणवत्ता जैसी गंभीर कमियां पाए जाने के फलस्वरूप वहां के समस्त शिक्षकों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इसी क्रम में, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन की अनधिकृत अनुपस्थिति, परिसर में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी तथा रखरखाव में बरती गई लापरवाही को देखते हुए वार्डन के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगाया गया है। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उचिटा में बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता और रसोई में व्याप्त गंदगी पर क्षोभ प्रकट करते हुए प्रधान शिक्षिका से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि बच्चों के भविष्य और उनके शैक्षणिक अधिकारों से समझौता करने वाले किसी भी स्तर के कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# धान कटाई को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज थाना क्षेत्र में धान कटाई को लेकर उपजे विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। गंधरप गांव में खेत में धान काटने के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग के आरोप सामने आए हैं। मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से रफीगंज थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गंधरप गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि वे अपने खेत में धान की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान इंदरार गांव निवासी नीरज कुमार सिंह, अंतोष कुमार सिंह, विश्वरंजन सिंह समेत 10 से 15 लोग मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से पूरे गांव में दहशत फैल गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से इंदरार गांव निवासी नीरज कुमार सिंह ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया कि वे अपनी जमीन पर धान की फसल देखने गए थे, जहां रफीगंज थाना क्षेत्र के गंधरप गांव निवासी अरविंद सिंह उर्फ टुनटुन सिंह, उनकी पत्नी किरण देवी, बेटी छोटी देवी, माधुरी कुमारी, कुटकुरी गांव निवासी सुदामा राम एवं उनकी पत्नी, रोहित पासवान, फेसर थाना क्षेत्र के सहरसा गांव निवासी सोनू कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोग अवैध रूप से धान काट रहे थे। विरोध करने पर सभी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के पहुंचते ही सभी आरोपी फरार हो गए। इस संबंध में डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फायरिंग की पुष्टि जांच का विषय है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विभागीय लापरवाही से अधूरी रह गई मुख्यमंत्री की सोच

**अंबा (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार की सभी सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने की सोच विभागीय लापरवाही के कारण अधूरी रह गई। मामला कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटपा का है। जहां विगत 14 वर्षों से अर्धनिर्मित पंचायत सरकार भवन के कायाकल्प की राह देख रहे आमजन की आंखें पथरा गई है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु को आवेदन देकर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया। तब से किसी भी पदाधिकारी ने अर्धनिर्मित भवन की सुध नहीं ली। जनता को प्रखंड कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने की मुख्यमंत्री की सोच अधूरी रह गई। आवेदन में रंजीत कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, मंजू देवी, मोहित कुमार समेत दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर किया है।

# सक्सेस पॉइंट के निदेशक एमडी. फहीम को मिला पुरस्कार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्सेस पॉइंट के निदेशक एम.डी. फ़हीम को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री महिमा चौधरी ने एम.डी. फ़हीम को यह पुरस्कार प्रदान किया। गौरतलब है कि एम.डी. फ़हीम ने सक्सेस पॉइंट के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा दी है और सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका कार्य आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुका है। सम्मान प्राप्त करने के बाद एम.डी. फ़हीम ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को देते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

# उमगा मेला परिसर सजधज कर तैयार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** बसंत पंचमी मेला को लेकर मदनपुर प्रखंड का उमंगेश्वरी पहाड़ सज-धजकर तैयार है। बसंत पंचमी में यहां एक सप्ताह का मेला लगता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसको लेकर प्रशासन पहले से ही सजग है और आवश्यक तैयारी कर रही है। पहाड़ पर मां उमगेश्वरी शक्ति पीठ मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर, दस भुजी गणेश मंदिर, भगवान शिव माता पार्वती नटराजन स्वरुप में विराज मान मंदिर, गौरीशंकर गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। त्रेतायुगीन पत्थरों को तरासकर नक्काशी युक्त भगवान सूर्य का मंदिर है। भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश सूर्य मंदिर में विराजमान हैं। यहां हजारों वर्षों से मेला लगता है। मंदिर को बेहतर तरीके से सजाया गया है। इस मेला को कल्पवास मेला भी कहते हैं। मेले में मनोरंजन के लिए झूला, चिड़िया घर, सर्कस, मौत का कुआं सहित अन्य खेल तमाशे सजे हैं। खाने-पीने की दुकानें व श्रृंगार-प्रसाधनों की दुकान भी सजी हैं। मेले को लेकर यहां चहल-पहल बनी हुई है। यह मेला सरस्वती पूजा के अवसर पर लगता है। इसी दिन मां उमंगेश्वरी, भगवान सूर्य और भगवान भोलेनाथ, गौरीशंकर, दसभूजी गणेश, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में लाखों भक्तों द्वारा पूजा अर्चना किया जाता है।

# जिले के 10 केंद्रों पर पुलिस अवर निरीक्षक (प्रारंभिक) लिखित परीक्षा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार सरकार के द्वारा जिलाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बुधवार को परीक्षा के दूसरे दिन भी पुलिस अवर निरीक्षक (प्रारंभिक) लिखित परीक्षा का आयोजन 10 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा पुलिस अवर निरीक्षक (प्रारंभिक) लिखित परीक्षा, 5-2025 के परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कई परीक्षा केन्द्रो यथा गौतमबुद्ध उच्च विद्यालय, जहानाबाद, मुरलीधर इंटर स्कूल, राजा बाजार, जहानाबाद, पी. पी. एम. स्कूल, वेकटेश्वर नगर, मचलापर, जहानाबाद, आर्दश मध्य विद्यालय, ऊंटा, जहानाबाद एवं गांधी इंटर विद्यालय, सिकरिया, जहानाबाद का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद राजीव रंजन सिन्हा द्वारा भी +2 हाई स्कूल, हाटी, जहानाबाद, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, काजीसराय, जहानाबाद तथा राज्य संपोषित बालिका इंटर विद्यालय, जहानाबाद का निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षा केन्द्रो पर शांतिपूर्ण वातावरण मे परीक्षा सम्पन्न किया गया। जहानाबाद जिला में दो पालीयो में पुलिस अवर निरीक्षक (प्रारंभिक) लिखित परीक्षा, 5-2025 परीक्षा के दूसरे दिन प्रतियोगिता परीक्षा में कुल 10 केंद्रों पर कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमे प्रथम पाली मे कुल 5016 अभ्यर्थियों में से 4089 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 927 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पाली में कुल 5012 अभ्यर्थियों में से 4140 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 872 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। आज की परीक्षा में दोनो पालियों में किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित नहीं किया गया।

## उमंग- 2026 खेल प्रतियोगिता में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जहानाबाद के छात्रों का रहा जलवा

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित जहानाबाद राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्रों ने उमंग - 2026 खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि मगध इंजीनियरिंग कॉलेज गया में यह खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। इस खेल प्रतियोगिता में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जहानाबाद के छात्रों ने सफलता पाई जहां यहां के छात्रों ने वॉलीबॉल में विजेता, क्रिकेट में उपविजेता, शतरंज में विजेता के रूप में परचम लहराया। वही एथलेटिक्स के विभिन्न क्षेत्र में भी यहां के छात्र-छात्राओं ने बड़ा ही शानदार प्रदर्शन किया और लगभग सभी क्षेत्रों में किसी में प्रथम तो किसी में द्वितीय एवं तृतीय स्थान के रूप में जगह बनाई। प्रतियोगिता में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से उत्साहित संस्थान के प्राचार्य डॉ द्वारका दास नीमा ने छात्रों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि भविष्य में और भी अच्छी सफलता यहां के छात्र-छात्राएं प्राप्त करेंगे जिससे महाविद्यालय का नाम ऊंचा होगा।

# रक्तदान शिविर से दिया मानवता का संदेश









**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के अवसर पर जब पूरा देश सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प ले रहा है, उसी क्रम में औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था **पथ प्रदर्शक** ने मानवता की राह पर एक और मजबूत कदम बढ़ाया। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अभियान का मूल उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों के जीवन की रक्षा करना है। पथ प्रदर्शक संस्था हर वर्ष इस अभियान में सहयोगी बनते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन करती है, ताकि सड़क हादसों में घायल जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और रक्त की कमी के कारण किसी की जान न जाए। बुधवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन, पथ प्रदर्शक के संस्थापक-सह-सचिव बमेंद्र कुमार सिंह, फौजी अभय सिंह, शिक्षक अमिताभ मिश्रा, ई. संतोष कुमार सिंह एवं समाजसेवी सुमित कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. रवि रंजन ने कहा कि पथ प्रदर्शक द्वारा निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन सराहनीय है। बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संस्था का पिछले 14 वर्षों से यह संकल्प रहा है कि न केवल औरंगाबाद बल्कि पूरे देश में रक्त की कमी से किसी की मृत्यु न हो। इसी उद्देश्य से 'मिशन रक्तदान हिन्दुस्तान' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक स्थानीय स्तर पर करीब 250 रक्तदान शिविर आयोजित कर हजारों जिंदगियों को बचाया जा चुका है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर आठ राज्यों के 18 शहरों में स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से शिविर लगाए गए हैं। रक्तदान शिविर में रविकांत कुमार, अमिताभ मिश्रा, अजय स्वर्णकार, नीरज कुमार, धनंजय कुमार, अभय कुमार सिंह, ई. संतोष कुमार सिंह, विश्वजीत कुमार, अनुज कुमार, नीरज कुमार सिंह, मनोज कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार त्रिपाठी, कुमार अभिषेक, युगेश कुमार, विजय कुमार, मृत्युंजय सिंह सहित कुल 17 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर पथ प्रदर्शक टीम की रीमा कुमारी, राजरानी देवी सहित सभी ब्लड बैंक कर्मी मौजूद रहे। सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ जीवन बचाने का यह प्रयास पथ प्रदर्शक को समाज के लिए एक सच्चा पथ-प्रदर्शक साबित करता है।

## मारपीट की घटना में चार लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**मखदुमपुर(जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के बगवार और नज़रू बिगहा गांव मे मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने बताया कि एक पक्ष से मोहम्मद दानिश,अनस मोजिब को गिरफ्तार किया गया है वही दूसरे पक्ष से राहुल कुमार एवं दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन्होंने बताया की एक दिन पूर्व बच्चों के खेल-खेल में दो गुटों में जमकर मारपीट की घटना हुई थी जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तर कर जेल भेजा गया है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-20, दिनांक 19.01.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-20, कार्य का नामः** निम्नलिखित टीआरडी हिस्से कार्य : (क) सीतारामपुर-झाझा अनुभाग की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए 06 आईबीपी का प्रावधान। (ख) सीतारामपुर में लाइन सं. 03 के साथ ओआरएल का प्रावधान तथा एचएल प्लेटफॉर्म सं. 03 का 100 मीटर विस्तार। **निविदा मूल्यः** रु. 1,69,62,471.37; **बयाना राशिः** रु. 2,34,800; **खुलने की तारीख एवं समयः** 17.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। **कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तारीख से 45 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-314/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना वित्तीय वर्ष 2026–27**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित सैरात की बन्दोबस्ती खुली डाक के माध्यम से अधिकतम बोली के आधार पर दिनांक 28.01.2026 को किया जाना है। इस बन्दोबस्ती में निबंधित संस्था, समिति तथा सर्वसाधारण व्यक्ति भाग ले सकते है।

बंदोबस्ती हेतु सैरात का नाम, सुरक्षित जमा राशि तथा जमानत की राशि का विवरण निम्नांकित है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | कृषि उत्पादन बाजार समिति हरिजन छात्रावास के बगल में टैक्सी एवं टेम्पू स्टैण्ड टॉल टैक्स | 726500 | 72700 |
| 02 | दानरो नदी टैक्सी एवं टेम्पु स्टैण्ड टॉल टैक्स तथा टैक्सी स्टैण्ड | 845000 | 84500 |
| 03 | सोनपुरवा बस पड़ाव, गढ़वा एवं बस पड़ाव स्थित ठेला फुटपाथ दुकान टॉल टैक्स | 1784500 | 178500 |
| 04 | चिनियां मोड़ बस पड़ाव गढ़वा | 168000 | 16800 |
| 05 | सोनपुरवा टैक्सी एवं टेम्पू स्टैंड टॉल टैक्स | 1008000 | 100800 |

उक्त सैरात की बन्दोबस्ती हेतु आवेदन पत्र दिनांक 22.01.2026 से दिनांक 25.01.2026 तक 11.00 बजे पुर्वाहन से संध्या 4.00 बजे तक राशि 500/– (पॉच सौ रुपया मात्र) का नगद राशि भुगतान कर नगर परिषद गढ़वा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 27.01.2026 तक कार्यालय अवधि में नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय में जमा किया जाएगा। उक्त पॉचो सैरातों के लिए आवेदकों को अलग – अलग आवेदन पत्र क्रय करना होगा तथा अलग – अलग भरकर जमा करना होगा। सैरात की बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक का आयोजन दिनांक 28.01.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे से गढ़वा नगर परिषद कार्यालय में किया जाएगा।

सैरात बन्दोबस्ती हेतु आवश्यक नियम एवं शर्तो को कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 371326 (Urban Development) 25-26 (D)

# वरिष्ठ अधिवक्ता की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड अंतर्गत पतियामा गांव में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व कमलेश प्रसाद की प्रथम पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दर्जनों ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की गई एवं उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। पटना एम्स में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ रौशन से जांच को लेकर ग्रामीणों में काफ़ी उत्सुकता देखी गई वहीं जनरल फिजिसियन डॉ उमाशंकर के अनुभव से भी लोग लाभान्वित हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता स्व कमलेश प्रसाद के पुण्यतिथि पर ग्रामीणों के द्वारा उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इनके परिजनों ने बताया कि अगले वर्ष मैट्रिक और इंटरमीडिएट के परीक्षा में उत्कृष्ट करने वाले तीन छात्रों को स्कॉलरशिप देने के साथ-साथ बड़े स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर नारायणपुर पंचायत के मुखिया नवीन कुमार, पूर्व मुखिया रुद्रेश शर्मा, गिरिजा पासवान, रजनीश कुमार सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**
**Email id:-np.hariharganj@gmail.com**

**–: आम सूचना :–**

कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के द्वारा प्रकाशित निविदा Very Short Tender Notice No- UDD/ HNP/02/ 2025-26 Date- 15.01.2026 जिसका PR,370783 District (25-26) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 371327 District(25-26).D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

मदनपुर थाना (औरंगाबाद) काण्ड सं0–161/21, दि0–05.07.2021 धारा–379/411/420/468/469/486/120(बी)/34 भा0द0वि0 एवं 30(ए)/33 बिहार मद्य निशेध अधिनियम तथा 21/21(4ए) Mines and Minerals Dev and Reg Act, 1957 के प्राथमिकी अभियुक्त प्रशांत सिंह पिता–सुरेन्द्र सिंह, सा0–खिचड़ीया, थाना–तरहसी, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 371266 (District)25-26*D

# पंचायत सरकार भवन में रोस्टर के अनुसार कर्मी रहें उपस्थित : डीएम

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने नल-जल योजना का उठाया मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बुधवार को प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत डंडारी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। वर्तमान में हो रहे फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य को लेकर जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक दिन इसकी समीक्षा करने तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को प्रत्येक माह विद्यालय की जांच करने तथा विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र में जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। सीडीपीओ को भी आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। सांख्यिकी विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की गहन मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को समय पर सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन खुलने एवं रोस्टर के अनुसार वहां कर्मी उपस्थित हो। यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत राज पदाधिकारी को सभी सोलर लाइट की मरम्मति कराने का भी निर्देश दिया। जी राम जी की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को क्षेत्र में इसका प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा उनकी समस्याओं को सुना। जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से नल-जल योजना का मुद्दा उठाया। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये मुद्दों पर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद आम लोगों से भी जिला पदाधिकारी द्वारा बात की गई तथा उनके द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर जिला पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय पार्ट-3 से संबंधित सभी बिन्दुओं को विस्तृत रूप से सभी जनप्रतिनिधियों को बताया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बलिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडारी, अंचल अधिकारी डंडारी सहित अन्य जिला स्तरीय एवं पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आर्थिक कमी में कोई अंधेपन का शिकार नही बनेगा : डा. अजित

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद बरौनी के फुलबरिया बाजार स्थित किरण नेत्रालय सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक डा. अजीत कुमार ने निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर के अवसर पर बताया कि उक्त शिविर क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। डा. कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के उन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। जो जानकारी या धन के अभाव में अपनी आँखों का उपचार नहीं करा पाते। डा. कुमार के अनुसार गणतंत्र का असली उत्सव तभी सफल है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी स्वस्थ और खुशहाल हो। निःशुल्क परामर्श अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की विस्तृत जाँच। मोतियाबिंद और आंखों से जुड़ी अन्य बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। गरीबों को प्राथमिकताः आर्थिक रूप से असमर्थ परिवारों के लिए विशेष व्यवस्था है।

## एक नजर

### एसडीपीओ ने किया मेला का निरीक्षण

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कबिया गांव में वर्षों से सरस्वती पूजा के अवसर पर लगने वाले सात दिवसीय मेला की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तेघड़ा एसडीपीओ ष्ण कुमार तथा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मेला में लगाये जा रहे दूकान तथा श्रद्धालुओ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूजा समिति तथा प्रशासन को दिशा निर्देश दिया।

### शनिदेव मंदिर की मनाई प्रथम वर्षगांठ

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के नौला गांव में मंगलवार को भगवान शनिदेव मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। स्थानीय पंडित छोटू झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण चंदन पोद्दार, मंटून महतो, शंकर साह, परमानंद सिंह, उमाशंकर साह सहित अन्य ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री राजेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचित नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। राजेश सिन्हा ने भाजपा के नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का उन प्रदेश में भी विस्तार होगा जहाँ अभी तक भाजपा की सरकार नही बन पायी है। नितिन नवीन के अध्यक्षता में भाजपा देशवासियों के विश्वास अर्जित कर देश के प्रत्येक राज्य में भाजपा नित सरकार बनाकर लोगों के आकांक्षा को पूरा करने सफल होंगे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में गर्भवतियों को दी गई प्रसव पूर्व की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में बुधवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी एवं डा. नितिन कुमार ने 47 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें 2 महिलाएं एनीमिक पाई गई। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। ड चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कॉलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम, आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। बता दें कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिविर में आए लाभार्थियों को नाश्ता देने का निर्देश था। परंतु शिविर में आए लाभार्थियों को नाश्ता नहीं दिया गया था। विगत 9 जनवरी और 15 जनवरी के आयोजित शिविर में भी नाश्ता नदारत था। दिन के 12:30 बजे तक शिविर में एक भी स्वास्थ्य कर्मी कुर्सी पर मौजूद नहीं थे। दर्जनाधिक लाभुक इधर-उधर घूम रहे थे। अपराह्न 1 बजे से स्वास्थ्य कर्मी लाभुकों का जांच करना शुरू किया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम ऊषा कुमारी, सी एच ओ राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, जूली कुमारी, एल टी पंकज जोशी आदि सहित आशा कार्यकर्ता, लाभुक मौजूद थे।

## वीबीजी राम जी अधिनियम पर मीडिया कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** पत्र सूचना कार्यालय, पटना के तत्वावधान में बुधवार को बक्सर जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिले के पत्रकारों के लिए वीबी जी राम जी अधिनियम, 2025 विषय पर एकदिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी साहिला ने किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) 2025 की अवधारणा, उद्देश्यों और प्रमुख विशेषताओं से मीडियाकर्मियों को अवगत कराना रहा। इसके साथ ही विकासात्मक रिपोर्टिंग, सामाजिक परिवर्तन में मीडिया की भूमिका, मीडिया के समक्ष उभरती चुनौतियाँ, कौशल उन्नयन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार में मीडिया की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती साहिला ने पीआईबी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ वीबी जी राम जी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुँचाने में सहायक होंगी, साथ ही जिला स्तर पर पीआईबी और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित करेंगी। उप विकास आयुक्त निहारिका छवि ने अपने संबोधन में अधिनियम के सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है और यह योजना मनरेगा में पूर्व में रह गई कमियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी। विषय प्रवेश के दौरान पीआईबी, पटना के सहायक निदेशक कुमार सौरभ ने वार्तालाप कार्यक्रम की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जिला स्तर पर पत्रकारों से सीधा संवाद स्थापित करना और केंद्र सरकार की नई योजनाओं से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर सही व तथ्यपरक जानकारी जनता तक पहुँचाना है। उद्घाटन सत्र में पीआईबी के मीडिया एग्जीक्यूटिव संदीप कपूर ने पीआईबी एवं वीबी जी राम जी अधिनियम पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने पीआईबी की कार्यप्रणाली के साथ-साथ अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं और इसके लाभों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार सिंह, डॉ. रास बिहारी शर्मा (विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर) तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने इसे मीडिया और सरकार के बीच संवाद को सशक्त करने तथा राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों में मीडिया की सक्रिय भूमिका को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कार्यशाला में बक्सर जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया से जुड़े बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। समापन सत्र में प्रतिभागियों ने कार्यशाला की उपयोगिता और महत्व को लेकर अपना लिखित फीडबैक पीआईबी, पटना को सौंपा। कार्यक्रम का संचालन पीआईबी के सूचना सहायक अभिनव कुमार ने किया। इस दौरान पीआईबी के सूचना सहायक उत्पल कांत, शक्ति लोचन ठाकुर, ज्ञान प्रकाश एवं हितेश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों के बीच बांटे गए कंबल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा में ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए अंचल के अधिकारी अंशू प्रसुन्न ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 91 कंबल का वितरण किया। उन्होने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। जिन्हें वास्तविक में गरीबों को कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। यह क्रम लगातार जारी है। वर्तमान में प्रखंड क्षेत्र में एफआर व ई-केवाईसी का कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान गरीबों की पहचान कर कंबल उनके गांव जाकर दिया गया। कंबल मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे। अंचलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय द्वारा गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है। वही कडकड़ाती ठंड में प्रशासन आम लोगों को बचाने के लिए लकड़ी का भी व्यवस्था करता है। ताकि लोगों को ठंड में सहुलियत मिल सके।

## हिन्दी नवजागरण की मशाल थे आचार्य शिवपूजन सहाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** आचार्य शिवपूजन सहाय की 63वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आचार्य शिवपूजन सहाय आयोजक समिति के संयोजक एवं कायस्थ परिवार के प्रदेश संयोजक, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोबिंद सिंह ने की, जबकि संचालन बबलू श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य शिवपूजन सहाय के पैतृक गांव उनवांस में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद कायस्थ परिवार के जिला कार्यालय में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी साहित्यिक कृतियों और योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पाहवा बेंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि धनु लाल प्रेमातुर ने कहा कि सहाय जी कवि और पत्रकार होने के साथ-साथ एक सशक्त उपन्यासकार भी थे। उनकी प्रमुख रचनाओं में देहाती दुनिया, बिहार का विहार, वे दिन वे लोग, आदर्श मौजी और गोलमाल सहित अनेक गद्य-पद्य कृतियां शामिल हैं। आचार्य शिवपूजन सहाय आयोजक समिति के संयोजक सुमन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सहाय जी का जीवन साहित्य-निष्ठा का प्रतीक था। वे हिंदी नवजागरण के अत्यंत संवेदनशील और समर्थ लेखक थे, जिनकी हिंदी और भोजपुरी पर गहरी पकड़ थी। साहित्य के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1960 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के साथ-साथ कई समाजसेवी, साहित्यकार और कवि उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से वक्ताओं ने आचार्य शिवपूजन सहाय के विचारों और साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

## नशा के विरूद्ध विद्यार्थी परिषद ने किया नुक्कड़ नाटक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तेघड़ा इकाई ने नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से तेघड़ा बाजार के तीन प्रमुख स्थानों पर स्थानीय कार्यकर्ताओं के माध्यम से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। नाटक में नशे से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त रहने की शपथ ली। मौके जिला सह संयोजक गोविंद कुमार ने नशा के नुकसान के बारे में बताया जैसे सामाजिक आर्थिक शारीरिक और मानसिक नुकसान, नशा एक सामाजिक बुराई है हमारे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ और उत्पादक समाज का निर्माण, परिवारों और रिश्तों में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल पर बोझ में कमी, युवाओं को नशे से दूर रखना, और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देगा। मौके पर नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं नगर मंत्री शशि कुमार ने बताया नशा के कारण आज अपराध बढ़ते जा रहे है और नशा की तस्करी बढ़ती जा रही है। नशा के कारण आज अत्यधिक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मौके पर अनुमंडल प्रमुख रजनीश कुमार, प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक विकास कुमार झा, जिला सेवा कार्य प्रमुख प्रिंस प्रभाकर, नगर सह मंत्री हर्ष राज, राजेश कुमार एवं कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोड्डा में अडाणी फाउंडेशन द्वारा उत्कृष्ट महिला सम्मान कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गोड्डा।** जिले के डुमरिया स्थित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में आज अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के लिए एक विशेष सम्मान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिलाई प्रशिक्षण से जुड़ी महिलाएं, मास्टर ट्रेनर और अदाणी फाउंडेशन की टीम शामिल हुई। कुल करीब 80 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने महिलाओं के कार्यों की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और गरीब परिवारों की महिलाओं को सिलाई और स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास से गोड्डा जिले में पिछले 7 वर्षों में 2000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आज कई महिलाएं हर महीने 5 से 6 हजार रुपये तक की कमाई कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं। सिलाई से बने कपड़ों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे सभी ने खूब सराहा। बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं और मास्टर ट्रेनरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने अदाणी फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस पहल ने उनके जीवन में नया आत्मविश्वास और सम्मान दिया है। गोड्डा जिले में अदाणी फाउंडेशन की यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** थाना क्षेत्र के पिपरा स्थित पटेल चौक के समीप एनएच-31 पर बुधवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एमआर की मौत हो गई। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के चकमैसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमनहा गांव निवासी स्वर्गीय विजय कुमार चौधरी के 32 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। विशाल कुमार पेशे से एमआर थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार की शाम विशाल कुमार अपनी पत्नी और डेढ़ साल की बेटी के साथ बीहट स्थित ससुराल पहुंचे थे। वह अपने चचेरे ससुर के श्राद्ध कर्म में शामिल होने आए थे। बुधवार की सुबह पत्नी और बच्ची को ससुराल में छोड़कर वह बाइक से समस्तीपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बरौनी थाना क्षेत्र के पिपरा चौक के पास एनएच-31 पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए हास्पिटल पहुंचाया। जहां से डक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बाद में सदर अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले गौरव कुमार ने बताया कि श्राद्ध कर्म की प्रक्रिया अभी शुरू ही हुई थी कि इससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। विशाल की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी और उनकी एक डेढ़ साल की बेटी है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विधि व्यवस्था को लेकर 746 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में सरस्वती पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु 746 स्थलों पर सुरक्षा बलों एवं पुलिस पदाधिकारियों तथा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना 23 से 26 जनवरी 2026 तक के लिए किया गया है। जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी द्वारा आदेश जारी कर बताया गया की सरस्वती पूजा 23 जनवरी 2026 को मनाये जाने की सूचना है, तत्पश्चात सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन 24, और 25 जनवरी 2026 को किया जाना संभावित है। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष प्रतिमा विसर्जन के जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन निश्चित रूप से कर लेंगे, यदि मार्ग में कोई व्यवधान है तो उसे प्रतिमा विसर्जन से पूर्व क्लियर कराना सुनिश्चित करेंगे। यातायात प्रभारी इस दौरान स्वयं भ्रमणशील रहते हुए यातायात व्यवस्था संचालित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चले। अग्निशाम पदाधिकारी, दरभंगा पूजा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष में 23 से 26 जनवरी 2026 तक प्रतिमा विसर्जन तक के लिए अग्निशाम दस्ता की एक टुकड़ी मनीगाछी थाना पर एवं अग्निशाम की एक युनिट नियंत्रण कक्ष में तथा एक-एक युनिट की प्रतिनियुक्ति तैयारी हालत में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति करते हुए रिपोर्ट करायेंगे। अधिकारी द्वय ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति से निपटने की पुरी जिम्मेवारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक की होगी। प्रतिनियुक्त बल, पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी 22 जनवरी 2026 के प्रातः से पूजा की समाप्ति तथा मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्वक होने तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर बने रहेंगे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी/ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे।

## असामाजिक तत्वों पर प्रशासन रखेगा नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना परिसर में सरस्वती पूजा एवं शबे बारात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने की जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी बिणा भारती भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह, भड़काऊ संदेश या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि पूजा पंडालों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा गश्ती बढ़ाई जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी बिणा भारती ने जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की बैठक में मौके पर पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, मुखिया राम चंद्र सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं पूजा समिति के सदस्य सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# पुनपुन के मरांची में जनता दरबार, डीएम ने विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा

## जनता दरबार में आए 260 आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर पुनपुन प्रखंड के मरांची गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार झंडातोलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, ऐसे में तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिसको लेकर बुधवार को मरांची गांव में विभिन्न विभागों के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें तकरीबन 260 आवेदन प्राप्त किए गए, जहां पर आम जनता की समस्याएं सुनी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी, एवं उप विकास आयुक्त, एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ पुनपुन प्रखंड में अनेक क्षेत्रों का भ्रमण कर जनहित की विभिन्न विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया गया, तथा जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से



फीडबैक भी लिया गया। मौके पर मसौढी एसडीएम अभिषेक कुमार, पुनपुन बीडीओ, समेत सभी विभागों के पदाधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पदाधिकारियों को लोकहित की योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ क्रियानवित करने का निदेश दिया गया है। गौरतलब है कि पुनपुन के मरांची में लगाए गए जनता दरबार में पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, भवन निर्माण, ऊर्ज़ा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिक्षा, कृषि, राजस्व, कल्याण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, योजना एवं विकास, जीविका, नगर विकास, लोक शिकायत निवारण, विधि व्यवस्था, समाज कल्याण सहित विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी विभागों के अधिकारियों तथा अभियंताओं के साथ राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहित की लोक-कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की गई। गौरतलब है की सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम कर उनके जीवन को और आसान बनाने के लिए पटना जिलांतर्गत विभिन्न कार्यालयों में पदाधिकारियों द्वारा आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान की कार्रवाई की गई।

# सरस्वती पूजा : मसौढी अनुमंडल में 57 जगहों पर पुलिस व मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सरस्वती पूजा (बसंत पंचमी) को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने कमर कस ली है। जहाँ विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर कुल 57 संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके साथ ही अश्लील गाने और जबरन चंदा वसूली करने वालों पर नकेल, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई, दरअसल प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि जुलूस में डीजे और अश्लील गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही 23 जनवरी को पूजा के बाद 24 जनवरी तक हर हाल में प्रतिमा विसर्जन सुनिश्चित करना होगा। मसौढी अनुमंडल में 57 संवेदनशील स्थलों को चिह्नत किया गया है, जहां दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने साफ कहा कि बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के किसी भी कोचिंग संस्थान या सार्वजनिक स्थल पर प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकेगी। पूजा समितियों को अपने 20 कार्यकर्ताओं का आधार कार्ड थाने में जमा करना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। अवैध चंदा वसूली और शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है। उत्पाद विभाग को सघन छापेमारी का निर्देश दिया गया है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को विसर्जन मार्ग के जर्जर तारों को ठीक करने और अंचलाधिकारियों को घाटों पर गोताखोर व रोशनी की व्यवस्था करने का निर्देश मिला है। इसके साथ ही अनुमंडल कार्यालय मसौढी में कंट्रोल रूम स्थापित की गई है।

# हड़ताल के लिए इंडियन बैंक के कर्मियों ने भरी हुंकार

## महीने के हर शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित हिलसा अनुमंडल के हिलसा और कामता ब्रांच के अधिकारी व स्टाफ्स ने अखिल भारतीय बैंक एसोसिएशन के बैनर तले माह के सभी शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर कला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। हमारे द्वारा आईबीए को दिए गए हड़ताल नोटिस पर यूएफबीयू ओर से स्पष्ट किया कि वर्ष 2015 में दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश घोषित करने पर सहमति बनी थी और यह आश्वासन दिया गया था कि शेष दो शनिवारों को भी नियत समय पर अवकाश घोषित करने पर विचार किया जाएगा, लेकिन उसके बाद कुछ भी नहीं हुआ। पिछले दो वर्षों से यह मांग लंबित है। हमने जोर देकर कहा कि वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य में शेष दो शनिवारों को अवकाश घोषित करना अत्यंत आवश्यक है। इस सहमति के कार्यान्वयन में अत्यधिक विलंब को देखते हुए, हम हड़ताल स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार करने में असमर्थ हैं। अतः हमारी हड़ताल का आह्वान यथावत है। इसके मद्दे नजर आज कला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें हमारे यूनियन के प्रवंधक राहुल रंजन,अरविंद कुमार, विक्रम जी, अविनाश कुमार, नरेंद्र सिंह, विकाश कुमार व दर्जनों अन्य शामिल रहे।

# सीएम के समक्ष पुनपुन के मरांची में सिद्धेश्वर मांझी करेंगे झंडोत्तोलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रत्येक वर्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहीं ना कहीं एक महादलित टोले में जाकर गांव के सबसे बुजुर्ग महादलित के झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शिरकत करते हैं। ऐसे में पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत के मरांची गांव में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जहां इस बार मुख्यमंत्री के समक्ष मराची गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति सिदेश्वर मांझी उम्र 65 वर्ष पिता शिव मांझी मुख्यमंत्री के समक्ष झंडातोलन करेंगे। बुधवार को जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन ने सिद्धेश्वर मांझी से मुलाकात की और सभी चीजों के बारे में



अवगत करवाया गया, वहीं सिद्धेश्वर मांझी ने भी अपनी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष सुनाइ, सिद्धेश्वर मांझी का घर काफी पुराना और जीर्णशीर्ण अवस्था में है इनके पास आवास की मांग की है। बहरहाल मराची गांव में प्रस्तावित मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। सभी विभागों के पदाधिकारी जोर शोर से तैयारी लगे हुए हैं। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पूरे गांव में सभी योजनाओं की समीक्षा की गई है।

# मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान के दौरान 35 गांजे के पौधे किए गए नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को भगवानगंज पुलिस ने इंदों गांव में तकरीबन तीन दर्जन से अधिक हरे गांजे के पौधे को नष्ट किया गया है। दरअसल इन दिनों लगातार चलाये जा रहे ऑपरेशन नशे के कारोबार के खिलाफ के अभियान के दौरान पुलिस हर गांव में छापेमारी कर रहे हैं। उसी दौरान इंदो गांव में कई जगहों पर घर के बाहर एवं खलिहानों में हरे गांजे के पौधे कई लोगों ने लगा रखा था, जिसे पुलिस देखते हुए उसे नष्ट किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया की वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में इन दोनों मादक पदार्थ की बिक्री ढुलाई एवं



निर्माण के खिलाफ ऑपरेशन चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान हरे गंजे पौधे लगाने की सूचना मिली थी, जिसे सत्यापन करते हुए बुधवार को विनष्टीकरण किया गया है यह कार्रवाई निरंतर चलते रहेगी।

# अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में स्तनपान परामर्श केन्द्र की खुलेगी यूनिट

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्तनपान को बढ़ावा देने और माताओं को सही तकनीक सिखाने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में स्तनपान परामर्श केंद्र की यूनिट बहुत जल्द खुलने जा रहा है। जहाँ स्वास्थ्य संगठन माताओं को कई तरह की स्तनपान पोजीशन और तकनीकों के बारे में शिक्षित करेंगे ताकि माँ और बच्चे दोनों के लिए प्रक्रिया आरामदायक और प्रभावी हो। इन स्तनपान तकनीकों या पोजीशन के छह तरीकें बताये गये है जिनमें क्रेडल होल्ड जिसमें बच्चे के सिर को कोहनी के मोड़ में सहारा दिया जाता है। क्रॉस-क्रेडल होल्ड जिसमें बच्चे को विपरीत हाथ से




पकड़ा जाता है, जिससे सिर को बेहतर नियंत्रण मिलता है। फुटबॉल होल्ड/क्लटच होल्ड जिहमें बच्चे को माँ की बगल के नीचे रखा जाता है, जैसे फुटबॉल पकड़ी जाती है। यह सिजेरियन ऑपरेशन के बाद मददगार हो सकता है। साइड-लाइंग पोज़ीशन में माँ और बच्चा दोनों एक-दूसरे के सामने लेटे होते हैं एवं लेट बैक/रिक्लाइनिंग पोज़ीशन में माँ थोड़ा पीछे की ओर झुकी हुई अवस्था में होती है और बच्चा उसके पेट के बल लेटा होता है। स्टैंडिंग/अपराइट होल्ड में माँ खड़ी होती है और बच्चे को सहारे के साथ सीधे पकड़े रहती है (यह अक्सर बड़े बच्चों के लिए उपयोग किया जाता है)। बहरहाल कुल छह तकनीक के जरिए मां अपने बच्चों को स्तनपान कराती हैं जिसको लेकर अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में स्तनपान परामर्श केंद्र खोला गया है इसका विधवा तौर पर बहुत जल्द उद्घाटन होने वाला है।

# मसौढ़ी अनुमंडल में अब उर्दू में भी लिए जाएंगे आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में उर्दू भाषियों के लिए अच्छी खबर है, अब सरकारी कार्यालयों में हिंदी के साथ उर्दू में भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिससे उर्दू भाषा बोलने वालों को बड़ी राहत मिली है, अब उर्दू में दिए गए आवेदनों पर विभाग जवाब भी देगा और इसके साथ ही रजिस्ट्री कार्यालयों में उर्दू दस्तावेज़ों को प्राथमिकता मिलेगी, जिससे उर्दू अनुवादकों की मांग भी बढ़ी है। बहरहाल मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय में यह सूचना दीवाल पर चस्पा कर जारी की गई है। कि अब हिंदी के साथ उर्दू में भी आवेदन लिया जाएंगे, जिन्हें कोई मसला है तो उर्दू में अपना दरख्वास्त दे सकते हैं। जिनकी समस्याओं पर सुनवाई होगी। ऐसे में इस सरकारी पहल पर मसौढी जैसे क्षेत्र में उर्दू भाषियों के लिए और उर्दू के जानकर के लिए एक बेहतरीन पहल साबित होगी। इस पहल पर उर्दू के जानकार और उर्दू भाषा में पत्राचार करने वालों के सहूलियत हुई है। इसके साथ ही अनुमंडल प्रशासन को शुक्रिया भी अदा किया है कि अब उर्दू में भी आवेदन दिया जा सकेंगे। और इस आवेदन का जवाब भी उर्दू में ही दिया जाएगा

# छात्रों को मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभाव के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मोबाइल के बढ़ते प्रचलन और होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को लेकर बुधवार को मसौढी के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने मसौढी के स्कूल संत मेरिस स्कूल में अपनी पाठशाला लगाई, जहां छात्र-छात्राओं को न केवल मोबाइल एप्लीकेशन के प्रति जागरूक किया बल्कि बढ़ते दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया। दरअसल संतमेरीज विद्यालय में 'मोबाइल का छात्रों पर पड़ने वाले प्रभाव' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता के रूप में मसौढी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए मोबाईल के सदउपयोग पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने छात्रों को समय-प्रबंधन, अनुशासन, पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी की चर्चा करते हुए अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चचर्चा की। छात्रों में भी इस अवसर पर अपनी सक्रियता प्रदर्शित करते हुए प्रश्न पूछे जिनका पदाधिकारी महोदय में सहज-सरल शब्दों में उत्तर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक फादर पी. बासकर, शिक्षक रितेश आकार का, कन्हैया तिवारी एवं सेशेन जोसेफ उपस्थित रहे।

# कमला गंगा इंटरसिटी ट्रेन में स्वर्ण कारोबारी से लूटपाट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल अंतर्गत अपराधियों ने एक बार फिर रेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था को धता बता दिया है। पटना सिटी से बाढ़ तक का सफर कर रहे पिता-पुत्र पर चलती ट्रेन में हमला कर अपराधी सोने-चांदी के जेवर और करीब 57 हजार रुपये नकद लूट ले गए। घटना अथमलगोला स्टेशन की है, जहां सुरक्षाबलों की गैर-मौजूदगी का फायदा उठाकर अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। आपको बता दें कि ठीक आठ- दस महीने पहले भी इसी ट्रेन में ऐसी ही लूट हुई थी अचुआरा हाल्ट के पास सोने कारोबारी से ऐसा ही लूट हुई थी। जानकारी के अनुसार, बाढ़ निवासी अनिकेत कुमार अपने पिता दिलीप कुमार के साथ गाड़ी संख्या 15528 कमला गंगा इंटरसिटी एक्सप्रेस से पटना सिटी से बाढ़ जा रहे थे। रात करीब 7:18 बजे जैसे ही ट्रेन अथमलगोला स्टेशन पहुंची, कोच में घुसे दो अपराधियों ने लाठी-डंडों से पिता-पुत्र पर हमला बोल दिया। उसके बाद अपराधीयों ने उनके पास से सोने की चेन जो कि करीब 9.880 ग्राम, चांदी की पायल चार जोड़ी (वजन 120 ग्राम) और नकदी 57,000 लूट कर फरार हो गए। यह पहली बार नहीं है जब कमला गंगा इंटरसिटी में यात्रियों को निशाना बनाया गया हो। करीब सत्रह महीने पहले भी इसी ट्रेन में एक यात्री से लूटपाट की बड़ी वारदात हुई थी। उस वक्त भी रेल प्रशासन ने बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन हकीकत यह है की ट्रेन में सुरक्षा व्यवस्था आजतक नहीं बढ़ाई गई।रेल प्रशासन की इसी सुस्ती का फायदा अपराधी फिर उठा ले गए। घटना के राजकीय रेल पुलिस बाढ़ व रेलवे सुरक्षा बल बख्तियारपुर की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। रेल पुलिस के अनुसार, पीड़ित अनिकेत पटना के बाकरगंज स्थित 'गणेश ज्वैलर्स' में काम करता है और सामान पहुंचाने लखीसराय जा रहा था। फिलहाल एएदृठु फुटेज खंगालने की बात कही जा रही है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। अथमलगोला रेलवे स्टेशन से रोजाना सफर करने वाले कुछ यात्रियों की माने तो वो रोज की तरह मंगलवार को भी उक्त में सवार हुए और ट्रेन एक दो मिनट के बाद खुल गई और कुछ मिनटों में बाढ़ स्टेशन भी पहुंच गई लेकिन कहीं से कोई कोच में हल्ला/हंगामा जैसा प्रतीत नहीं हुआ। पीड़ित को भी बहुत मामूली चोट आई है जिसने इस घटना की संदिग्धता को जन्म दिया है। बहरहाल राजकीय रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल की टीम हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## विद्यालय में जीर्णोद्धार मद की राशि आवंटन की मांग

**भगवानपुर।** प्रारंभिक स्कूलों से उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में अब तक जीर्णोद्धार मद की राशि आवंटित नहीं की गई है। बिहार सरकार ने शिक्षा बजट में वित्तीय वर्ष 2025 26 के लिए प्रत्येक विद्यालय 50 हजार रूपए देने का प्रावधान किया लेकिन बेगूसराय जिले के किसी भी विद्यालय में जिला शिक्षा विभाग की ओर से उक्त राशि आवंटित नहीं की गई है।

# एलएनएमयू में संगीत विभाग की समस्या होगी दूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** एलएनएमयू में बुधवार को कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आहूत अभिषद की बैठक महत्वपूर्ण रही। इस बैठक में बजट के साथ ही प्रशासनिक और शैक्षणिक मुद्दों से संबंधित पटल पर रखे मदो के संवर्द्धन हेतु सदस्यों ने अपने विचार रखें। सिंडिकेट सदस्य सांसद गोपालजी ठाकुर ने पटल पर एलएनएमयू अंतर्गत डब्लूआईटी में आधारभूत संरचना को विकसित करने की दिशा में किए गए प्रयासों, बिरौल सरीखे मुख्यालय से सुदूर अंगीभूत कॉलेजों में इंटीग्रेटेड बीएड प्रोग्राम कोर्स संचालित करने और सीएम लॉ कॉलेज में इंटीग्रेटेड एलएलएम, पीएचडी कोर्सेज शुरु करने संबंधित प्रश्न उठाए। इसके अलावा श्री ठाकुर ने मनोकामना मंदिर के दक्षिण में अवस्थित पार्क के सौंदर्यीकरण एवं इंडोर स्टेडियम निर्माण की प्रगति प्रतिवेदन पर भी अपनी बात रखी। पटल पर रखें प्रश्नों के जवाब में डब्लूआईटी निदेशक ने संस्थान की शैक्षणिक और संरचनात्मक विकास की ओर सदस्यों का ध्यानाकर्षण करते हुए बताया कि संस्थान की कुल 22 एकड़ जमीन में 10 एकड़ अधिग्रहित कर 200 बेड का छात्रावास, आईटी पार्क, सोलर पैनल, कैंटीन जैसी सुविधाओं पर कार्य जारी है। स्मार्ट क्लास रूम के साथ ही केमिस्ट्री लैब और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधित लैब्स को भी विकसित किया जा रहा है। लॉ कॉलेज में नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की योजना पर कार्य जारी है। विधि संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु चार वरिष्ठ अधिवक्ताओं को दायित्व भी सौंपा गया है। इंडोर स्टेडियम और एक हज़ार सीटिंग कैपेसिटी वाले खेल मैदान का कार्य निर्बाध गति से चल रहा है। नैक प्रत्यायन के पश्चात पाठ्यक्रम, अनुसंधान, आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट लैब्स के सकल मूल्यांकन रिर्पोट के बाद इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स संचालित की जाएंगी। 28 जनवरी को सीनेट बैठक में वित्तीय परामर्शी द्वारा दिए जाने वाले बजट अभिभाषण पर विचार करते हुए सिंडिकेट सदस्यों ने संबंधित राशि के आय- व्यय का स्रोत बजट में इंगित करने की सलाह दी। बिहार अधिनियम 1976 की धारा 47(3) के अंतर्गत वित्त समिति द्वारा अनुशंसित विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2026- 2027 के लिए प्रस्तावित आय - व्यय पर विचार करते हुए सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। इस बैठक में राज्य सभा सांसद फैय्याज अहमद, प्रो बैद्यनाथ चौधरी 'बैजू', प्रो दिलीप कुमार चौधरी, प्रो अशोक मेहता, प्रो विजय कुमार यादव थे।

# सुरक्षा को लेकर पुलिस कर रही सुनसान रास्तों पर पहरा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस इन दोनों एक्टिव मोड में नजर आ रही है। दरअसल शाम ढलते ही खासकर सुनसान इलाके वाले रास्ते में पुलिस ने अपना पहरा बिठा दिया है। पुनपुन पुलिस की माने तो दिन भर बाजारों में काम करने वाले लोग शाम ढलते ही जब घर की ओर रुख करते हैं तो सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर अपराधी कई अपराधी घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे में बाजार ,फोरलेन, हाईवे के अलावा अब सुनसान वाले रास्ते में भी सघन चेकिंग अभियान लगाया जा रहा है ताकि इस रास्ते से गुजरने वाले कोई भी अकेले व्यक्तियों को सुरक्षित माहौल मिल सके, पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस हाई अलर्ट पर है। इसके अलावा विभिन्न संवेदनशील जगहों पर पुलिस का सख्त पहरा बिठा दिया गया है। इसके अलावा मादक पदार्थ के खिलाफ भी विभिन्न मुसहरी एवं शराब बनाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा पुनपुन चौक, चौराहा फोरलेन, लक्ष्मण झूला समेत विभिन्न जगहों पर पेट्रोलिंग को सख्त कर दी गई है। लेकिन इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान सुनसान रास्ते तंग गलियों को भी पुलिस की पैनी नजर हैं। ताकि कोई अपराधी अपराध की घटना को अंजाम ना दे सके और आम अवाम को सुरक्षित माहौल बन सके।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/732, दिनांक 20.01.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3388-आर1; कार्य का नामः** सीनि. डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन बाली गुड्स शेड के उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के लिए विद्युतीय सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 54,37,644; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,08,800; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3525; कार्य का नामः** ट्रैक मशीन साइडिंगों (ईआई)-27 अदद के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,54,84,886; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 2,77,400; **समापन अवधिः** दोनों के लिए 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** दोनों के लिए 12.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-554/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 253_2025-26, दिनांक 20.01.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **(एक्सईएन/बीआरएल/हावड़ा): कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल के एचबीसी में मधुसूदनपुर-चंदनपुर स्टेशनों के बीच अप-1/एचबीसी एवं डाउन-1/एचबीसी के पुल सं. 62 (3x12.2 मी, वेल्डेड प्लेट गर्डर) के वर्तमान स्टील गर्डर का पीएससी स्लैब द्वारा प्रतिस्थापन। **अनुमानित लागतः** रु. 1,96,07,176.10; **बयाना राशिः** रु. 2,48,000। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 10.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-552/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा संस्कृत विश्वविद्यालय : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बुधवार को संस्कृत विश्वविद्यालय आये बिहार सरकार के शिक्षा सचिव वैद्यनाथ यादव को कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने भरोसा दिलाया है कि सरकार के सभी आदेशों-निर्देशों को पालन करने में विश्वविद्यालय कोई कोताही नहीं करेगा। डिजिटल प्लेटफार्म समर्थ पोर्टल की प्रासंगिकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम के सिलसिले में सचिव विश्वविद्यालय आये थे। उन्होंने कुलपति प्रो. पांडेय से इसके अलावा शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ी सभी जानकारियां ली। कुलपति ने भी विश्वविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि से उन्हें वाकिफ कराया। कुलपति कार्यालय कक्ष में उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि इसी क्रम में विश्वविद्यालय मुख्यालय के दरबार हॉल में समर्थ पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर पटना शिक्षा विभाग की टीम ने सभी कर्मचारियों को पोर्टल की विशेषता, उपयोगिता व प्रासंगिकताओं को विस्तार से बताया। टीम सदस्या नॉडल प्रो. स्निग्धा ने कहा कि विश्वविद्यालय के अब सभी प्रशासनिक व शैक्षणिक कार्य पोर्टल के 44 मोड्यूल द्वारा ही सम्पादित किया जाना है। इसको लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति दूर कर लेनी होगी। विभाग इस मामले में काफी संवेदनशील है। इसलिए आप सभी को भी पोर्टल को व्यवहार में लाना शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने ध्यान दिलाया कि यह छात्रों के प्रवेश, परीक्षा, परिणाम, प्रमाणपत्र समेत अन्य डेटा और प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करता है। साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों के तम्माम रिकॉर्ड को प्रबंधित करने का भी काम करता है जिससे पारदर्शिता और दक्षता बढ़ती है।

# लंबित मामलों के निष्पादन से विकास को मिलेगी गति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकासात्मक परियोजनाओं से संबंधित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित विकासात्मक एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल सहित उपस्थित रहे। बैठक के दौरान औरंगाबाद जिला में संचालित प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं, विशेषकर भू-अर्जन से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति, लंबित मामलों, मुआवजा भुगतान की स्थिति एवं भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पर विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा भू-अर्जन से जुड़ी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, समयबद्ध निष्पादन एवं प्रभावित रैयतों को शीघ्र मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव द्वारा की गई समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन से संबंधित सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकासात्मक परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी कहा कि रैयतों के हितों की रक्षा करते हुए नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत भू-अर्जन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने, नियमित अनुश्रवण करने तथा माननीय मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में यह स्पष्ट किया गया कि जिला प्रशासन विकास कार्यों को गति देने एवं जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# सड़क हादसे में चाचा-भतीजा समेत तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चाचा-भतीजा समेत तीन की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दाउदनगर-गोह-गया मुख्य मार्ग पर एनएच-120 मखरा-सिहाड़ी गांव के बीच बाइक सवार चाचा-भतीजा की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के तेलपा थाना रामपुर चाय निवासी उस गांव निवासी 36 वर्षीय बिनकिटेश कुमार एवं 19 वर्षीय हर्ष कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों श्राद्ध कर्म में शामिल होने रिश्तेदार के घर गए थे। वहां से दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में एक ऑल्टो कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतना जोरदार थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरा जिसमें बिनकिटेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हर्ष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तुरंत अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर पहुंचाया जहां हर्ष ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि चाचा-भतीजा औरंगाबाद के बारुण थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में गए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों बाइक से वापस अपने पैतृक गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दाउदनगर थाना क्षेत्र के मखरा और सिहाड़ी गांव के बीच सामने से आ रही एक ऑल्टो कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया सड़क दुर्घटना में चाचा-भतीजा की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं देव थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बेलवा डुमरी गांव निवासी कारू भुईयां के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार कारू भुइयां किसी काम से देव बाज़ार गए थे। बाज़ार से वापस घर लौटने के दौरान उस जगह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दुर्घटनाओं की रोकथाम में चालकों का स्वस्थ व सतर्क होना आवश्यक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को चालकों के लिए स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में सम्राट अशोक भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में चालकों का स्वस्थ एवं सतर्क होना अत्यंत आवश्यक है। नियमित स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है, बल्कि चालकों की कार्यक्षमता एवं जागरूकता में भी वृद्धि होती है। उद्घाटन के पश्चात आयोजित जांच शिविर में कुल 73 चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान चालकों की आंखों की रोशनी, रक्तचाप सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सुरक्षित वाहन संचालन, यातायात नियमों के पालन एवं सतर्क ड्राइविंग के संबंध में आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, चालकों को फिट एवं सतर्क रखने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के जनहितकारी एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# नए साथियों के जुड़ने से संगठन को मिलेगी मजबूती : प्रमोद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के सत्येंद्र नगर स्थित रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह के आवास पर मिलन समारोह सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों से सैकड़ों लोगों ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ली। जिले के राजनीतिक इतिहास में यह पहली बार देखने को मिला जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास का काम और उनकी नीतियों पर भरोसा जताते हुए जदयू की सदस्यता ली। रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह और जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने पार्टी में शामिल हुए सभी नए सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनके प्रति आभार प्रकट किया। विधायक प्रमोद सिंह ने कहा कि सामान्यतः कोई भी सरकार पांच साल सत्ता में रहने के बाद एंटी इनकैंबेंसी का सामना करती है, लेकिन जदयू का बढ़ता कारवां हमारे नेता की करिश्माई व्यक्तित्व का असर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चहुमुखी विकास हुआ है और जनता यह भली-भांति जानती है कि अन्य दलों के पास बिहार को देश की अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने की कोई ठोस सोच नहीं है। विधायक ने विश्वास जताया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं के पार्टी से जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा और विकास को नई दिशा मिलेगी। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों में निष्ठा जताते हुए कहा कि नए साथियों के आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आधी आबादी को आवाज दिया और उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस के पूर्व आईटी सेल अध्यक्ष रवि सिंह राजपूत ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को अंधकारमय दौर से बाहर निकाला और राज्य को अराजकता और नक्सलवाद से मुक्त कराया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के विकास में रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह के नेतृत्व में हम सभी सहभागी बनेंगे। इसी विश्वास और उम्मीद के साथ उन्होंने अपने समर्थकों सहित जदयू की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और मजबूत करने और विकास के काम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# विभिन्न अपराधों में 49 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर जिला पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 49 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 27 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 1, हत्या के प्रयास में 17, शराब कांड में 11 एवं अन्य शीर्ष कांड में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 118.40 लीटर देसी शराब, 48.30 लीटर विदेशी, 1 बाइक, एवं साईबर थाना द्वारा 80000 रूपये बरामद किया गया है। 6 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 953 वाहनों की जांच की गई जिसमें 45500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 27 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# देश की दशा व दिशा बदलने में नितिन नबीन का रहेगा योगदान

## ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के रामनगर पंचायत अंतर्गत ग्राम गम्हरिया के भगीना कायस्थ रत्न नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस ने बधाई है। जिला मुख्यालय स्थित उनके मामा अधिवक्ता अजय कुमार संतोष के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बातचीत के दौरान उनके मामा ने बताया कि वे बचपन से ही अपने पिता के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाना, कॉलेज के दिनो में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन कई बड़े पदों पर अपने कार्य का निर्वहन करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के भी राष्ट्रीय स्तर के अधिकारी रहे। इन सभी पदों पर अपना परचम लहराने का एक ही कारण था कि वे बचपन से ही एक कुशल नेतृत्वकर्ता रहे। मात्र 45 वर्ष के उम्र में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद को प्राप्त करना बहुत खुशी की बात है। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर कमल किशोर ने बताया कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद देश की दशा और दिशा दोनों को बदलने में इनका योगदान रहेगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से खादी ग्रामोद्योग के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के औरंगाबाद जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, श्रीराम अम्बष्ट, सुनील कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, अभय सिन्हा और ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस औरंगाबाद के जिला मीडिया प्रभारी दीपक बलजोरी शामिल रहे।

# जिले के चार पैक्सों में चुनाव को लेकर नामांकन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** पैक्स चुनाव (प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति) के लिए नामांकन के पहले दिन बुधवार को पैक्स अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। काफी संख्या में समर्थकों के साथ सदर प्रखंड क्षेत्र के बड़वां पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए राजू कुमार ने अपना नामांकन कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पैक्स के योजना को धरातल पर उतारने को लेकर प्रयासरत हैं। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी रमन सिन्हा ने जानकारी देते बताया की पहले दिन बड़वां पंचायत से राजू कुमार ने नामांकन अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरा। उन्होंने बताया कि 24 से 27 जनवरी के बीच नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसके बाद 29 जनवरी को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उसी दिन सभी प्रत्याशियों को चुनाव प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। छह फरवरी को सुबह 7:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान खत्म होने के बाद उसी दिन संध्या में मतगणना की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पैक्स चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के लोभ-लालच या प्रलोभन देकर प्रभावित करने वाले प्रत्याशियों अथवा उनके समर्थकों के खिलाफ विधि सम्मत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के बलिया, सुही और भरौंधा पंचायतों में अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा भरा। प्रारंभिक चरण में अध्यक्ष पद के लिए बलिया पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष कपिलदेव पांडेय, भरौंधा पैक्स से नीतीश कुमार और सुही पैक्स से उमेश यादव, दिनेश यादव, धर्मेंद्र कुमार व रूबी देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इससे अध्यक्ष पद के चुनाव में त्रिकोणीय से लेकर बहुकोणीय मुकाबले की संभावना बनती दिख रही है। इसी क्रम में कोटिवार सदस्य पद के लिए भी कई प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। सुही पैक्स से सामान्य सदस्य पद के लिए रामाधार सिंह, मृत्युंजय कुमार और अनुज सिंह ने पर्चा भरा है। सामान्य महिला सदस्य पद से बेला देवी और सोनी देवी ने नामांकन किया है। पिछड़ा वर्ग से रामप्रवेश यादव, अतिपिछड़ा वर्ग से गीता देवी, अनुसूचित जाति पुरुष कोटे से अशोक कुमार रवि और उत्तम राज देवी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया है। बलिया पैक्स से सामान्य कोटि में सदस्य पद के लिए अरविंद सिंह, पिछड़ा वर्ग से कृष्णा महतो, अतिपिछड़ा वर्ग से राजेंद्र प्रजापति व अनुसूचित जाति कोटे से बैजंती देवीौर भोला भुइंया ने नामांकन प्रपत्र जमा किया है। नामांकन के दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रत्याशियों के समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई, जिससे चुनावी माहौल जीवंत नजर आया।

# औरंगाबाद पॉलिटेक्निक कालेज ने 14 स्वर्ण व 9 रजत पदक जीत किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद के व्याख्याता एवं छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 14 स्वर्ण पदक एवं 9 रजत पदक जीतकर मगध कमिश्नरी स्तर पर सभी संस्थाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला संस्थान बना। इन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। विदित हो कि विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग बिहार सरकार के तत्वाधान में राजकीय पॉलिटेक्निक गया द्वारा चार दिवसीय मगध कमिश्नरी स्तरीय उमंग खेल, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया था। प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के वॉलीबॉल बालक वर्ग में कप्तान एवं खिलाड़ी रौशन, आशुतोष, बादल, दिव्यांशु, पियूष, रोहित, निशांत एवं अन्य ने स्वर्ण पदक, बैडमिंटन बालिका वर्ग में जया, वंदना ने स्वर्ण पदक, 400 मीटर रिले बालक वर्ग में अनुराग, राज गर्ग, मंचल, रौशन ने स्वर्ण पदक, 400 मीटर रिले बालिका वर्ग में रूबी, संध्या, सुप्रिया, आराधना ने स्वर्ण पदक, कैरम बालिका वर्ग में संध्या, प्रज्ञा ने स्वर्ण पदक, लॉन्ग जंप बालक वर्ग में अमित ने रजत पदक, लॉन्ग जंप बालिका वर्ग में रूबी ने स्वर्ण पदक, हाई जंप बालिका वर्ग में प्रज्ञा ने स्वर्ण पदक, डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में अमित ने रजत पदक, डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में पल्लवी ने रजत पदक, 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में रूबी ने स्वर्ण पदक, सुप्रिया ने रजत पदक, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मंचल ने स्वर्ण पदक, अनुराग ने रजत पदक, 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में रूबी कुमारी ने स्वर्ण पदक, समूह चर्चा में आदित्य प्रताप ने स्वर्ण पदक, वाद-विवाद प्रतियोगिता में जया, आलोक कुमार राजन ने स्वर्ण पदक, पोस्टर मेकिंग में नंदिनी ने रजत पदक जीता। इसके अलावा शिक्षक वर्ग से शतरंज पुरुष वर्ग में गौरव शाह ने स्वर्ण पदक, शतरंज महिला वर्ग में आकांक्षा, आंचल मौर्या ने स्वर्ण पदक, कैरम महिला वर्ग में रजत पदक, बैडमिंटन महिला वर्ग में उपविजेता एवं वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में उपविजेता रहा।

# इंजीनियरिंग कॉलेज को मिला तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप सेल अवार्ड

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और नवाचार आधारित उपलब्धियों से राज्य और देश स्तर पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। वर्ष 2025 के उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल को बिहार सरकार द्वारा बिहार का तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप सेल अवार्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान बिहार सरकार के उद्योग मंत्रालय द्वारा दिया गया। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप बिहार योजना के अंतर्गत राज्य भर में कुल 46 स्टार्टअप सेल संचालित हैं जिनमें यह उपलब्धि हासिल करना अपने आप में बड़ी सफलता मानी जा रही है।






# विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत बुधवार को जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के द्वारा में सम्राट अशोक भवन, औरंगाबाद में संपन्न हुआ। आयोजन के अंतर्गत पेंटिंग, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के युवाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिताओं में पेंटिंग प्रतियोगिता में 43, रंगोली प्रतियोगिता में 37 तथा क्विज प्रतियोगिता में 47 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस प्रकार कुल 127 प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रतिभागियों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों पर रचनात्मक, संदेशपरक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनके माध्यम से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर प्रभावी संदेश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है तथा ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदार नागरिकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सड़क सुरक्षा से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन से उपस्थित जनसमूह में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। जिला प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269